ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 21 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 228 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00





ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता ... पेज 12 पर


## NEWS इन ब्रीफ

### ईडी ने अवैध खनन में बच्चू यादव के दोनों भांजों को भेजा समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज के गोरा संजय और काला संजय को एक नया समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें साहिबगंज के अवैध खनन मामले में 27 सितम्बर को ईडी के रांची जोनल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले भी ईडी ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन दोनों उपस्थित नहीं हुए। गोरा संजय और काला संजय बच्चू यादव के भांजे हैं। ईडी को जानकारी मिली है कि बच्चू यादव की अवैध खनन से अर्जित संपत्ति का निवेश उसके दोनों रिश्तेदारों ने किया है। ईडी ने बैंक खातों के ट्रांजेक्शन से जुड़े साक्ष्य और निवेश की जानकारी जुटाई है। इसी आधार पर दोनों को ईडी ने समन किया है।

### प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने बुधवार को जमीन घोटाले के आरोपित प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व 14 सितम्बर को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामले में अदालत ने आज फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। प्रेम प्रकाश की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की।

### ट्रेन की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**दुमका।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के चोरबटिया गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के चरकटांड गांव निवासी रामदुलार सिंह की पुत्री पिंकू कुमारी के रूम में की गई। जानकारी के अनुसार बच्ची बुधवार सुबह शोच के लिए निकली थी। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

### अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में हुई गवाही, सुनवाई 29 को

**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े अभिनेत्री अमीषा पटेल के मामले में बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह की ओर से गवाही हुई। मामले में प्रतिवादी बनाए गये कुणाल ग्रोमर की ओर से उसका प्रति परीक्षण किया गया। अमीषा के अधिवक्ता जय प्रकाश ने अदालत से मामले में समय की मांग की। अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि मामले में सीनियर अधिवक्ता प्रति परीक्षण करेंगे। इस पर अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अंतिम मौका दिया जा रहा है। इसके बाद अदालत ने 29 सितम्बर की तिथि निर्धारित की।

## झारखंड में कुड़मी समाज का रेल रोको आंदोलन

### चांडिल में लाठीचार्ज धारा 144 लागू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में और कुड़माली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बुधवार को कुड़मी संगठनों ने रेल टेका, डहर छेंका (रेल रोको-रास्ता रोको) आंदोलन शुरू किया। कुड़मियों के इस आंदोलन का असर झारखंड में व्यापक रूप से दिख रहा है। हालांकि, झारखंड पुलिस आंदोलन को लेकर काफी अलर्ट है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

सरायकेला-खरसावां जिले में कुड़मी आंदोलनकारी नीमडीह स्टेशन के अंदर जाने की जिद पर अड़ गए। कुड़मियों ने पथराव भी किया, जिसके बाद पुलिस ने आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस के लाठीचार्ज से आंदोलनकारी भागने लगे। कुछ आंदोलनकारी घायल भी हो गए, जिन्हें समाज के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह ले गए। घटना के बाद चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, दंडाधिकारी सह सीओ सह बीडीओ संजय पांडे घटना स्थल पर पहुंचे और माइकिंग कर आंदोलकारियों को धारा 144 के बारे में बताया।

लाठीचार्ज के बाद नीमडीह रेलवे फाटक के दोनों ओर किसी भी व्यक्ति के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। इलाके में नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान, चांडिल के जीआरपी रमेश कुमार, जिला पुलिस बल, आरपीएफ और जीआरपीएफ मोर्चा संभाले हुए हैं। राज्य के विभिन्न स्टेशनों के आसपास का इलाका पुलिस छावनी तब्दील कर दिया गया है।

उधर, पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा स्टेशन और गोमो स्टेशन में रेल चक्का जाम कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे आंदोलनकारियों को पुलिस ने रोका तो कुड़मी समाज के सदस्य की पुलिस के साथ बकझक हो गयी। इस दौरान सोनुआ थाना प्रभारी सोहनलाल से आंदोलनकारियों ने रोकने का कारण पूछा और शेष पृष्ठ 11 पर

#### बुधवार को कैंसिल रही ट्रेनें

- ट्रेन संख्या 15027 हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन
- ट्रेन संख्या 13403 रांची-भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन
- ट्रेन संख्या 15661 रांची-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन

## मुख्यमंत्री ने सहायक अभियंता के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरही के भवन निर्माण कार्य के क्रियान्वयन में सरकारी पद का दुरुपयोग, आपराधिक षडयंत्र धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सरकारी राशि के गबन करने के अभियुक्त सुनील कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण विशेष प्रमंडल के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति का आदेश दिया है।

#### बरही में दर्ज हुआ है मामला

**वादी** डुमरीडीह कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के बयान के आधार पर उपरोक्त वर्णित अभियुक्त के विरुद्ध हजारीबाग जिलान्तर्गत बरही थाना कांड संख्या-379/2013 धारा 406 के अंतर्गत दर्ज किया गया है एवं अनुसंधान के क्रम में धारा-34 का समावेश किया गया है।

#### 17 लाख से अधिक राशि के गबन का आरोप

**मामले** में वादी द्वारा इस प्रमंडल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही के भवन निर्माण कार्य मद में विभागीय तौर पर अग्रिम राशि देकर कार्य कराया जा रहा था। अभियुक्त के द्वारा वर्णित कार्य के विरुद्ध एक करोड़ 27 लाख रुपये मात्र अग्रिम राशि ली गई थी। एक करोड़ 27 लाख रुपये अग्रिम के विरुद्ध एक करोड़ नौ लाख 84 हजार 837 सौ रुपये समायोजन किये जाने के पश्चात शेष असमायोजित राशि 17,17,167 रुपये अभियुक्त के नाम पर अभी तक लंबित पाया गया जो सरकारी राशि के गबन का मामला बनता है।

# लोस में महिला आरक्षण बिल पास



### दो तिहाई बहुमत से पास हुआ बिल

### पक्ष में 454 वोट पड़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) बुधवार को लंबी चर्चा के बाद तो-तिहाई बहुमत से लोकसभा से पास हो गया। बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पर्ची से वोटिंग कराई। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी और औरंगाबाद से सांसद इम्तियाज जलील ने महिला आरक्षण बिल के विरोध में वोट किया।

आज को इस बिल को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। महिला आरक्षण बिल नई संसद के लोकसभा में पास हुआ पहला बिल भी है। महिला आरक्षण बिल के मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।

#### ओबीसी कोटा बिना ये बिल अधूरा : राहुल

**महिला** आरक्षण बिल पर लोकसभा में हुई डिबेट में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने इस दौरान ओबीसी को भी इस बिल में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण बिल अधूरा है। राहुल गांधी ने कहा, मेरे विचार से यह विधेयक आज ही लागू किया जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़ने के मकसद से तैयार नहीं किया गया है।

#### कानून मंत्री ने क्या कहा

**केंद्रीय** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि परिसीमन को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है। परिसीमन के सेक्शन 8 और 9 में ये कहा गया है कि संख्या देकर ही निर्धारण होता है। इन तकनीकी चीजों में हम जाएंगे तो आप चाहते हैं कि ये बिल फंस जाए। लेकिन हम इस बिल को फंसने नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है कि महिला आरक्षण का विषय हॉरिजोन्टल भी है और वर्टिकल भी है। अब तुरंत तो परिसीमन, जनगणना नहीं हो सकती।

#### तीन दशक से अटका था महिला आरक्षण बिल

**संसद** में महिलाओं के आरक्षण का प्रस्ताव 3 दशक से अटका हुआ था। पहली बार 1974 में महिलाओं की स्थिति का आकलन करने वाली समिति ने इस मुद्दे को उठाया। इसके बाद 2010 में मनमोहन सरकार ने राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण बिल को बहुमत से पारित करा लिया था। लेकिन तब सपा और आरजेडी ने महिला आरक्षण बिल का विरोध किया। दोनों पार्टियों ने तत्कालीन यूपीए सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दे दी थी। इसके बाद बिल को लोकसभा में पेश नहीं किया गया।

#### महिला आरक्षण बिल कानून बन भी गया तो क्या फंसा है पेंच

**आला** सरकारी सूत्र के मुताबिक, महिला आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से संभव हो सकता है। आरक्षण को अमली जामा पहनाने के लिए लंबी संवैधानिक प्रक्रिया है। इस बिल को 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की जरुरत नहीं है। यानी संसद से पास होने और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ये कानून बन जाएगा। लेकिन सरकार सबसे पहले नागरिकता संशोधन कानून के रूल्स नोटिफाई करेगी। इसके बाद जनगणना का काम शुरू होगा। उसके बाद परिसीमन आयोग लोकसभा और विधानसभा परिसीमन का काम पूरा करेगा। महिला आरक्षण कानून जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू होगा।

#### गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के सवालों का दिया जवाब

महिला आरक्षण बिल पर वोटिंग से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के सवालों का जवाब दिया। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने बेटी पढ़ाओ बेटी शेष पृष्ठ 11 पर

## पाकुड़ः हत्या का आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार

## छह पुलिसकर्मी निलंबित थानेदार लाइन हाजिर

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**

पत्नी की हत्या के आरोप में पकड़ा गया कबीरुल शेख मंगलवार देर रात पुलिस कस्टडी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है लेकिन अबतक कोई सुराग नहीं मिला है। इस मामले में थानेदार समेत सात पुलिसकर्मी लापरवाही के दोषी पाये गए हैं। दोषी दो हवलदार समेत छह पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। थानेदार को फिलहाल लाइन हाजिर किया गया है। पाकुड़ एसपी हरदीप पी जनार्दन ने बुधवार को बताया कि हत्या के आरोप में मालपहाड़ी ओपी पुलिस ने आरोपित कबीरुल शेख को गिरफ्तार किया था, जो मंगलवार की रात फरार हो गया। थानेदार समेत अन्य पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आयी है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल मामले की जांच कर रहे हैं। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि जांच रिपोर्ट सौंप दी गई है। थानेदार समेत सात पुलिसकर्मी लापरवाही के दोषी पाये गए है। दोषी दो हवलदार समेत छह पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। थानेदार को फिलहाल लाइन हाजिर किया गया है। बताया गया है कि बीते मंगलवार को चेंगाडांगा गांव निवासी सुंदरी का निकाह पास के ही गांव ऑटोगली के कबीरुल शेख के साथ हुआ था। सुंदरी वर्तमान में मायके में रह रही थी। शेष पृष्ठ 11 पर

## आशुलिपिक की परीक्षा लेगा जेएसएससी, अधिसूचना जारी

**रांची।** झारखंड के अधीन आशुलिपिक सेवा संवर्ग के कर्मियों की नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधित नियमावली-2023 गठित कर दी गयी है। इस संबंध में बुधवार को राजस्व भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत आशुलिपिक के नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटर होना आवश्यक रखा गया है। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त कर लेना होगा। पूर्व में झारखंड के ही शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक-इंटर पास होना अनिवार्य था, जिसे अब विलोपित कर दिया गया है। इसके अलावा अब मेघा सूची के बजाए आशुलिपिक के पद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर भरा जायेगा।

## कांके गोलीबारी मामला : महिला सहित 12 गिरफ्तार, हथियार और कई वाहन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

14 सितंबर को रांची में जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर हुई दिनदहाड़े गोलीबारी मामले में पुलिस ने बड़ी कारवाई की है। गोलीबारी मामले में पुलिस ने एक महिला सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी 12 अवधेश की हत्या की साजिश रचने में शामिल थे, लेकिन छह गोलियां लगने के बावजूद अवधेश यादव बच गए थे।अभी भी अवधेश अस्पताल में इलाजरत हैं।



#### चार हथियार और 16 मोबाइल बरामद

पुलिस ने छापेमारी के दौरान अपराधियों के पास से चार हथियार के साथ 16 मोबाइल भी जब्त किया है। इस मामले में अभी भी पांच आरोपी फरार चल रहे हैं जिनमें गोली मारने वाले दोनों शूटर भी शामिल है।

#### चितरंजन ने रची थी साजिश, पत्नी और बेटा भी हुए गिरफ्तार

रांची के सिनियर एसपी चंदन सिन्हा ने बताया की अवधेश यादव और चितरंजन के बीच ढाई एकड़ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। चितरंजन और अवधेश पूर्व में पार्टनर थे ,दोनो एक साथ जमीन का काम किया करते थे। लेकिन कांके के जगतपुरम स्थित जमीन को लेकर दोनो में विवाद हो गया था। जिसके बाद चितरंजन ने अवधेश की हत्या की साजिश रच डाली। अवधेश की हत्या की प्लानिंग में शेष पृष्ठ 11 पर

## 4 उपायुक्तों को मिली आपराधिक गतिविधियों को रोकने की शक्ति

**रांची।** बढ़ते अपराध और नक्सल गतिविधियों को लगाम के लिए चार जिलों के उपायुक्तों को शक्ति दी गयी है। जमशेदपुर, सिमडेगा, रामगढ़ व गढ़वा जिले के उपायुक्तों सह जिला दंडाधिकारी के पत्र के आलोक में यह कार्रवाई की गयी है। गृह विभाग के इस स्तर पर विमर्श हुआ, जिसमें यह बात सामने आयी कि इन जिलों में सामान्य दंड संहिता के सिर्फ उपयोग से अपराध या नक्सल गतिविधियों में शामिल लोगों पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता है। इसलिए अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 का उपयोग करते हुए चारों जिलों के डीसी को धारा 12 (2) से सीसीए लगाने का अधिकार दिया गया है। इस संबंध में बुधवार को अधिसूचना जारी की गयी है। यह शक्ति अगले तीन माह के लिए दी गयी है।

## सांसद-विधायक का सदन में वोट के बदले रिश्वत लेना अपराध है या नहीं

## अपने फैसले पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान बेंच इस बात पर विचार करेगी कि क्या कोई विधायक या सांसद विधानसभा या संसद में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में मुकदमे की कार्रवाई से छूट का दावा कर सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान बेंच ने ये फैसला लिया।

कोर्ट ने सात जजों के पास भेजते हुए कहा कि यह राजनीति की नैतिकता पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाला एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के पीवी नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले पर फिर से विचार करने का फैसला लिया है। सात सदस्यों की ये बेंच 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट की समीक्षा करेगी जिसके मुताबिक रिश्वत लेकर सदन के अंदर भाषण देने, वोट देने या सवाल पूछने के लिए जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

आज वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि झामुमो सांसदों के रिश्वत मामले पर 1998 में पीवी नरसिम्हा राव के मामले मे ऐसे मामलों मे सांसदों को छूट दी गई है और एक अन्य पांच जजों की बेंच ने 2007 में राजा रामपाल के मामले में फैसला सुनाया था। इसमें संसद में प्रश्न पूछने के लिए पैसे लेने से जुड़े मामले में उन्हें सदन से स्थायी रूप से निष्कासित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1998 और 2007 के फैसले एक-दूसरे के विरोधाभासी हैं। इसलिए इस मुद्दे को सात जजों के पास भेजा जाना चाहिए।

दरअसल, सीता सोरेन 2012 में झारखंड विधानसभा की सदस्य थीं। उस समय राज्यसभा चुनाव में मतदान के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने के लिए सीबीआई द्वारा मुकदमा चलाया जा रहा है। उन पर एक राज्यसभा उम्मीदवार से उसके पक्ष में वोट डालने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था, लेकिन इसके बजाय उसने अपना वोट किसी अन्य उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाल दिया। सीता सोरेन के ससुर और झामुमो नेता शिबू सोरेन को 1998 की संविधान पीठ के फैसले से बचा लिया गया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि जिन सांसदों ने पैसे लेकर राव सरकार के पक्ष में मतदान किया था फिर भी उन्हें अभियोजन से छूट दी गई थी। हालांकि, इसमें फैसला सुनाया गया था कि जिन लोगों ने झामुमो सांसदों को रिश्वत दी थी वो अभियोजन से नहीं बचे थे।

## राज्य के 25 प्रमोटी आईपीएस अधिकारियों को वरीयता मिली, बैच हुआ आवंटित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के 25 प्रमोटी आईपीएस अफसरों की वरीतया का निर्धारण केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार के 13 व 14 सितंबर के पत्र के आलोक में वरीयता तक कर बैच का आवंटन कर दिया है। झारखंड पुलिस में 2016-20 तक की रिक्तियों के आधार पर डीएसपी रैंक के अफसरों को आईपीएस में प्रोन्नति दी गई थी। 12 साल की सेवा कर चुके अफसरों को सेलेक्शन के साल से तीन साल, 15 साल पूरी कर चुके अफसरों का सेलेक्शन के साल से चार साल, 18 साल पूरी कर चुके अफसरों को पांच, 21 साल पूरी कर चुके अफसरों को छह, 23 साल की सेवा पूरी कर चुके अफसरों को 7, 25 साल की सेवा पूरी कर चुके अफसरों को आठ व 27 साल की सेवा पूरी कर चुके अफसरों को 9 साल के पीछे की बैच आवंटित किया जाता है।

#### किस आईपीएस को मिला कौन सा बैच

**2012 बैच :** आनंद प्रकाश

2014 बैच : सरोजनी लकड़ा, इमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर

**2016 बैच :** दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय, अनिमेष नैथानी

**2017 बैच :** अजय कुमार 1, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पितांबर सिंह खेरवार।

# हेमंत सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के पांचवें चरण की शुरूआत बुधवार को सिसई विधानसभा क्षेत्र की जनसभा से की। मरांडी ने जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने हेमंत सरकार को अपराध, लूट, भ्रष्टाचार का संरक्षक बताया। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है। इसे उखाड़ कर फेंके बिना राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा के विकास के लिए संकल्पित है। नए संसद भवन को मोदी ने नारी शक्ति के वंदन एवं उनके सशक्तिकरण को समर्पित किया। बिल के माध्यम से लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत सीट आरक्षित होने से नारी शक्ति की अपार ऊर्जा संसदीय प्रणाली से जुड़कर देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा इसके पूर्व भी शौचालय निर्माण, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, तीन तलाक की समाप्ति जैसे अनेक महत्वपूर्ण कदमों से मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मरांडी ने कहा कि दूसरी तरफ राज्य की हेमंत सरकार ने राज्य को लूट, अपराध और भ्रष्टाचार का केंद्र बना दिया है। राज्य में रोज हत्या, अपहरण, डकैती की घटनाएं हो रही हैं। व्यवसायी वर्ग दहशत में हैं। बहन-बेटियों की इज्जत घरों में भी सुरक्षित नहीं। ऐसे में पुलिस अपराधियों को दंडित करने में नहीं, बल्कि अपराधियों को बचाने में लगी है। पुलिस का काम अब केवल वसूली करना रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में खान खनिज ,पत्थर बालू ,जमीन और गरीबों के अनाज लूटे जा रहे। मुख्यमंत्री लुटेरों के सरगना बन गए हैं। महाजन प्रथा का विरोध करते करते मुख्यमंत्री का परिवार आज सबसे बड़ा महाजन बन गया। उन्होंने कहा कि गैर मजरूआ जमीन को दलाल बिचौलिए बेच रहे और आदिवासी विधवा का प्रधानमंत्री आवास को पदाधिकारी बुलडोजर से तुड़वा रहे और मुख्यमंत्री मौन साधे बैठे रहे।

# मारवाड़ी समाज का 26 वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन 24 सितंबर को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा, रांची द्वारा आयोजित वृहद् मारवाड़ी समाज एवं संपूर्ण अग्रवालों का 26वां सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 23 नवंबर 2023 को स्थानीय महाराजा श्री अग्रसेन भवन, रांची में आयोजित होगा। महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित प्रेस- वार्ता में सामूहिक विवाह आयोजन समिति के मुख्य संयोजक भागचंद पोद्दार ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए अग्रवाल एवं संपूर्ण मारवाड़ी समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 27 सितंबर 2023 दिन रविवार को अग्रसेन भवन में होगा। उन्होंने बताया कि अग्रवाल सभा ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन सर्वप्रथम वर्ष 1993 में किया था तब से लेकर वर्ष 2018 तक में 2867 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं 285 जोड़ों का विवाह तय हुआ। वर्ष 2022 तक अग्रवाल सभा द्वारा कुल 329 जोड़ा का विवाह संपन्न कराया जा चुका है। परिचय स्थल सैकड़ों संबंध बाद में भी तय हुए जिसमें 609 परिवार लाभान्वित हुए। उन्होंने कहा कि विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी खर्च एवं व्यवस्था अग्रवाल सभा वहन करती है। तथा सामाजिक विवाह को भव्य आयोजन में समाज के प्रतिष्ठित लोग एवं प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस पुनीत आयोजन मे विवाह के संपूर्ण नेगचार जैसे मेहंदी, हल्दात, तेलबान, चाकभात, कोरथ, वरमाला, स्वागत समारोह, फेरा व विदाई समस्त कार्य रीति रिवाज से किया जाता हैं. वर वधू जोड़ो को सभा की ओर से उपहार स्वरूप स्टील अलमारी, 52 वर्तन सेट, हाथ खड़ी, पॉली पाजेब नथ मंगटीका, 4 साडी, चुन्नी घाघरा वलाउज, सिलाई मशीन, आयरन इसके अलावा समाज के दाताओं द्वारा भेट भी प्रदान किया जाता हैं।

## संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय के कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित

**मांडर।** मांडर मिशन स्थित संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय सभागार में शिक्षकों-अभिभावकों, छात्राओं एवं प्रबंध कार्य कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुल मिलाकर लगभग 600 लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर मेरी तिर्की, इण्टर कॉलेज की प्राचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप, मिशेल अरुणा जोशी खलखो, शिक्षक प्रतिनिधि, अभिभावक प्रतिनिधि, एवं छात्रा प्रतिनिधि राहिल टोप्पो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सिस्टर मेरी तिर्की ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके सहयोग एवं अपने बच्चों के प्रति शिक्षण कार्य में सजगता के लिए आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय की चार इकाई होती है जिनमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक,विद्यार्थी तथा अभिभावक महत्वपूर्ण होते हैं।संत अन्ना विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहा है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –18/2023–24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 27.09.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 29.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 29.09.2023 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of Water supply arrangement & construction of RCC staging 6.00M height with pump house at Qtr No-D/15 Old Dindayal Nagar Booty Road under D.W.&S. Division Gonda Ranchi. | 684675.00 | 14000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 2. | Renovation of wash room and Improvement of water supply S/I, sanitary fittings of the Principle Jude (Old Family Court) and Chamber of Chair Man (Old Permanent Lok Adalat) Main Building of Civil Court Jharkhand Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda Ranchi. | 793630.00 | 16000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 3. | Special repair & Renovation of 10.00M Height RCC staging with pump house & Replacement of damaged HDPE water storage Tank, Improvement of W/S work at Ex. CM House Kanke Road under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. | 822697.00 | 17000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 4. | Seepage repair and renovation of toilet cum bathroom improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage works at JM-XVI-Cum- Additional Civil Judge (Jr. Division) XXI, JMFC-XVII cum Additional Civil Judge (Jr. Division) XXII, and In-Charge of CJJD-II, JMFC-X cum CJJD-XX and Judicial Magistrate VI, 1 No (Fast Track Court Building 1st floor & 2 Nos Main Building Ground Floor Civil Court Jharkhand Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda Ranchi. | 894679.00 | 18000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 5. | Renovation and Re-Construction of stand post & platform premises areas at Hon'ble Chief Justice Residence of Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 1089172.00 | 22000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 6. | Renovation of toilet cum bathroom & Improvement of W/Sand sanitary fittings & sewerage work at Judicial Commissioner Residence Campus of Staff (Fax in Charge) quarter Kanke Road, Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1155114.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 7. | Seepage Repair and Renovation of Toilet cum bath room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Hon'ble Chief Justice Residence at Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1269402.00 | 26000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 8. | Renovation of drain & Re-Construction of drain & sewerage work at Hon'ble Chief Justice Residence of Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1613636.00 | 33000.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 9. | Supplying & laying of 50mm & 25mm dia U-PVC pipe for gardening premises areas at Hon'ble Chief Justuce Residence of Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 2481087.00 | 50000.00 | 5000.00 | 01 Month |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 307299 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D


# झारखंड का जलाशय झींगा पालन के लिए अनुकूल : डॉ. एके दास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मत्स्य विभाग, झारखंड सरकार तथा केन्द्रीय अन्तस्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीआईएफआर आई) बैरकपुर के द्वारा एक दिवसीय झारखण्ड के जलाशयों में महाझींगा संचयन के माध्यम से जनजातीय समुदायों की आजीवका में सुधार के लिये एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईसीएआरआई/ सीआईएफआर आई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ एके दास तथा उनके दो सहयगी मत्स्य विभाग के वरीय पदाधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक मत्स्य डॉ एचएन द्विवेदी द्वारा किया गया। डायरेक्टर आइसीएफआर आई के द्वारा विडीयो कॉफेसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम को संबोधित किया गया। मत्स्य विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा प्रायोजित एवं आईसीएआर व आईसीएफआर आई द्वारा संचालित राज्य के जलशयों में तीन वर्षीय परियोजना प्रारम्भ की गई है। जिसका उद्देश्य झींगा मछली की शिकारमाही कर जनजातियों समुदायों की अजीवीका में सुधार करना तथा उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ करना है। इस परियोजना का संचालन आईसीएआर, सीएफआरआई बैरकपुर के द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में झारखण्ड के तीन जलाशयों में यथा सिमडेगा के कलाधाच जलाशय, गुमला का मसलिया जलाशय तथा हजारीबाग का घाघरा जलाशय का चयन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ एके दास द्वारा बताया गया कि झारखण्ड के जलाशयों की भौगोलिक स्थिति झींगा पालन के लिये अनुकुल है तथा झींगा पालन कर किसानों की आय दोगुनी हो सकती है। झींगा बीज के संचयन के उपरान्त 3-4 माह तक शिकारमाही नहीं करना है क्योंकि 3 से 4 महीने में अनुमानित वजन 100 150 ग्राम जाता है। निदेशक मत्स्य झारखण्ड डॉ एचएन द्विवेदी के द्वारा बताया गया कि इस परियोजना के द्वारा झारखण्ड में मछली पालन के क्षेत्र में एक नया अध्याय प्रारंभ किया जा रहा है जिसका फायदा यहाँ के जनजातीय मत्स्य, भाई-बहनों को मिलेगा।

## 'चलो करे आवास पूरा' अभियान का किया गया निरीक्षण

**मांडर।** सरकार द्वारा चलाये जा रहे 'चलो करे आवास पूरा' अभियान के तहत बुधवार को चंद्रशेखर सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार, दिनेश कुमार यादव,उप विकास आयुक्त,रांची के द्वारा मांडर प्रखंड के पंचायत नगड़ा में लंबित आवासों का निरीक्षण किया गया। जिसमें लाभुक -(1) लच्छू उरांव (2) हरिनंदन टाना भगत (3)आफताब अंसारी (4) दीपक लोहार (5)नेसारुन बीवी (6)सीता देवी (7) चंद्रदेव उड़ाव (8)नजीब खान और सभी लाभुको को 10 अक्टूबर तक पूर्ण करने को बोला गया है, अन्यथा प्रशासनिक कारवाई की जायेगी। अभियान के अंर्तगत आवास लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण हेतु निर्देशित किया गया।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंदरी, प्रखंड समन्वयक विकाश कुमार गुप्ता, मुखिया बहादुर उरांव, पंचायत सेवक, जनसेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

## नारी शक्ति वंदन बिल लोक सभा में पेश होने पर हार्दिक बधाई : जय प्रकाश पाण्डेय

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के पूर्व नेता सह अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने भारत के समस्त नारी शक्ति वंदन बिल लोक सभा में पेश होने पर भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार को बहुत बहुत हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई इस एतिहासिक बिल ने राष्ट्र के नारी शक्ति को हक और अधिकार शक्ति देकर भारतीय इतिहास में गौरवपूर्ण कार्य किया है,जो नारी केवल घरों तक कैद थी उन्हें उन्मुक्त जीने का अवसर भाजपा सरकार प्रदान करने जा रही है,वैदिक इतिहास में में भी नारी के सम्मान के लिए भगवान राम ने आतात्यी रावण का वध हुआ है,महाभारत में भी भगवान कृष्ण ने नारी द्रोपदी की रक्षा के लिए कौरव दल का नाश किया आज वर्तमान युग में में भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल विपक्षी दलों को धूल चटाने और नारी को हक और सम्मान प्रदान करने का कार्य भाजपा के नरेंद्र मोदी सरकार कर रही है।

# एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ने 2024 में प्रदान की जाने वाली एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप के दूसरे दौर के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2023 निर्धारित किया गया है। एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में किए गए महत्वपूर्ण नॉन-फिक्शन कार्यों के अंग्रेजी अनुवाद को प्रोत्साहित करना है। यह फैलोशिप भारत की विभिन्न भाषाओं और साहित्यिक ज्ञान परंपराओं के माध्यम से देश के समृद्ध इतिहास को खूबसूरत तरीके से प्रदर्शित करेगी। इस फैलोशिप के पहले राउंड (बांग्ला, कन्नड़ और मराठी को दिया गया) का प्रकाशन 2025 तक किया जाएगा।

**ट्रांसलेशन फैलोशिप के जरिये हमारा उद्देश्य स्वतंत्र भारत के सभी पहलुओं पर अनुसंधान और लेखन को प्रायोजित करने के एनआईएफ के प्रयासों को आगे लेकर जाना है।**

ये तीन महत्वपूर्ण अनुवाद फ्लैगशिप बुक फैलोशिप प्रोग्राम के माध्यम से न्यू इंडिया फाउंडेशन के तहत पहले प्रकाशित की गईं 32 पुस्तकों के अतिरिक्त होंगे। ट्रांसलेशन फैलोशिप के जरिये हमारा उद्देश्य स्वतंत्र भारत के सभी पहलुओं पर अनुसंधान और लेखन को प्रायोजित करने के एनआईएफ के प्रयासों को आगे लेकर जाना है। जिन दस भारतीय भाषाओं के लिए अनुवादकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं उसमें असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, तमिल और उर्दू शामिल हैं। फैलोशिप के प्रतिभागियों के चयन और उनके समर्थन के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक भाषा में एक भाषा विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। इस समिति में एक प्रमुख भारतीय लेखक और विद्वान को विशेषज्ञ के रूप में शामिल किया जाता है। पाठ की पसंद, अनुवाद की गुणवत्ता और संपूर्ण प्रोजेक्ट प्रपोजल के आधार पर यह फैलोशिप प्रदान की जाएगी। 10 भाषाओं में से किसी भी भाषा का नॉन-फिक्शन सोर्स टेक्स्ट यदि वर्ष 1850 के बाद से भारतीय इतिहास के किसी भी सामाजिक-आर्थिक/सांस्कृतिक पहलू पर प्रकाश डालता है, तो उसका चयन किया जा सकता है। यहां शैली की कोई बाध्यता नहीं है। फैलोशिप प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 6 लाख रुपये का स्टायपंड प्रदान किया जाएगा। उसे यह प्रोजेक्ट 6 महीने की अवधि में पूरा करना होगा। ऐतिहासिक भारतीय भाषा के ग्रंथों के अंग्रेजी अनुवाद पर काम करने वाले अनुवादकों/लेखकों को यह ट्रांसलेशन फैलोशिप प्रदान की जाएगी। वर्ष के अंत तक, फैलोशिप पाने वालों से अनुवादित कार्यों को प्रकाशित करने की अपेक्षा की जाती है, जो उनके चुने गए प्रस्तावों का एक विस्तार होगा। न्यू इंडिया फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी मनीष सभरवाल ने कहा कि अनुवाद फैलोशिप भारतीय भाषाओं में उपलब्ध भारतीय ज्ञान को अंग्रेजी में प्रकाशित करते हुए बड़े पाठक वर्ग तक इसे पहुंचाने का एक प्रयास है। हमारी भाषाओं में समृद्ध बौद्धिक परंपराएं हैं जिन्हें पाठकों तक सुलभ बनाया जाना चाहिए और हम इसी दिशा में प्रयास कर रहे हैं।


**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 -19 / 2023–24**
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 29.09.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 30.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 30.09.2023 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing and replacement of burnt 1.5 HP to 5 HP submersible motor pump 5.0 HP & 7.5 HP Centrifugal motor pump with panel box starter in Rajbhawan Campus Ranchi under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi. (Period- October 2023 to 2024) | 479916.00 | 10000.00 | 750.00 | 06 Month |
| 2. | Repairing and Replacement of burnt 1.0 HP to 5 HP Submersible motor pump 1.5HP & 7.5 HP Centrifugal motor pump with panel box starter in all ministers and all MLA's residence and all Officer's residence under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (Period- October 2023 to 2024) | 737961.00 | 15000.00 | 1250.00 | 06 Month |
| 3. | Repairing and Replacement of burnt 1.0 HP to 5 HP Submersible motor pump 5.0 HP Centrifugal motor pump with panel box starter at CM secretariate and other office Building under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (Period- October 2023 to 2024) | 759827.00 | 16000.00 | 1250.00 | 06 Month |
| 4. | Repairing and Replacement of burnt 1.5 HP to 5.0HP Submersible motor pump 5.0HP & 7.5 HP Centrifugal motor pump with panel box starter in CM House, old CM house speaker house and all Ex. CM Residence, Judge Colony, Audrey House staff quarter & Machhli Ghar staff quarter at different places under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (Period- October 2023 to 2024) | 824857.00 | 17000.00 | 1250.00 | 06 Month |
| 5. | Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures of CM Secretariat, Raj Secretariat and all other office Building under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. . (Period- October 2023 to 2024) | 2185565.00 | 44000.00 | 5000.00 | 06 Month |
| 6. | Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures of Hon,ble MLA,s Residence, Hon'ble Minister's Residence and all officer's Residence and operation of motor pump at D.W. & S. Section Rajbhawan under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (Period- October 2023 to 2024) | 2215301.00 | 45000.00 | 5000.00 | 06 Month |
| 7. | Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures cleaning of toilet and bathroom of CM House, Old CM House, speaker House and all Ex. CM Residence and operation of Motor Pump under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (Period- October 2023 to 2024) | 2445398.00 | 49000.00 | 5000.00 | 06 Month |
| 8. | Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures and retrification of choked sewerage line of Judge colony, Audrey House staff quarter & Machhli Ghar staff quarters and operation of Motor Pump under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (Period- October 2023 to 2024) | 2483650.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 Month |
| 9. | Day to Day Repair and replacement of plumbing fixtures, cleaning of all fountain, toilet and bathroom of Rajbhawan main Building, Annexy VIP Toilet, Toilet Complex (Gate No-02), all Officer's Residence and Police Barracks in Rajbhawan Campus and Operation of Motor Pump at D.W. & S. Section Rajbhawan under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi. (Period- October 2023 to 2024) | 2498226.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 Month |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 307350 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


## लोकसभा में केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए नारी शक्ति बिल का किया स्वागत

# महिला के लिए समर्पित है मोदी सरकार : आरती



**प्रदेश कार्यालय में मोर्चा की बहनों ने गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई। एक दूसरे को बधाई दिया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा में मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए नारी शक्ति वंदन बिल का स्वागत आज उत्सव मानकर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर के नेतृत्व में किया। प्रदेश कार्यालय में मोर्चा की बहनों ने गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई। एक दूसरे को बधाई दिया । मीडिया को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि प्रधान मंत्री जी ने महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाईं साथ ही 11 महिलाओं को अपने कैबिनेट में जगह भी दिया और अब नारी शक्ति वंदन अध्यादेश लाकर आधी आबादी को जो सम्मान दिया इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया। वहीं राष्ट्रीय मंत्री महिला मोर्चा की आरती सिंह ने आदि आबादी को दिये गये इस सम्मान के लिए प्रधान मंत्री को झारखंड प्रदेश की और से धन्यवाद दिया। कहा कि स्वच्छता अभियान,शौचालय निर्माण, गर्भवती माताओं का सहयोग,मातृत्व अवकाश की वृद्धि,तीन तलाक की समाप्ति , उज्जवला गैस योजना, बेटी बचाव, बेटी पढ़ाव जैसे कार्यक्रम चलाकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़े कार्य किए। स्वागत कार्यक्रम आज झारखंड के प्रत्येक ज़िले के सभी मंडलों में मनाया गया । महिला सशक्तिकरण की एक और मिसाल प्रस्तुत कर आदरणीय प्रधान मंत्री ने इतिहास रचने का काम किया इस ऐतिहासिक कार्य हेतु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी को झारखंड प्रदेश महिला मोर्चा की और से सहृदय आभार। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता पाण्डेय,प्रदेश मंत्री रेनू तिर्की,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिन्हा, फूदो देवी, संपति देवी, युवा मोर्चा प्रवक्ता प्रियंका रंजन, महिला मोर्चा प्रवक्ता श्रीमती सुचिता सिंह, कार्यालय मंत्री बबिता वर्मा,रेखा महतो, लक्ष्मी कुमारी, बबली कुमारी, कुमुद झा,संजू कुशवाहा,पूजा शौर्य सिंह, बबिता झा,सोशल मीडिया प्रभारी रंजिता सिंह सहित कई महिला बहनें उपस्थित थीं।

## गोड्डा होमियोपैथी कॉलेज की छात्राओं के लिए 50 बेड का हॉस्टल बनेगा

**रांची।** गोड्डा जिले के परसपानी में छात्राओं के लिए 50 बेड के छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। बताते चलें कि राजकीय होमियोपैथी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में हॉस्टल का निर्माण राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं राज्य योजना निधि से किया जाना है। इसके लिए 4 करोड़ 1 लाख 3 हजार 400 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसमें केंद्रांश 60 प्रतिशत (3 करोड़ 50 लाख) जबकि राज्यांश 40 प्रतिशत (51 लाख 3 हजार 400) रहेगा। 18 महीने के अंदर भवन निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य है। भवन निर्माण में सिविल वर्क के लिए 2 करोड़ 15 लाख 83 हजार 389 रुपये खर्च किए जाएंगे। जबकि भवन के अंदर और बाहर प्लंबरिंग कार्य के लिए 26 लाख 7 हजार 655 रुपये खर्च किये जाएंगे। वहीं फायर फाइटिंग के लिए 7 लाख 76 हजार 308 रुपये। अंदर और बाहर बिजली कार्य के लिए 65 लाख 43 हजार 072 रुपये खर्च किये जाएंगे।

### राष्ट्रीय कृषि प्रसंस्करण संस्थान के 100वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

# कृषि की राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम, रांची के 100वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस संस्थान ने हमारे देश में कृषि विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीएआर-एनआईएसए की सफलता इसके वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं व कर्मियों के समर्पित प्रयासों से ही संभव हो सका। कृषि के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई सफलताए और प्रगति हुई हैं जिससे हमारे देश व दुनिया को लाभ हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान द्वारा न केवल पारंपरिक व नए मेजबान पौधों का उपयोग करके कुसुमी और लाह की खेती, संग्रह एवं प्रसंस्करण के वैज्ञानिक पद्धति विकसित किया गया है, बल्कि इसने लाह उत्पादकों और प्रसंस्करण से जुड़े व्यक्तियों के



आर्थिक उत्थान के लिए इसे प्रसारित करने में भी अहम भूमिका निभाई है। इस संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों के 80% से अधिक लाभार्थी छोटानागपुर क्षेत्र के गरीब व सीमांत जनजातीय किसान हैं। उन्होंने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि विगत 99 वर्षों में, संस्थान द्वारा विभिन्न पहलों/कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 10 लाख से अधिक व्यक्तियों को कौशल प्रदान कर उनके सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के लिए प्रयास करना सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश कच्चे लाख के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी उत्पादक है, जिसका वार्षिक उत्पादन 20,000 टन से अधिक है, जो विश्व के कुल उत्पादन का लगभग 80% है। इसमें झारखंड राज्य का योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कृषि हमेशा हमारे राष्ट्र की रीढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में वार्षिक लगभग 1500 मिमी वर्षा होने के बावजूद, कृषि के क्षेत्र में कतिपय समस्याएँ हैं। हमारे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी अपनानी होगी। माननीय प्रधानमंत्री जी किसानों की आय में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए किसानों को द्वितीयक कृषि पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को ह्लइंटरनेशनल मिलेट ईयरह्व घोषित किया गया है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि राज्य में कृषि से संबंधित गतिविधियों को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सब्जियों, मसालों, औषधीय पौधों, सुगंधित चावल आदि की जैविक खेती की यहां पूर्ण संभावना है। उन्होंने मत्स्यपालन, मुर्गीपालन हेतु भी प्रेरित किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करेगा। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने ह्ललाह कलर एनालायजर एवं पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

### 24 सितंबर को नृत्य नाटिका का होगा आयोजन

## कोलकाता से आ रहे भजन गायक लोगों को झूमायेंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवम स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक बुधवार को संस्था के शिवगंज हरमु रोड़ रांची स्थित सत्संग भवन में हुई जिसमें सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि संस्था के द्वारा इस बार 37वें वार्षिक उत्सव में दूसरे वर्ष भी श्री राधा अष्टमी महोत्सव भजन सत्संग संग नृत्य नाटिका बहुत ही धूमधाम से संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में मनाने का निर्णय लिया। संस्था के द्वारा श्री राधा अष्टमी का भव्य कार्यक्रम भजन संकीर्तन एवम नृत्य नाटिका का भव्य आयोजन किया जायेगा।श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे दोपहर 12:30 बजे से श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति एवं उनके परिवार सदस्यों के सौजन्य से 108 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण रविवार 24 सितंबर 2023 को किया जायेगा। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था 37वें वार्षिक उत्सव में दूसरी बार श्री राधा अष्टमी महोत्सव का भव्य कार्यक्रम निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर(मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) पुंदाग में कर रहा है। कार्यक्रम को रास मंडली द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया जायेगा। उडीसा से आई हुई भजन गायक स्वर्ण रेखा महंता ग्रुप के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत राधा महारानी के भजन पर कलकता से आये नृत्य नाटिका के कलाकार सुब्रोदीप राय एण्ड ग्रूप के द्वारा नृत्य नाटिका एवं भजनों के माध्यम से श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से बहुत ही सुन्दर रूप से किया जायेगा। उडीसा से आए हुए भजन मंडली के साथ भजनों का मधुर गायन संस्था के मनीष सोनी, निर्मल जालान, सज्जन पाड़िया,महिला मंडल की उर्मिला पाड़िया, सिता शर्मा इनके अलावा और भी भजन गायक भजन मंडली का भजन गायन मे साथ देंगे।

## कांटाटोली फ्लाईओवर को लेकर हटाया गया अतिक्रमण



**रांची।** रांची के कांटाटोली फ्लाईओवर को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस की मौजूदगी में बुधवार को अतिक्रमण हटाया गया। बताया गया कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दो रैयतों के विरोध के कारण प्रभावित हो रहा था। यह फ्लाईओवर के निर्माण में बाधक बने दो रैयतों के कब्जे से छह साल बाद अतिक्रमण कर हटाया गया। एचपीसीएल पेट्रोल पंप और वाईएमसीए की बाउंड्री से सटे अतिक्रमण को जुडको ने जिला प्रशासन की मदद से हटाया। इस दौरान पुलिस भी तैनात थी। जैसे ही जुडको की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, दोनों रैयतों रॉबर्ट मिंज और अनुपम रावना ने विरोध करना शुरू कर दिया। लेकिन जुडको ने चिन्हित जमीन पर खड़े कई पेड़ों को जेसीबी से उखड़वा के हटा दिया।

## उदय शंकर ओझा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता उदय शंकर ओझा की सातवें पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने ओझा के चित्र पर मालार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## अग्रवाल युवा सभा ने गणेश चतुर्थी के दिन हलवा, पूरी, चना घुघनी का किया वितरण



**रांची।** अग्रवाल युवा सभा ने श्री गणेश जी महाराज की कृपा से गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मंगलवार को प्राचीन सिद्धिपीठ गणेश मंदिर, महावीर चौक में भगवान गणेश को 201 किलो सूजी हलवा, पूड़ी एवं चना घुघनी का भोग लगाया । तत्पश्चात लगभग 3000 से ज्यादा श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का वितरण किया गया। जिसकी व्यवस्था संभालने के लिए भारी संख्या में सभा के सदस्यों ने सहयोग दिया। मौके पर अध्यक्ष सौरव बजाज ने सभी सदस्यों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम संयोजक मुदित धरणीधरका, गिरीश अग्रवाल, अजय गोयल एवं अमित बजाज ने महाभोग बनवाने एवं वितरण करने की पूरी व्यवस्था बहुत ही बेहतरीन तरीके निभाई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रौनक झुनझुनवाला एवं अमित प्रकाश बजाज ने दी।

## नाजिया चाहत की ॐ विघ्नहर्ते गीत मचा रही है धूम



**रांची।** इस गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर झारखंड की सिंगिंग क्वीन नाजिया चाहत के सॉन्ग ॐ विघ्नहर्ते एसबी इंटरटेंमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले रिलीज हुई है। जो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है, बता दें कि नाजिया चाहत झारखंड के गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड की रहने वाली है और इस वक्त मुंबई में रह कर अपने गांव और झारखंड का नाम रौशन कर रही है, इसके पहले भी सावन माह में टी सीरीज से महामृतुंजय और विंग्स म्यूजिक कम्पनी से शिव हरे एवं और भी कई सारे सॉन्ग रिलीज हो चुके हैं, जिसके जरिए इनकी आवाज को काफी सराहा गया है।नाजिया चाहत की एक खासियत ये भी है की ये अपने सॉन्ग को स्वयं लिखती है और म्यूजिक भी कंपोज्ड करती है, इनकी प्रतिभा को जितना भी सराहा जाए हम सब के लिए कम है क्यू की एक मुस्लिम समाज से हो कर भी संस्कृत का ज्ञान और उसका उच्चारण करना बहुत ही कठिन होता है मगर जब इनके गाने को लोग सुनते है तो वे मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। जल्द ही इनके और भी गाने बड़े प्लेटफार्म से रिलीज होने वाले है

### पंचायत स्वयंसेवक संघ का नंग-धड़ंग प्रदर्शन स्थगित

# 4 अक्टूबर को प्रोजेक्ट भवन घेरने का लिया गया है निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेवा स्थायीकरण सहित 5 सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलन कर रहे पंचायत स्वयंसेवक ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास पर नंग-धड़ंग प्रदर्शन आंदोलन को स्थगित कर दिया है। संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अपरिहार्य कारणों से बुधवार के आंदोलन को स्थगित किया गया है। संघ ने 4 अक्टूबर को झारखंड मंत्रालय का घेराव करने का निर्णय लिया है, जिसमें राज्य भर के पंचायत स्वयंसेवक भाग लेंगे। संघ के अध्यक्ष



ने कहा कि राजभवन के समक्ष चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मांगे माने जाने तक जारी रहेगा। गौरतलब है कि सेवा स्थायीकरण सहित 5 सूत्री मांगों के समर्थन में पिछले 75 दिनों से राजभवन के समक्ष पंचायत स्वयंसेवक धरना पर बैठे हैं। आज 20 सितंबर को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास पर नंग-धड़ंग प्रदर्शन करने की घोषणा कर रखी थी।आंदोलन स्थगित होने के पीछे की ये है वजहः 20 सितंबर के आंदोलन को स्थगित करने के पीछे पंचायत स्वयंसेवक संघ ने कई वजह बताई है। सबसे प्रमुख वजह प्रदेश अध्यक्ष के माता जी का असामयिक निधन और धरना दे रहे कई पंचायत स्वयंसेवक का बीमार होना बताया जा रहा है। आंदोलन कर रहे पंचायत स्वयंसेवकों का कहना है कि लगभग 75 दिनों से उनके आंदोलन की सुधि लेने के लिए सरकार का कोई अधिकारी नहीं आया हैं। ऐसे में इन पंचायत स्वयंसेवकों ने आर पार की लड़ाई की ठान ली है। 2016 में हुई थी नियुक्तिः इनका कहना है कि सरकार के द्वारा सेवा स्थायीकरण की बात तो दूर कर्मचारियों के बकाया मानदेय का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है।

## 'पूजा तक आंगनबाड़ी के बकाये मानदेय का हो जाएगा भुगतान'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि निश्चित रूप से केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं का अहम रोल है। विभाग यह हमेशा प्रयास में लगी रहती है कि इनको वेतन-मानदेय नियमित रूप से मिले। राज्य सरकार के हिस्से का भुगतान नियमित हो रहा है। रही बात केंद्र सरकार के हिस्से की, तो उपयोगिता प्रमाण पत्र भेज दिया गया है। जल्द राशि आ जाएगी और दुर्गा पूजा तक सभी बकाया का भुगतान हो जाएगा। पहले क्या हुआ, वह मुझे पता नहीं, मगर मेरे निदेशक बनने के बाद मेरी पहली प्राथमिकता सेविका और सहायिकाओं के नियमित भुगतान को लेकर है। उक्त बातें शशि प्रकाश झा ने प्रोजेक्ट भवन में राज्य में चल रहे पोषण माह को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

### झारखंड पुलिस ने बनायी मीडिया पॉलिसी

## अपराधियों को प्रेस कांफ्रेस से रखा जाएगा दूर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस ने नई मीडिया पॉलिसी बनायी है। इस पॉलिसी के मुताबिक, अब प्रेस कांफ्रेंस में अपराधियों या आरोपियों को मीडिया के समक्ष पेश नहीं किया जाएगा। साथ ही जिलों में एसपी या उनके अधिकृत एक डीएसपी रैंक का पदाधिकारी ही मीडिया को प्रेस विज्ञप्ति के जरिए सूचनाएं देगा। वहीं पुलिस मुख्यालय के स्तर पर एडीजी या आईजी रैंक के अधिकारी ही पुलिस प्रवक्ता बनाए जाएंगे। सीआईडी, एसीबी, रेल पुलिस या अन्य विंग के अधिकारी भी मीडिया को सीधी सूचना नहीं दे पाएंगे। वह भी पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता के जरिए ही सूचनाएं जारी करवाएंगे। डीजीपी द्वारा जारी किए गए मीडिया पॉलिशी में बताया गया है कि मीडिया को ससमय सूचना उपलब्ध कराने और अनुसंधान की प्रक्रिया बाधित न हो या पुलिस अभियान में बाधा उत्पन न हो, इसलिए मीडिया पॉलिशी बनायी गई है। मीडिया पॉलिसी के मुताबिक, प्रत्येक जिला कार्यालय में एक मीडिया सेल शाखा होगी। जिलों में एसपी द्वारा या प्रभारी मीडिया सेल शाखा द्वारा ही संबंधित जानकारी मीडिया को दी जाएगी। कोई भी अन्य पंक्ति के पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी प्रेस से संवाद नहीं करेंगे। पुलिस के अलग अलग ईकाईयों के क्षेत्रीय पदाधिकारी या कमांडेंट अपने क्षेत्राधिकार की उपलब्धि मीडिया के सामने रख पाएंगे। जोनल आईजी व डीआईजी भी मीडिया को ब्रीफ कर पाएंगे। पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा जो मीडिया ब्रीफिंग होगी व लिखित दी जाएगी व अभिलेख के तौर पर संधारित रखी जाएगी।

**ये भी नीति का हिस्सा :** मीडिया ब्रीफिंग के लिए शाम चार से छह बजे का समय तय किया गया है। वहीं बड़ी वारदात होने पर 48 घंटे के भीरत केवल इतनी ही सूचना साझा की जाएगी जो तथ्यों को प्रकट करे और आश्वसत करे कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। किसी अपराध से जुड़ी गुप्त या तकनीकी सूचना को मीडिया के समक्ष प्रकट नहीं किया जाएगा और न ही अनुसंधान से जुड़ी जानकारियां ही शेयर की जाएंगी।

## भारतीय युवक संघ का 190 फीट का पंडाल होगा आकर्षण का केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सबसे आकर्षक दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करने वाले भारतीय युवक संघ (बकरी बाजार) की ओर से 190 फीट का पंडाल बनाया जा रहा है। चौड़ाई 140 फीट और ऊंचाई 50 फीट है। पंडाल के निर्माण में 60 लाख रुपए खर्च होंगे।भारतीय युवक संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बुधवार को बताया कि इस बार का पंडाल आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि महाभारत के चक्रव्यूह की यात्रा के प्रसंग पर आधारित पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। चक्रव्यूह एक पहिए के जैसे घूमता हुआ व्यूह है। चक्रव्यूह वाले इस पंडाल की खासियत यह है कि श्रद्धालु इसमें फंसेंगे, लेकिन मां की कृपा से आसानी से दर्शन कर लेंगे। उन्होंने बताया कि पंडाल के अंदर बीच में अभिमन्यु का रथ होगा। रथ के चारों तरफ शीशे लगे होंगे, जिसमें पंडाल का पूरा प्रतिबिंब नजर आएगा। पंडाल ऊपर की ओर से खुला होगा और अंदर ऑडिटोरियम होगा, जिसमें भव्य सजावट देखने को मिलेगा। इसमें मां का दरबार लगेगा, 13 फीट ऊंची स्वर्ण जड़ित मूर्ति स्थापित की जाएगी। मूर्ति को बंगाल के कलाकार रांची में ही बनाएंगे। बंगाल के 90 कारीगर पंडाल बनाने में जुटे हैं। बच्चों के लिए मेला आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसमें 15 आधुनिक झूले लगाए जाएंगे।



NEWS इन ब्रीफ

### जमशेदपुर : लूट का विरोध करने पर युवक की हत्या

**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत हाथी घोड़ा मंदिर के पास लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने धारदार हथियार से वार कर एक युवक की हत्या कर दी. घटना बुधवार तड़के 3 बजे की है. मौके से गुजर रहे पीसीआर वाहन ने घायल युवक को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. मृतक की पहचान मानगो चेपापुल निवासी 30 वर्षीय महफूज आलम वारसी के रूप में की गई है. महफूज के पिता मो आलम टीएमएच में भर्ती है. वह कुवैत में काम करता था. पिता की तबियत खराब होने की वजह से वह कुछ दिनों पहले ही शहर आया था. देर रात जुगसलाई में अपने दोस्तों से मिलकर वापस घर जा रहा था तभी हाथी घोड़ा मंदिर के पास अज्ञात अपराधियों ने लूट के उद्देश्य से उसे रोका. विरोध करने पर उसकी हत्या कर दी गई.

### मानसिक रूप से बीमार छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**चाईबासा।** सोनुवा थाना क्षेत्र की तैरा गांव की रहने वाली कक्षा नौवीं की छात्रा जंयती प्रमाणिक(15) ने सोनुवा-लोटापहाड़ स्टेशन के बीच गोलमुंडा रेल फाटक समीप ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली. घटना मंगलवार देर शाम की है. घटना के करीब 15 घंटे बाद बुधवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और डाउन लाइन पोल संख्या 328/18 के पास से छात्रा का शव बरामद किया. पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. बताया जाता है कि छात्रा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिस कारण उसने कुछ दिनों पहले से स्कूल जाना भी छोड़ दिया था. मंगलवार को वह अचानक गांव से भाग कर रेल पटरी के पास पहुंची और ट्रेन के सामने कूद गई. इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है.

### ट्रक की चपेट में आने से मोपेड सवार की मौत, महिला घायल

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बड़का मोड़ अपर बाजार के पास बुधवार 20 सितंबर की सुबह मोपेड पर सवार अनूप चंद्र नामक 42 वर्षीय व्यक्ति ट्रक की चपेट में आ कर गंभीर रूप से घायल हो गया. मोपेड पर उनके भाई की पत्नी भी सवार थी. हादसे में वह भी गंभीर रूप से घायल हो गई. दोनों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने अनूप चंद्र को मृत घोषित कर दिया. घायल महिला अनिता देवी को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन निजी अस्पताल में ले गए. मृतक के चाचा प्रशांत कुमार चंद्र ने बताया कि विगत 10 दिन पहले उनके भतीजे की मां का निधन हो गया था. उन्हीं का डेथ सर्टिफिकेट लेने के लिए वह जा रहे था. मिली जानकारी के अनुसार हादसे के बाद ट्रक पर सवार लोग फरार हो गए, हालांकि. गोविंदपुर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है.

## गिरिडीह जिले में सिविल सर्जन ने किया नेहरू मध्य विद्यालय से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ

# 13.34 लाख बच्चों को कृमि की दवा देने का लक्ष्य : सीएस



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 20 सितंबर को गिरिडीह जिले में बच्चों को कृमि की दवा एल्बेंडाजोल खिलाने का अभियान स्टेशन रोड स्थित नेहरू मध्य विद्यालय से शुरू हुआ है. सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा व जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम टोप्पो ने दीप जलाकर व बच्चों को कृमि की दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया. मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, सदर अस्पतला के प्रभारी डॉ. अशोक कुमार व डीपीएम प्रतिमा कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे. सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में 1334359 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य है. जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें 29 सितंबर को मॉपअप राउंड में दवा दी जाएगी. उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है. इसमें खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, बेचैनी, पेट में दर्द, उल्टी, दस्त, वजन में कमी जैसी शिकायतें होती है. जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रो में छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई जा रही है. दवा खिलाने के बाद एक घंटा तक बच्चों को शिक्षकों की निगरानी में रखना है.

### गावां के स्कूलों में बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 20 सितंबर को बच्चों को कृमि की दवा खिलाने के अभियान की शुरूआत ग्रेसिया पब्लिक स्कूल गावां से हुई. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चन्द्रमोहन कुमार व बीपीएम प्रमोद बर्णवाल ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर शुभारंभ किया. प्रखंड के सभी विधालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दवा खिलाई गई. डॉ. चन्द्रमोहन कुमार विद्यार्थियों को दवा के फायदे भी बताए. कहा कि एक से 19 साल तक के बच्चों व किशोरों को दवा खाना जरूरी है. .

### तिसरी के कस्तूरबा विद्यालय में मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



**तिसरी(गिरिडीह)।** तिसरी स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में 20 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया. इस कार्यक्रम का बीडीओ सन्तोष प्रजापति, चिकित्सा प्रभारी डॉ देवरथ व प्रभारी बीईईओ रंजीत कुमार ने दीप जलाकर शुभारंभ किया. इस दौरान 200 छात्राओं को कृमिरोधी दवा खिलाई गई. डॉ देवरथ कुमार ने बताया कि पूरे प्रखंड में एक से 19 वर्ष के छात्र -छात्राओं को इसकी खुराक खिलाई जायेगी और जो बच्चे छूट जाएंगे, उन्हें मॉप अप दिवस 29 सितंबर को खुराक खिलाई जायेगी. डॉ देवरथ ने बताया कि दवा को दो भागों में बांटकर उसका चूर्ण बना कर पानी के साथ पी लें. मौके पर जूली कुमारी, डाटा प्रबंधक प्रवीन कुमार आदि मौजूद थे.

## धनबाद : राष्ट्रीय कृमि दिवस पर 13 लाख से अधिक बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य



**धनबाद।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर मिश्रित भवन परिसर स्थित बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय में सिविल सर्जन डॉ सी बी प्रतापन ने छात्राओं को दवा खिलाई. उन्होंने कहा कि जिले के 13 लाख 5 हजार 981 बच्चों को कृमि की दवा खिलाने का लक्ष्य है. 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली चूरकर खिलाना है, जबकि 2 से 3 वर्ष के बच्चों को 1 गोली चूरकर खिलाई जाएगी. 3 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को 1 गोली चबाकर खाना है. जिले के सभी स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दवा खिलाई जाएगी. इस अवसर पर मौजूद डॉ रोहित गौतम ने कहा कि छूटे हुए बच्चों के लिए 29 सितंबर को मॉप अप राउंड चलाया जाएगा. कहा कि खून की कमी में सुधार, बेहतर पोषण, सीखने की क्षमता में कृमि की दवा मदद करती है. कृमि से बचने के लिए बच्चों के नाखून साफ और छोटे रखने की नसीहत भी उन्होंने दी. कहा कि हमेशा साफ पानी पीना चाहिए, खाना ढक कर रखें व फल और सब्जियों को धोकर खाएं. हाथों को साबुन से धोने, आस-पास सफाई रखने व खुले में शौच नहीं करने की भी सलाह दी गई.

### डीएवी सिंदरी के बच्चों को खिलाई गई कृमि रोधक दवा



सिंदरी। डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों को कृमि रोधक दवा खिलाई गई. बच्चों को कृमि से होने वाले बिमारियों की जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि किशोरावस्था में कृमि संक्रमण से कुपोषण और खून की कमी होती है. इससे बच्चों में हमेशा थकावट महसूस होता है. संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है. बच्चों को दवा खिलाते हुए प्राचार्य ने कृमि संक्रमण से बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतने की भी सलाह दी. इसमें नाखून साफ और छोटे रखने, साफ पानी पीने, खाना ढ़ककर रखने और शौच के लिए हमेशा शौचालय का उपयोग करने की सलाह दी. मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे.

## आत्मशोधन व आत्मोत्थान का महापर्व है पर्युषण: वीणा बोथरा



**बोकारो।** मिच्छामी दुक्कड़म. यानी मेरे द्वारा जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए मुझे क्षमा करें. उपासिकाओं की इसी वाणी के साथ जैन धर्मावलंबियों के 9 दिवसीय पर्युषण महापर्व का 20 सितंबर बुधवार को समापन हो गया. बोकारो के सेक्टर 2 स्थित जैन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अमृत वचन का लाभ उठाया. चास के श्री माणिकचंद छालाणी भवन से आईं उपासिका वीणा बोथरा व ममता बोथरा ने अपने प्रवचन में कहा कि पर्युषण आत्मशोधन व आत्मोत्थान का महापर्व है. उपासिका वीणा बोथरा ने कहा कि क्षमा मांगना या क्षमा करना दोनों ही श्रेष्ठ माने जाते हैं. पर्युषण महापर्व मात्र जैनों का पर्व नहीं है, यह एक सार्वभौमिक पर्व है. पूरे विश्व के लिए यह एक उत्तम और उत्कृष्ट पर्व है. क्योंकि इसमें इंसान अपने मन को मांजने का उपक्रम करता है. आत्मा की उपासना करता है. ताकि जीवन के पापों एवं गलतियों को सुधारा जा सके, जीवन को पवित्र, शांतिमय, अहिंसक एवं सौहार्दपूर्ण बनाया जा सके.वास्तव में, पर्युषण पर्व प्रतिक्रमण का प्रयोग है. पीछे मुड़कर स्वयं को देखने का ईमानदार प्रयास है.

## ढाई लाख की साइबर ठगी, शिकायत दर्ज.

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कुमारधबी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी के युवक पंकज विश्वकर्मा से सरकारी योजना के तहत खाता में रुपए डालने का झांसा देकर प्रखंड कर्मी बन साइबर अपराधियों ने 2.37 लाख रुपए की ठगी कर ली. पीड़ित पंकज विश्वकर्मा ने साइबर सेल धनबाद और कुमारधुबी ओपी में लिखित शिकायत कर साइबर अपराधियों पर कार्रवाई और रुपए दिलाने की गुहार लगाई है. साइबर अपराधियों ने चार किस्तों में दो अलग-अलग खातों से रुपए उड़ाये हैं. पीड़ित युवक पंकज विश्वकर्मा का शिवलीबाड़ी पुराना चेकपोस्ट के पास लौह सामग्री बनाने की दुकान है. व्यवसाय को बढ़ाने के लिये उसने बैंक से दो लाख रुपए पर्सनल लोन लिये थे. पूरी पूंजी गंवाने के बाद पंकज का रो रोकर बुरा हाल है. पंकज ने बताया कि 18 सितम्बर की शाम साढ़े चार बजे उनके मोबाइल पर फोन आया. कहा कि मैं ब्लॉक से बात कर रहा हूं. किसान योजना के तहत आपके एकाउंट में रुपए डालने हैं. एक एप देता हूं जिसे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लो. उसके कहे अनुसार एप डाउनलोड करते ही उनके बैंक आफ इंडिया के चिरकुण्डा शाखा के एकाउंट से दो किस्तों में करीब दो लाख रुपए की निकासी कर ली गयी. उन्होंने तुरंत इसकी सूचना बैंक प्रबंधक को दी.

### गिरिडीह : हाई स्कूल में रोटरी क्लब ने लगाया दंत चिकित्सा शिविर

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह की ओर से उच्च विद्यालय मकतपुर में 20 सितंबर को दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया. इसमें शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. सुमन कुमार व डॉ. अदिति अग्रवाल ने स्कूल के लगभग 150 बच्चों के दांतों की जांच की। इनमें 40 बच्चों में दंत संबंधित बीमारी पाई गई। ऐसे बच्चों को ईलाज के लिए रोटरी नेत्र चिकित्सालय स्थित डेंटल केयर सेंटर में आने की सलाह दी गई है.

### गिरिडीह में कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण

**गिरिडीह।** मंगलवार को गांडेय गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की सभी बच्चियों को अचानक बुखार व सर दर्द होने लगा था, जिसकी सूचना पर हड़कंप मचा गया था. हांलाकि मौके पर चिकित्सा मिलने से सभी छात्राएं स्वस्थ हैं. इसी सूचना पर 20 सितंबर को गांडेय प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अबू कसीफा हसन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया. इस दौरान विद्यालय के किचेन रूम व वॉश रूम में बहुत गंदगी पाई गई. मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अपनी मौजूदगी में सभी जगहों पर ब्लीचिंग व डेंगू नाशक स्प्रे का छिड़काव कराया.

## काला शीशा लगी स्कार्पियो को रोकने पर हुआ हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार 20 सितंबर को काला रंग के स्कार्पियो वाहन को रोका तो वाहन मालिक ने जम कर बवाल काटा. हालत यह हो गई कि रणधीर वर्मा चौक से डीआरएम चौक तक जाम लग गया और यातायात बाधित हो गया. रणधीर वर्मा चौक पर तैनात ट्रैफिक एसआई को फोन पर सूचना मिली कि एक ब्लैक कलर का स्कार्पियो, जिस पर काला शीशा लगा है, उसे रोकना है. बस क्या था ट्रैफिक एसआई ने ब्लैक कलर स्कार्पियो को बीच सड़क पर रुकवा दिया. इस कार्रवाई से नाराज स्कार्पियो पर सवार तीन लोग उतरे और हंगामा शुरू कर दिया. ट्रैफिक जवान पर इरादतन तंग करने का आरोप लगाया. स्कार्पियो के मालिक की मानें तो वह पाथरडीह के रहने वाले है और गाड़ी भाजपा के कार्यकर्ता अभिषेक सिंह की है. अभिषेक सिंह ने कहा कि जान बूझ कर भाजपा के लोगों को परेशान किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि सड़कों पर और भी गाडियां ब्लैक शीशा लगाकर चल रही हैं. मगर उन्हें नहीं रोका गया, सिर्फ उनको ही टारगेट कर रोका गया और परेशान किया गया. बाद में ट्रैफिक पुलिस के सार्जेंट पहुंचे व मामले को शांत कराया. स्कार्पियो में काला शीशा लगे होने का फाइन भी काटा गया. मौके पर मौजूद ट्रैफिक सार्जेंट से पूछा गया कि आखिर ब्लैक शीशा लगी अन्य गाड़ियों को क्यों नहीं रोका गया, तो उन्होंने कैमरे पर कुछ भी बोलने से इनकार किया.

### हजारीबाग : दो बीइइओ ने शिक्षकों की रद्द की प्रतिनियुक्ति

**चौपारण।** चौपारण में दो सहायक अध्यापकों की प्रतिनियुक्ति के मामले ने सियासी रंग पकड़ लिया है. उसके बाद एक ही दिन 20 सितंबर को दो आदेश पत्र निकाले गए. एक आदेश पत्र चौपारण-वन और टू के बीइओ के हस्ताक्षर से निकला, जिसमें दोनों सहायक अध्यापकों की दूसरे स्कूल में हुई प्रतिनियुक्ति समेत सभी शिक्षकों के डिप्टेशन को रद्द कर दिया गया. वहीं उसी दिन डीएसई संतोष गुप्ता के हवाले से आदेश पत्र निकला, जिसमें दोनों बीइओ के आदेश पत्र को निरस्त कर दिया गया. मामला चौपारण प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गरमोरवा के सहायक अध्यापक शिवकुमार यादव और उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंडार के दिनेश कुमार यादव का प्रतिनियोजन मूल विद्यालय से दूसरे विद्यालय में करने से जुड़ा है. इस प्रतिनियोजन को एकीकृत सहायक अध्यापक संघ ने सहायक अध्यापक नियमावली 2022 के पंचायत एवं प्रखंड स्तर के प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार के विरुद्ध बताया. साथ ही बीइइओ से कहा गया कि यह प्रतिनियोजन गलत है, इसे निरस्त करें. अगर इस पर निर्णय नहीं लिया गया, तो बुधवार से सहायक अध्यापक बीआरसी कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन शुरू करेंगे. इसके लिए संघ ने सोमवार को एक दिवसीय धरना भी दिया था.

**मांगें पूरी हो** | तोपचांची के भुइयां चितरो से विशाल जुलूस पहुंचा गोमो स्टेशन, पुलिस ने रोकने का किया प्रयास

# गोमो में कुड़मी समाज ने रोका रेल, पटरी पर बैठे प्रदर्शनकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** वृहद झारखंड आदिवासी कुडमी मंच व आदिवासी कुडमी समाज मंच के रेल रोका आंदोलन की तस्वीर सामने आने लगी है. गोमो जंक्शन पर हजारों की तादाद में कुड़मी समाज के लोग दोपहर 12:30 बजे पहुंचे. सैंकड़ों की संख्या में प्रदर्शनकारी प्लेटफार्म संख्या 4 पर खड़ी गोमो बरवाडीह डेहरी स्पेशल सवारी ट्रेन के आगे पटरी पर बैठ गए. इससे पहले कुड़मी समाज के लोगों का तोपचांची थाना क्षेत्र के भुंइया चितरो में जुटान हुआ, जिसके बाद एक विशाल जुलूस गोमो जंक्शन की ओर बढ़ा. खेशमी के रेलवे ओवरब्रिज के सामने पुलिस ने रोकने का प्रयास किया. लेकिन भीड़ के आगे पुलिस ने हाथ खड़े कर दिये. जुलूस को गोमो के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे गुरूद्वारा के सामने रोकने का प्रयास किया गया. लेकिन यहां भी पुलिस पस्त हो गई.

### घाघरा : स्टेशन पर रेल टेका शुरू, पटरी पर बैठे 3000 लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आदिवासी कुड़मी समाज ने घाघरा स्टेशन पर बुधवार की सुबह नौ बजे से रेल टेका शुरू कर दिया है. रेलवे ट्रैक पर लगभग तीन हजार लोग खड़े होकर रेल परिचालन ठप कर दिया है. कुड़मी समाज के लोग अप और डाउन रेल ट्रैक पर जमे हुए हैं. आदिवासी कुड़मी समाज के लोगों ने अपनी पुरानी मांगो को लेकर प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की. उल्लेखनीय है कि कुड़मियों को अनुसूचित जन जाति एवं कुड़माली भाषा को आठवीं सूची में शामिल करने के लिए आदिवासी कुड़मी समाज अर्से से मांग कर रही है. गत वर्ष भी अपनी मांगो को लेकर पश्चिम बंगाल के कुड़मी संगठनों ने खेमाशोली स्टेशन में रेल टेका-डहर छेंका आंदोलन चलाया था. इससे कई दिनों तक रेल व सड़क पर परिचालन पूरी तरह ठप्प हो गया था. इससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था. हालांकि बाद में आश्वासन मिलने पर आंदोलन समाप्त कर दिया गया था, लेकिन मांगें आज तक पूरी नहीं की गई. इस कारण पुनः आंदोलन 20 सितंबर से शुरू किया गया है. यह आंदोलन झारखंड के नीमडीह व मुरी स्टेशन में भी किया जा रहा है. मौके पर विधि व्यवस्था को लेकर रेल प्रशासन के साथ पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी के अलावा भारी संख्या में महिला एवं पुलिस बल मौजूद है. उपस्थित अधिकारियों ने आंदोलन कर रहे समाज के नेताओं से आंदोलन को खत्म करने के लिए वार्ता कर रहे हैं. फिलहाल कुड़मियों का आंदोलन जारी है. कुड़मी समाज के लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास कुड़माली गीतों गाकर और नृत्य कर आंदोलन में शामिल लोगों का मनोरंजन भी कर रहे हैं. लोगों ने मांदर के थाप पर नाच गान कर रहे हैं. कुड़मी समाज के लोगों के अलावा अन्य समाज के लोग भी इस आंदोलन में शामिल हुए हैं. अभी भी लगातार लोगों का आना जारी है.



## डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

# रामगढ़ के सभी प्रखंडों में खुलेगा आधार सेवा केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक दंडाधिकारी सह स्थापना उप समाहर्ता सीमा आईंद द्वारा सभी को जानकारी देते हुए बताया गया के जिले में कुल 85 आधार केंद्र संचालित है जिनमे पिछले 30 दिनों में आधार पंजीकरण व सुधार हेतु कुल 27000 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 1613 नए आधार के निर्माण हेतु एवं शेष आधार कार्ड में सुधार हेतु आवेदकों द्वारा आवेदन दिया गया है। जिस पर उपायुक्त ने आधार कार्ड में किसी प्रकार के सुधार व जानकारी अध्यतन करने से संबंधित आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर अलग-अलग कारणों के हिसाब से सूचीबद्ध करते हुए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सीएससी एवं ई-गवर्नेंस के प्रतिनिधि प्रशांत कुमार के द्वारा



सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र की स्थापना हेतु प्रस्ताव उपायुक्त के समक्ष रखा गया जिसपर उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र खोलने हेतु स्थल चिन्हित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान सहायक प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय आधार कुमार निखिल के द्वारा आधार लिंक बर्थ रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि वर्तमान में किसी बच्चे के जन्म के उपरांत बर्थ सर्टिफिकेट के निर्माण के दौरान ही उसका आधार कार्ड बनाने हेतु योजना प्रस्तावित है जिस पर उपायुक्त ने आधार बर्थ लिंक रजिस्ट्रेशन के तहत जिले के सरकारी अस्पतालों में टेस्टिंग शुरू करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश सहायक प्रबंधन क्षेत्रीय कार्यालय आधार को दिया। साथ ही 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण हेतु महिला पर्यवेक्षिकाओं के प्रशिक्षण के उपरांत उनकी परीक्षा जल्द से जल्द आयोजित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इंप्लीमेंटेशन ऑफ डॉक्यूमेंट अपडेट प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक 10 साल में आधार कार्ड धारी को आवश्यक जानकारियां अधिकतम करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए बृहद रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ० असीम कुमार को दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आधार के राज्य स्तरीय पोर्टल पर 18 से अधिक आयु वर्ग के लंबित 5 आवेदनों को संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को डिपार्टमेंट ऑफ इट एंड ई-गवर्नेंस (डीओआईटी) के आधार ऑपरेटरों के रिसर्टिफिकेशन के संबंध में स्मारिका देने का भी निर्देश दिया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक रामगढ़, सीडीपीओ दुलमी, परियोजना पदाधिकारी यूआइडीएआइ रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

# डीसी ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** बुधवार को उपायुक्त नैंसी प्रखंड में डीएमएफटी योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति का स्थल निरीक्षण करने डीसी नैंसी सहाय बरही पहुंचे थे. इस दौरान उनके साथ डीडीसी प्रेरणा दीक्षित और प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा भी मौजूद रही. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्लस 2 उच्च विद्यालय में डीएमएफटी योजना से बन रहे भवन, बरहीडीह आंगनबाड़ी आदि का भी निरीक्षण किया. साथ ही गुणवता पर भी ध्यान देने की बात कही. प्लस टू उच्च विद्यालय के निर्माण कार्य को आगामी 10 अक्तूबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया. वही आंगनबाड़ी केंद्र में साफ सफाई और पंजी संधारण में कमी के कारण सेविका को डांट लगाते हुए वेतन निकासी पर रोक लगाया. इस दौरान उपायुक्त ने अनुमंडलीय अस्पताल का भी औचक निरीक्षण कर ओपीडी, प्रसव कक्ष, जांच घर, दवा काउंटर, एक्सरे, ट्रॉमा सेंटर सहित विभिन्न विभागो का औचक निरीक्षण किया. साथ ही मौजूद डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी को कई आवश्यक निर्देश भी दिया. डीएस ने बताया कि उपायुक्त मुख्य रूप से डीएमएफटी के तहत हो रहे कार्यों के निरीक्षण के उद्देश्य



से आईं थी. इस दौरान उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल के कमियों से भीं अवगत कराया गया. चिकित्सको की कमी के कारण ओपीडी की समस्या, ऑपरेशन बंद होने, एक्सरे मशीन की खराबी इत्यादि की विस्तार से जानकारी दी गई. साथ ही शीघ्र समाधान की मांग की गई. वह अनुमंडलीय अस्पताल के कार्यों से पूर्ण संतुष्ट दिखे. मौके पर सभी एएनएम, स्वास्थकर्मी और चिकित्सक मौजूद थे.

## बरकट्ठाः प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाई जा रही है गणेश चतुर्थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में गणेश चतुर्थी पर गणपति पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है।इस निमित पंडालों में आकर्षक लाइट और डीजे लगाए गए हैं। वहीं प्रखंड अंतर्गत शिलाड़ीह में खुशहाल हिंद युथ क्लब के द्वारा गणपति की पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने कहा यहां लगभग 15 वर्षों से गणपति पूजा किया जा रहा है। वही पुजारी नरेश पांडेय ने कहा पौराणिक कथा के मुताबिक भादो मांह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था इसलिए इस दिन गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव के दिन लोग उन्हें अपने घरों में लेकर आते हैं और विधि विधान से 11 दिनों तक उनका पूजन करते हैं। हालांकि कई लोग 3 दिन, 5 दिन ,7 दिन और 9 दिन भी पूजा करते हैं। मौके पर शिवलाल यादव, पप्पू मंडल, सूरज देव प्रजापति, बाबूलाल पांडे, प्रदीप पांडे, राजन चौधरी, रामेश्वर राम, संतोष पंडित, संदीप साव, रजनीकांत पांडे के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## बासल थाना प्रभारी विकास आर्यन और रामगढ़ थाना के एसआई श्यामनंदन निलंबित

**रामगढ।** अरगड्डा बिंझार रोड के बफल सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण मुद्दे पर डीसी चंदन कुमार गंभीर हैं। उन्होंने जांच टीम गठन कर जांच रिपोर्ट सौंपे जाने का निर्देश दिया था। मंगलवार को एसडीओ मो जावेद हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान और रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार मामले कई जांच के लिए पहुंचे। जांच के बाद एसडीओ मो जावेद हुसैन द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट सौंपा । रिपोर्ट के आधार पर रामगढ़ थाना अंतर्गत मौजा मरार के खाता संख्या 1, प्लॉट संख्या 1423 में कथित अवैध निर्माण मामले को लेकर बासल थाना प्रभारी विकास आर्यन और रामगढ़ थाना के एसआई श्यामनंदन सिंह को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने कहा कि अवैध निर्माण स्थल पर दो दारोगा की उपस्थिति मामले की जांच की जा रही है। कहा कि मामले की जांच पूरी होने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## श्री दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन उत्तम मर्दव धर्म की पूजा का आयोजन



**रामगढ़ ।** शहर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में श्री दशलक्षण महापर्व को लेकर अनुष्ठान चल रहा है . दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन 20 सितम्बर को रामगढ़ और रांची रोड में कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. श्री दिगम्बर जैन मंदिर में महापर्व के दूसरे दिन जलाभिषेक का सौभाग्य पदमचंद, सुमत्त जैन, अमराव देवी प्रदीप कुमार पाटनी, जीवन मल, जंबू कुमार पाटनी, हरकचंद विवेक अजमेरा, रामेश सेठी व विकाश सेठी को प्राप्त हुआ. रांची रोड में जलाभिषेक का सौभाग्य विनोद कुमार व अनंत सेठी को प्राप्त हुआ. श्री दिगम्बर जैन मंदिर में शांतिधारा का सौभाग्य अशोक, सुनील व संजय सेठी को प्राप्त हुआ. रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में शांतिधाराका मनोज काला को प्राप्त हुआ. इस अवसर पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन व मन्दिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने कहा कई 21 सितम्बर को उत्तम आर्जव धर्म का पूजा का आयोजन होगा.

## उमवि. में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मना



**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में 20 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय में पहुंचे वर्ग 1 से 8 तक बच्चों को एलबेंडाजोल का टेबलेट खिलाया गया। मौके पर मांडू शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय राम उपस्थित हुए और छात्र-छात्राओं को दवा खिलाया। कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ्य बनाए रखना है। इसलिए बच्चों को अभियान के तहत गोली खिलायी जा रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि आज सरकारी विद्यालयों में जो ऐलबेंडाजोल बच्चों को खिलाया गया। कहा कि इसे खिलाने का उद्देय बच्चों को स्वस्थ्य रखना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ,शारदानंद शर्मा, जेठालाल मांझी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे

# ऐप डाउनलोड करवाकर ठगों ने खाता किया खाली

## साइबर सेल और स्थानीय थाना में किया शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** साईबर ठग हर दिन अपने नए चाल से सीधे साधे लोग को अपने चक्कर में फंसा रहे है. ऐसा ही एक मामला विगत सोमवार को गौरियाकरमा के एक मेडिकल प्रैक्टिशनर के साथ देखने को मिला. नाम नही लिखने के शर्त पर भुक्तभोगी ने बताया कि फ्लिपकार्ड से उन्होंने एक किताब मंगवाया था. परंतु उन्हें उनके आर्डर के अनुसार कितना नही मिला. जिसे वह डिलीवर बॉय को वापिस कर दिए. पैसे वापसी के लिए वह गूगल से फ्लिप कार्ड के कस्टमर केयर का नंबर ढूंढकर कॉल किए. जिस पर एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करते हुए उन्हें सीनियर अधिकारी के द्वारा फोन किए जाने की बात कही. कुछ ही देर बाद एक दूसरे व्यक्ति का फोन फ्लिप कार्ड के सीनियर अधिकारी के रूप में आया. साथ ही पैसे वापसी हेतु फोन कॉल के दौरान ही कुछ प्रोसेस बताते हुए एक लिंक भेजकर एव्वल ऐप इंस्टॉल करवाया गया. ऐप इंस्टॉल हो जाने के बाद एसबीआई का योनो ऐप पर भी लॉगिन करवाया गया. फिर यूपीआई के माध्यम से उनके एसबीआई खाता से कुल 34680 रुपए निकाल लिए गए. इस दौरान उनसे किसी भी प्रकार का ओटीपी या पासवर्ड या डिटेल्स नही पूछा गया. बाबजूद उनके खाता से पैसा खाली कर दिया गया. अपने साथ हुए धोखा धडी को लेकर उन्होंने स्थानीय थाना और साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाई है.

**क्या कहते है कम्प्यूटर प्रोफेशनल्स** मामले के संबंध में सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक सह मुख्य प्रशिक्षक जयदीप कुमार सिन्हा ने बताया कि

**कस्टमर केयर के नाम पर साइबर ठग बना रहे है फेक पोर्टल : जयदीप**

तकनीक काफी विकसित हो चुके है. इंटरनेट की दुनिया में सावधानी ही बचाव का उत्तम मार्ग है. अब ओटीपी या कुछ भी पूछने की आवश्यकता नही है. टीमव्यूअर, एमएडमिन, एव्वल, शेयर आदि कई शॉर्ट ऐप है जिसके माध्यम से कंप्यूटर या मोबाइल को रिमोट कंट्रोल किया जाता है. ऐप इंस्टॉल होते ही आपके सिस्टम का पूरा दृश्य इंस्टॉल करवाने वाले के मोबाईल या सिस्टम पर चला जाता है. इतना ही नहीं आपके द्वारा दबाए जाने वाले हर एक बटन की एक्टिविटी दूसरे को पता चलता है. इतना ही नहीं गूगल में सेव किया गया पासवर्ड भी वह जान जाता है. इसके माध्यम से वह व्यक्ति आपके सभी छिपे हुए लिंक और पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है. हैकर्स इसी प्रकार से धोखे में लेकर ऐप इंस्टॉल करवाते है और अपना शिकार बनाते है.

**सावधानियांः** केंद्र निदेशक ने बताया कि इससे बचने के लिए सावधानी महत्वपूर्ण है. अपने मोबाइल पर आए किसी भी अनजाना लिंक को न तो क्लिक करे न ही फॉरवर्ड करे. किसी भी परिस्थिति में किसी के कहने पर अपना वित्तीय ऐप चालू नही करे. गूगल पर कभी भी पासवर्ड सेव के ऑप्शन को हां नही करे. उन्होंने बताया कि गूगल पर सभी सूचनाए सही नहीं होते हैं. गुगल सहायक है संरक्षक नही. ठगी के शिकार होने पर तत्काल इसकी सूचना बैंक को देते हुए स्थानीय थाना और साइबर सेल को देनी चाहिए.

## सृष्टि-दृष्टि नर्सिंग होम में हंगामा

# जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो जाने पर हुरहुरू स्थित नर्सिंग होम में बुधवार को मृतका के परिजनों ने खूब हंगामा किया. वहां डॉक्टर-कंपोंडर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया. परिजनों ने कहा कि लाख रुपए दे चुके हैं फिर भी लापरवाही से प्रसूता की मौत हो गई. मामला हजारीबाग हुरहुरू स्थित चंदा कॉम्प्लेक्स में संचालित सृष्टि-दृष्टि नर्सिंग होम का है. महिला रामगढ़ स्थित गोला के राजेश कुमार की पत्नी सोनी कुमारी थी. पति राजेश कुमार पेयजल विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर हैं. पत्नी उन्हीं के साथ झील कैंपस स्थित सरकारी क्वार्टर में रहती थी. राजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार रात को पत्नी को यहां भर्ती किया था. इलाज में लापरवाही की वजह से उनकी पत्नी की मौत हो गई. पत्नी ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया. इसकी सूचना दिए जाने के बाद पत्नी की मौत की जानकारी दी गई. राजेश ने बताया कि नर्सिंग होम की डॉक्टर काकुली राय मैत्रा के कहने पर कभी अल्ट्रासाउंड तो कभी अन्य जांच करवाते रहे. इसमें लगभग एक लाख रुपए लग गए. भर्ती के वक्त ?35000 खर्च होने की बात कही. अल्ट्रासाउंड में जुड़वा बच्चों की बात सामने आने पर 35 की जगह 70,000 रुपए लगने की बात कही गई. उन्होंने पूरे पैसे नर्सिंग होम को दे दिए. घटना की सूचना मिलने पर आईएमए के पूर्व सचिव डॉ एपी चैतन्या घटनास्थल पर पहुंचकर मौत के कारणों की जांच कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मौत कैसे हुई है इसकी जानकारी ली जा रही है. जो भी इसमें दोषी होंगे उस पर कार्रवाई होनी चाहिए. डॉ काकुली राय मैत्रा सृष्टि-दृष्टि नर्सिंग होम की डॉ काकुली राय मैत्रा ने कहा कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई. जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद अचानक महिला का ब्लड प्रेशर अत्याधिक बढ़ गया और उसकी मौत हो गई. कोई भी डॉक्टर किसी मरीज को मारने की सोच भी नहीं सकता.

## धूमधाम से गणेश महोत्सव का आयोजन

**बरही ।** अफीम कोठी के शिवाजी कॉलोनी बरही में गणेश महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया. इस अवसर पर सिद्धिविनायक भगवान गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित किए गए. जिनका श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना की गई. इस अवसर पर हजारीबाग पंडाल सहित मार्ग को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था. सुबह शाम भक्तिमय गीत से अफीम कोठी सहित बरही के आस पास का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है. महोत्सव सफल बनाने में पूजा समिति के अध्यक्ष अजीत राम, सचिव अशोक राम, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार और उपकोषाध्यक्ष सोनू कुमार सहित समिति के सभी सदस्य और प्रबुद्धजन अपने महती भूमिका निभा रहे है. मौके पर दर्शन करने पहुंचे बरही पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर ने बताया कि सिद्धदाता भगवान गणपति विघ्नकर्ता के रूप में जाने जाते है. यह प्रथम पूज्य अराध्य है. इनकी कृपा से हम सबो को सुख,समृद्धि और शांति मिलती है.

# जवाहर नवोदय विद्यालय के जूडो खिलाड़ियों का केरल में जलवा

### 6 स्वर्ण, 5 रजत और 11 कांस्य पदक जीते

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता केरल के कोल्लम में 11 सितंबर से 15 सितंबर तक आयोजित किया गया था. इस प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय के जूडो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. इस राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, 5 रजत और 11 कांस्य पदक हासिल किए. बता दें कि इस प्रतियोगिता में इस प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय के 8 संभाग से लगभग 450 चयनित जूडो खिलाड़ियों को शामिल किया गया था. जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा के प्राचार्य किशोर कुमार ने बताया कि पटना संभाग से कुल 50 खिलाड़ियों का चयन कर जूडो



का विशेष प्रशिक्षण दिया गया था. खिलाड़ियों ने प्रति दिन छह घंटे पसीना बहाया. जिसका सुखद परिणाम मेडल के रूप में आया. इसके अलावा अंडर झ 14 बालिकाओं की टीम ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा भी जमाया. प्राचार्य एवं विजेता खिलाड़ियों ने इसका श्रेय अपने जूडो कोच प्रिंस मिश्रा, खुशी सिंह, कौशल कुमार एवं विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रणवीर रॉय, सुनीता विष्ट को दिया है. टीम के साथ गए कोच रणवीर रॉय, काजल रानी (मैनेजर), अजय यादव, सिखा गौर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. विद्यालय के जूडो कोच प्रिंस मिश्रा ने बताया कि 6 स्वर्ण पदक विजेताओं दयानंद मोदी कोडरमा, आनी कुमारी रांची, अनामिका यादव कोडरमा, गोविंद सिंह कोडरमा, सुहानी प्रिय कोडरमा, मेघा श्री कोडरमा को इस बार के स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित नेशनल गेम्स में पटना संभाग का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है.

## बरकट्ठा में प्रमुख और मुखिया ने बच्चों के बीच स्कूली कीट का किया वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के रा० उ० मध्य विद्यालय बरवां में प्रखंड प्रमुख रेणु देवी और मुखिया संघ अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया इंद्रदेव प्रसाद के द्वारा कुल 308 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली किट व बैग का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि सरकार शिक्षा के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है। साथ ही बच्चों को अध्ययन के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चे मन लगाकर पढ़ें और आगे बढ़ें। वहीं मुखिया ने उपस्थित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने और नियमित स्कूल आने की बात कही। वहीं शिक्षकों से उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें ।मौके पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार, शिक्षक अमलेश्वर दास, अजय रविदास, गोपेश्वर प्रसाद , अरूण कुमार मंडल, रामचन्द्र प्रसाद, राखी रानी,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद,उपाध्यक्ष बेबी देवी, पुर्व भाजपा अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद, बिनोद प्रसाद, उमेश प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बुचई में ग्रामीणों ने की बैठक, काली अध्यक्ष व विकास बने

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बुचई में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीण की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संतोष शर्मा तथा संचालन शंकर यादव ने किया। वहीं आगामी दुर्गा पूजा का त्यौहार धूमधाम से मनाने को लेकर पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष काली यादव,सचिव विकाश कुमार यादव,उपसचिव राजकुमार राणा, कोषाध्यक्ष शंकर मोदी, उपकोषाध्यक्ष त्रिवेणी यादव, उपाध्यक्ष रामा यादव तथा मीडिया प्रभारी संजय यादव को चुना गया। इसके अलावा कर्यकारिणी सदस्यों में अनिल यादव, विजय पासवान, सरोज यादव, छत्रु दास, संतोष मोदी, कृष्णदेव राणा, नीरज यादव, सुरेंद्र यादव, सुदामा यादव, नारायण, यादव को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**जागरूकता**

## आजीविका महिला का संकुल स्तरीय सहकारिता समिति की बैठक

# वार्षिक आमसभा में सैकड़ों महिलाएं हुईं शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के चुगलामों पंचायत अंतर्गत तुर्कबाद में आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति के तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,मुखिया फुलवंती देवी, गयपहाड़ी मुखिया कलावती देवी, कांग्रेस नेता डॉ प्रकाश कुमार, सुनील कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल ने कहा, इस संगठन में पांच पंचायत में 22 गांव के लोग जुड़े हुए हैं। जिसमें तीन सौ महिलाएं शामिल हैं। इस तरह का समूह बनने से महिलाओं का विकास होता है। मुखिया फुलवंती देवी ने कहा कि ऐसे संगठन से ही महिलाओं का सशक्तिकरण होता है। महिलाएं निरंतर जागरुक हो रही है और अलग-अलग प्रकार के संगठनों से जुड़कर स्वयं को सशक्त बना रही है। मौके पर मुख्य रूप से दुर्गा देवी, सरिता देवी, राधा देवी, गुलशन खातून, नुसरत प्रवीण, उर्मिला कुमारी, कौशल्या देवी, रीना देवी, बसंती देवी,कंचन देवी,गौरव देवी, ललिता देवी, कांति देवी, गुड़िया देवी, गिरिजा देवी, मीना देवी, सुहानी रानी, तबस्सुम परवीन, शकीला खातून समेत आदि लोग उपस्थित थे।



### सिमडेगा डीसी ने किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ

# बच्चों और महिलाओं को दी जाएगी कृमि नाशक दवा





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने संत मेरीज हाई स्कूल सामटोली में बुधवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा उपायुक्त सिमडेगा का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर फेड्रिक कुजूर के द्वारा अतिथियों का स्वागत संबोधन किया गया। जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारम्भ करते हुए बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिला कर किया गया। जिले में 01 से 19 वर्ष तक के लगभग 02 लाख 96 हजार बच्चों और किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा वर्ष में दो बार कृमि संक्रमण और उससे सम्बंधित रोगों की रोकथाम के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम में 1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों और किशोरों-किशोरियो को स्कूल, तकनीकी संस्थानों और आंगनबाड़ी के माध्यम से डिवर्मिंग दवा एल्बेंडाजॉल खिला कर कृमि मुक्त किया जाता है।उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य शरीर में ही स्वास्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है। हम सभी को शारीरिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम एवं योग करना चाहिए। परंतु जो, परजीवी शरीर के अंदर आंत में पाए जाते हैं उसे संक्रमण से बचाव के लिए यह दवा खाना अति आवश्यक है। दवाई लेने से कृमि संक्रमण की खतरा नहीं होती है। उपायुक्त द्वारा मौके पर ही बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोलियां खिलाई गई।इसके अलावा जिले के सभी प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोलियां खिलाई गई। जो बच्चें कृमि मुक्ति दिवस के दिन दवाई खाने से छूट जाएंगे उन्हें 29 सितंबर मॉपअप डे के दिन एलबेण्डाजोल दवाई खिलाई जाएगी।सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो ने कहा कि कृमि वह परजीवी हैं जो मनुष्य के आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं। कृमि संक्रमण भारत में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है और ये बच्चों और किशोरों की शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। इनसे एनीमिया और कुपोषण का भी खतरा है। नियमित डिवर्मिंग बच्चों और किशोरों में कृमि के संक्रमण को समाप्त कर, उनके शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास में योगदान कर सकता है और साथ ही जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है।कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, नजारत उपसमाहर्ता - सह- समाज कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ. आनन्द खाखा उपस्थित थे।

## कोडरमा : साइट बना कर कॉलगर्ल के नाम पर ठगी, नाबालिग समेत 3 धराया

**कोडरमा।** पुलिस ने एक बार फिर साइबर अपराधियों के ऊपर शिकंजा कसा है. मामला कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र गड़गी का है, जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन लोगों को पकड़ा. पकड़े गये लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है. कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि तीनों आरोपियों ने नंदिनी शिमला कॉलगर्ल एस्कॉर्ट सर्विस नाम का एक ऑनलाइन साइट बनाया था. देश भर में लोगों से कॉल गर्ल सर्विस के नाम पर पैसे मांगे जाते थे. नंदिनी शिमला कॉलगर्ल एस्कोर्ट के साइट पर आए हुए लोगों के मोबाइल पर कॉलगर्ल प्रोवाइड करने के नाम पर लड़कियों के फोटो भी भेजे जाते थे. साथ ही उनके मोबाइल पर बारकोड भेज कर सर्विस देने के नाम पर पैसे भी मंगाया जाता था. प्रेसवार्ता के दौरान जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, एसआई पंचम तिग्गा भी मौजूद थे.

## उपविकास आयुक्त ने कोडरमा के मरकच्चो प्रखंड कार्यालय का किया दौरा

**कोडरमा।** उपविकास आयुक्त ऋतुराज ने बुधवार को मरकच्चो प्रखंड कार्यालय का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड के पदाधिकारियों व सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिवों के साथ बैठक की. बैठक में प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई. इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त योजना, मनरेगा समेत महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा हुई. बैठक के दौरान डीडीसी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए. वहीं बैठक में उपस्थित मुखिया ने भी अपनी समस्याओं से डीडीसी को अवगत कराया. बीस सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह ने मरकच्चो मध्य पंचायत में पेयजल व सड़कों पर बहते गंदे पानी से होने वाली समस्या से अवगत कराया. नावाडीह पंचायत की मुखिया बैजंती देवी नावाडीह हाट बाजार में जर्जर बाजार शेड को हटाने की मांग की. बैठक के बाद डीडीसी ने पपलो व मरकच्चो दक्षिणी पंचायत में चल रहे योजनाओं का भी निरीक्षण किया तथा कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया. वहीं इसके पूर्व डीडीसी ने स्वावलंबी गांव अकोर्शा में सीसी का भी उद्घाटन किया. वहीं पंचखेरो जलाशय के मत्स्य पालकों ने डैम जाने के लिए सड़क की असुविधा से अवगत कराया तथा इसके निराकरण की मांग की. डीडीसी ने मरकच्चो बाजार हाट का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने बाजार में जर्जर दो शेड को हटाने के निर्देश दिये. बाजार में नए बनाये गए शेड व पेवर ब्लॉक का कार्य पूर्ण होने पर जल्द ही इसके उद्घाटन की बात कही.

## कोडरमा। सखी वन स्टॉप सेंटर कोडरमा ने तीन साल से गुमशुदा महिला को परिजनों से मिलाया

**कोडरमा।** सखी वन स्टॉप सेंटर कोडरमा ने तीन साल से गुमशुदा महिला को उसके परिवार से मिलाया है. सखी वन स्टॉप सेंटर कोडरमा की नोडल पदाधिकारी अर्चना ज्वाला ने बताया कि बीते 16 सितंबर को मरकच्चो थाना के द्वारा एक भटकी हुई महिला को सखी वन स्टाफ सेंटर में पहुंचाया गया था. महिला ने टूटे-फूटे शब्दों में अपने गांव तथा शहर का नाम बतायी, जो बिहार था. इसके अलावा वह कुछ भी नहीं बता पा रही थी. महिला के द्वारा बताए गए शहर के थाना, महिला थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन स्टॉप सेंटर, टोल फ्री नंबर 181 तथा अन्य विभाग से संपर्क कर उसके परिजनों की तलाश शुरू की गई. सभी जगह महिला का फोटो भी भेजा गया. उसके अगले ही दिन सुबह अररिया के अररिया थाना से फोन आया कि महिला के परिजनों का पता चल गया है. उसके भाई ने थाना से संपर्क कर जानकारी मांगी है. फिर उसने सखी वन स्टॉप सेंटर कोडरमा से संपर्क कर बात की. उसने बताया कि उसकी बहन तीन साल से लापता थी. परिजनों से मान लिया था कि अब वह इस दुनिया में नहीं है. उसके मिलने की सूचना से पूरा खुश है.

# जामा मस्जिद में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जमीअत उलेमा तालिमी बोर्ड नई दिल्ली के द्वारा जिला इकाई के सहयोग से सिमडेगा जामा मस्जिद में बुनियादी दीनी तालिम के बढ़ावे को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। बुधवार को कार्यशाला की शुरूआत नई दिल्ली से आए बोर्ड के सेक्रेटरी मौलाना खालिद गयावी ने की। बोर्ड के पहले दिन जिले के विभिन्न मकतब और मदरसों में शिक्षक के रूप में कार्यरत आलिमों को दीनी तालिम को बढावा देने हुए प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से आए जमीअत के दीनी तालीम बोर्ड के सेक्रेटरी मौलाना खालिद गयावी,समन्वयक मौलाना फिरोज आदम और झारखंड स्टेट सेक्रेटरी मौलाना असजद के द्वारा प्रशिक्षण प्रशिक्षण दिया गया। मौलाना खालिद गयावी ने कहा कि इस्लाम में हर मर्द औरत को इल्म हासिल करना फर्ज है। दुनियावी तालिम के साथ साथ दीनी तालिम बच्चों को देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हर गांव कस्बे में मदरसा संचालित कर क्षेत्र के बच्चों को दीनी और दुनियावी तालिम दी जाए। उन्होंने कहा कि हमें यह सोचने की जरूरत है कि सभी मां बाप अपने बच्चों को स्कूल और मदरसा भेजें। ताकि वे सही तालिम हासिल कर सकें। इसके लिए समाज के लोगों को भी आना होगा। दीनी तालिम हासिल कराते हुए अभिभावक अपने बच्चों को दुनियावी तालिम हासिल कराएं और अपने बच्चों को आईएएस-आईपीएस,डाक्टर,इंजिनियर आदि बनाएं। मौलाना ने कहा कि उलेमा ए करामों को चाहिए कि बच्चों को सही तालिम दें। बच्चों को पढाने के वक्त उन पर ध्यान दें। सिर्फ ड्यूटी पूरी नहीं करें।

## क्षेत्रीय समस्याओं को दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता: एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता है और इसी मंत्र के का अनुसरण कर जमीन से जुड़कर झारखंड पार्टी लोगों की समस्याओं को दूर करने का कार्य कर रही है।आने वाले दिनों में सभी समस्याओं को पूरी तरह से दूर करने का प्रयास करेगी ,उक्त बातें पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का के द्वारा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कुंदुरडेगा गांव में आयोजित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के पश्चात कहीं ।उन्होंने आगे कहा कि झारखंड पार्टी को लोग विकल्प के रूप में देख रहे हैं और इस क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उन्हें दूर करने का प्रयास भी किया जा रहा है। क्षेत्र की जनप्रतिनिधि चुनाव के समय नजर आते हैं और चुनाव बीतने के बाद लोगों की समस्याओं को नहीं सुनते हैं जिसका खामियाजा आगामी 2024 के चुनाव में उन्हें भुगतना पड़ेगा। मौके पर ग्रामीणों ने बड़ी-बड़ी से बिजली पानी सड़क ,आवास सहित कई प्रकार की मूलभूत समस्याओं को राखी जिन्हें दूर करने का आश्वासन दिया गया।

## गणेश पूजा समिति ठेठईटांगर ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** गणेश पूजा समिति ठेठईटांगर द्वारा मंगलवार रात नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया संगीत मिंज, भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुर्जन प्रधान, संजय प्रसाद,अरूण कुमार उपस्थित हुए, प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक नृत्य का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम पुरस्कार सिंपी कुमारी को मिला जिसे प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने शिल्ड एवं निर्धारित राशि दे कर पुरस्कृत किया , द्वितीय पुरस्कार अमिता कुमारी ने प्राप्त किया जिसे मुखिया संगीत मिंज ने शिल्ड एवं निर्धारित राशि दे कर पुरष्कृत किया, तीसरा स्थान नेहा ग्रुप बांसपहार ने प्राप्त किया जिसे पुरस्कृत सुर्जन प्रधान ने शिल्ड एवं निर्धारित राशि दे कर पुरस्कृत किया,साथ ही साथ गणेश पूजा समिति ठेठईटांगर को तीनों अतिथियों ने मिलकर एक मोमेंटो प्रदान किया इनके अच्छे कार्य एवं एकता का परिचय देते हुए इस तरह का आयोजन करने के लिए उन्हें भी पुरस्कृत किया गया ।प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा इस तरह का आयोजन हमारे इस छोटे से प्रखंड में करना कमेटी के द्वारा सराहनिय कार्य है,। इन्हें मैं हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं।इस तरह का आयोजन कर हमारे बच्चों को एक प्लेटफार्म दे रहे हैं ।जिससे कि अपना हुनर दिखा सके ।अपना कल को यहां दिखा सके और एक दिन अपने भविष्य में अपने हुनर के द्वारा अपना भविष्य को संवर सके अपना करियर बना सके। क्योंकि आज कल पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, नाच च गान से भी हम सभी अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं।

## उपायुक्त ने उत्पाद विभाग अंतर्गत राजस्व संवर्धन से संबंधित की समीक्षा

**सिमडेगा ।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्पाद विभाग के अंतर्गत राजस्व संवर्धन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिमडेगा जिला अंतर्गत संचालित दुकानों से राजस्व प्राप्त से संबंधित कार्यों की समीक्षा की एवं सरकार से प्राप्त निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अगस्त माह में अवैध शराब छापामारी के तहत की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्हेंने ने उत्पाद अधीक्षक को जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सतत छापेमारी अभियान चलाते रहने का निर्देश दिया।बैठक में अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं उत्पाद अधीक्षक जितेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने जलडेगा एवं कोलेबिरा प्रखंड का किया पुनर्गठन

**सिमडेगा।** आजसू पार्टी सिमडेगा जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडेय जी के नेतृत्व में कोलेबिरा और जलडेगा प्रखंड पूर्ण गठन किया गया एवं कमेटी विस्तार किया गया साथ कि आजसू पार्टी का महाधिवेशन 29,30, सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 तक मोराबादी मैदान रांची में होगा, जिसमे झारखंड प्रदेश से 1 लाख पदाधिकारी सम्मिलित होंगे इसी तैयारी को लेकर सिमडेगा जिला भी शामिल रहेगा,कोलेबिरा प्रखंड प्रभारी सोनू कुमार साहू,कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष-संदीप साहू , प्रखंड सचिव आर्यन कुमार प्रखंड कोषाध्यक्ष तुलसी मेहर और जलडेगा प्रखंड प्रभारी सुभाष साहू प्रखंड अध्यक्ष मनीष साहू , प्रखण्ड सचिव घूरन साहू, प्रखंड कोषाध्यक्ष फूलन नाग प्रखंड उपाध्यक्ष प्रोनित साहू को बनाया गया।मौके पर आजसू पार्टी, वरीय जिला उपाध्यक्ष अनिल मेहर, छात्र संघ जिला अध्यक्ष फूलसिंह बड़ाइक, बादल सिंह, सत्रुधन प्रधान, पवन प्रधान, कैलाश सिंह, नीतीश प्रसाद, संजय नायक, रिंकू नाग, मुकेश कुमार के अलावा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच गिरफ्तार,जेल



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के मधुबन खमन भादरा में पिछले 11 सितंबर को दो आदिवासी यूवतियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में सिमडेगा पुलिस के द्वारा बुधवार को पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में जॉर्ज जॉन्सन सोरेंग,संदीप कुसमा,समीर कुसमा,पीताम्बर महतो,एवं कृष्णा बड़ाईक नामक युवक शामिल है थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। गौरतलब हो 11 सितंबर के शाम में अपने दोस्तों के साथ खमन भद्रा रही पांच यूवतियों में से दो को अगवा कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। एवं तीन की बयान भी संदेहास्पद थी ।इसलिए पुलिस ने अन्य तीन की भी मेडिकल जांच कराई थी जिसमें सिर्फ दो के साथ दुष्कर्म की घटना पुष्टि हुई थी। इस मामले में पूर्व में एक बालिक सहित तीन नाबालिक को जेल भेजा जा चुका है।

## केरसई में धूमधाम से मनाया गया गणेश उत्सव

**केरसई।** प्रखंड के विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों में गणेश चतुर्थी पूजा धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने अपने घरों एवं चौक चौराहों में भी सिद्धिविनायक गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की।केरसई के इंदिरा चौक मुख्यालय स्तिथ महावीर मंदिर प्रांगण एवं रूसु गांव में दुर्गा पूजा मंडप प्रांगण में गणेश पूजा धूमधाम से मनाई गई। देवी देवताओं की आरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान पुरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण का निर्माण हुआ। वहीं पूजा समिति के सदस्यों द्वारा भंडारा महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात संध्या में पुरे भक्तिभाव से गाजे बाजे के साथ विघ्नहर्ता गणेश जी की विसर्जन जुलूस निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा तथा गणपति बप्पा मोरया के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। केरसई गणेश पूजा में प्रिंस कुमार, पप्पू प्रसाद, अनुज कुमार,विक्की कुमार,आकाश कुमार,नितेश कुमार, अमित कुमार, सूर्या प्रताप, अवधेश प्रसाद, विवेक यादव, प्रेम कुमार,सुशांत कुमार सहित ढेरों नवयुवकों एवं वरिष्ठों का अहम योगदान रहा।वहीं रूसु गणेश पूजा में नेहाल कुमार,शिव प्रसाद,अंकित कुमार, मंटू कुमार,आयुष कुमार, अनिकेत कुमार,सूरज कुमार,धीरज प्रसाद सहित प्रबुद्ध समाजसेवीयों की अहम भूमिका रही।

## रेस परियोजना के तहत हुआ मीडिया कार्यशाला

**सिमडेगा।** लीड्स कार्यालय सिमडेगा में संस्था लीड्स द्वारा रेस परियोजना के तहत जिला स्तरीय मीडिया एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभआरंभ लीड्स के जिला परियोजना प्रबंधक नरेंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया और पत्रकारों का स्वागत किया साथ ही लीड्स के कार्यक्षेत्र की जानकारी दी।इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रेस परियोजना क्लीन एनर्जी को आर्डिनटर मनीष कुमार सिंह के द्वारा रेस परियोजना की जानकारी और रेस परियोजना के सफलताओं को बताया गया और साथ ही लीड्स संस्था के कार्यों की पूरी जानकारी दी । माईग्रेंट लेबर प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर अनुराग के द्वारा माईग्रेंट लेबर प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी गई। अंत में अभिषेक राहुल के द्वारा सभी उपस्थित मिडिया पत्रकार बंधुओ को धन्यवाद किया गया।

**उद्घाटन** | राशन कटौती के खिलाफ 29 सितंबर को मजदूरों का प्रदर्शन

# सीटू का मजदूर अधिकार कन्वेंशन, कमेटी गठित





**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मजदूर विरोधी केंद्र सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के आह्वान के साथ कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और सीटू से सम्बद्ध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन का मजदूर अधिकार कन्वेंशन संपन्न हो गया. साहू भवन झुमरीतिलैया में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेश्वर दास, रविन्द्र भारती, राजेन्द्र पासवान व उषा देवी की चार सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया. कन्वेंशन में कई प्रस्ताव पारित किए गए. सुखाड़ में निर्माण मजदूरों को अगले छह माह तक दस किलो प्रति व्यक्ति मुफ्त अनाज और पांच हजार रुपये प्रति माह सुखाड़ राहत राशि देने, जन वितरण प्रणाली व्यवस्था में मुफ्त अनाज के साथ पुरानी व्यवस्था एक रुपए किलो अनाज को लागू करने, राशन में कटौती पर डीलर पर कार्रवाई करने आदि मांगों को लेकर चर्चा की गई. अपनी मांगों को लेकर 29 सितंबर को प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया जायेगा. सीडब्लूएफआई के आह्वान पर निर्माण मजदूरों की केन्द्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन में जिले से पांच हजार मजदूरों का हस्ताक्षर एकत्रित करने, लखीमपुर खीरी काण्ड की बरसी पर किसान व मजदूर संगठनों का 3 अक्टूबर को संयुक्त काला दिवस आंदोलन में शामिल होने का प्रस्ताव पारित किया गया. कन्वेंशन में भारी संख्या में मजदूर शामिल हुए. जिसमें महिलाओं की भूमिका उल्लेखनीय थी. कन्वेंशन का उदघाटन करते हुए सीटू नेता सीडब्लूएफआई केन्द्रीय कमिटी सदस्य और झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के महासचिव संजय पासवान ने कहा कि मजदूरों के पास खोने के लिए अपनी बेड़ियों के सिवाय और कुछ नहीं है. जीतने के लिए उनके सामने सारी दुनिया है. आज देश में उत्पादन व विकास की मुख्य ताकत मजदूर वर्ग की सिर्फ घोर उपेक्षा नहीं बल्कि 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड में बदलकर मजदूरों के कानूनी अधिकारों पर जबरदस्त हमला किया जा रहा है.

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत 1-19 वर्ष आयुवर्ग के बालक व किशोरों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

# स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहेंगे तो दवा की नहीं पड़ेगी जरुरत : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत जिले में 1-19 वर्ष आयु के 739545 बच्चों एवं किशोरों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य है। इसे लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित शांति निवास विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन कर इसकी औपचारिक शुरूआत की गई। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपायुक्त शेखर जमुआर के अलावा आइएमए गढ़वा के संरक्षक डा.एम यासिन अंसारी, डीआरसीएचओ डा.संध्या टोपनो, सीएचसी गढ़वा के एमओआईसी डा.संजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्र-छात्राओं को कृमिनाशक गोली खिलाई गई।




मौके पर उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहकर दिनचर्या का समुचित अनुपालन करें तो दवा की जरुरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संगठनें काम कर रही हैं। लोग स्वस्थ रहें, इसके लिए विशेष दिवस मनाकर संबंधित बीमारी के लिए एहतियातन दवा खिलाई जा रही है। लोगों को स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों को जानें, समझें एवं उसका अनुपालन करें। जिले की अन्य समस्याओं की चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यहां पानी को लेकर सबसे बड़ी समस्या है। जिले में दिनानुदिन भूगर्भ जलस्तर नीचे जा रहा है। ऐसे में हमें ऐसे फसलों की खेती करना चाहिए, जो कम पानी में उपज सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि माता-पिता एवं शिक्षकों के अनुशासन में रहते हुए ऐसी दिनचर्या का पालन करें कि बाद में आपको अपने आप पर गर्व हो सके। उन्होंने कहा कि जीवन में पहले 25 वर्षों तक किया गया मेहनत कर पढेंगे तो बाकी जीवन भी बहुत बढ़िया रहेगा। इससे पूर्व शांति निवास विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर रौशना उपायुक्त एवं अन्य सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने विद्यालय के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय से पढ़े विद्यार्थी डाक्टर,इंजीनियर के साथ ही कई बड़े पदों पर गए हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहिया कार्यक्रम के डीपीसी जेवियर एक्का ने कहा कि कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली पूरी तरह सुरक्षित है। आज जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाई जा रही है। जो बालक बालिकाएं दवा खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 29 सितंबर को माप अप राउंड के तहत दवा खिलाई जाएगी। मौके पर एकजुट के अजीत कुमार सिंह, बीएएम प्रेममणि सुधांशु, डीपीसी कुमार शुभम आदि उपस्थित थे।

## मजदूरी करने गए युवक की सांप के काटने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
बाहर मजदूरी करने गये एक मजदूर की सांप के काटने से सोमवार की रात्रि मौत हो गई। बुधवार को मृतक का शव घर पर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बेरिया दामर गांव निवासी अख्तर अंसारी (35) बीते दो माह पूर्व मजदूरी करने ओडिशा के जगदलपुर गांव गया था। वहीं प्रत्येक दिन की तरह सोमवार को काम करने के बाद जब वह शाम को अपने डेरा लौटा तो रात्रि का भोजन करने के बाद अपने कमरे में सो गया। इसी बीच मृतक को करैत सांप ने पैर में काट लिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। कंपनी के वाहन खर्च पर बुधवार को मृतक का शव गांव लाया गया। उसके बाद गांव के ग्रामीणों के बीच मृत शव को मिट्टी देने का काम किया गया। बताते चलें कि मजदूरों के लिए महत्वाकांक्षी योजना बना मनरेगा से इन दिनों मजदूरों का मोह भंग हो गया है। मजदूरी करने के बाद भी उन्हें मजदूरी नहीं मिल पाता है। ऐसे में मजदूरी के लिए बाहर पलायन करना उनकी मजबूरी हो जाता है। प्रखंड क्षेत्र के हजारों से भी अधिक ऐसे मजदूर हैं जिन्हें अभी तक मनरेगा योजना में काम करने के बाद मजदूरी नहीं मिल पाई है। आज भी उन मजदूरों में कुछ अपने-अपने घर पर बैठकर अपने पैसे का इंतजार कर रहे हैं।

**मृतक का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया**

## संक्षिप्त

### हासनदाग में दुर्गा पूजा कमेटी की गई गठित

**मेराल।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव स्थित देवी मंडप प्रांगण में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। साथ ही पुरानी दुर्गा पूजा कमेटी को भंग कर नई दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। गठित नई कमेटी का अध्यक्ष अविनाश चौबे, उपाध्यक्ष मानदेव बैठा, सचिव राजेंद्र चौधरी, उप सचिव संतोष चौधरी, कोषाध्यक्ष मानिकचंद चौधरी, उपकोषाध्यक्ष आरकेस चंद्रवंशी को बनाया गया। इसके कमल किशोर चौबे, बिगन राम, अंतू चौधरी, इलायची राम, रामनाथ चौधरी, राजबली चौधरी, द्वारिका चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, देवदत्त चौधरी, राजेंद्र चौधरी, को सदस्य बनाया गया। मौके पर बुद्धदेव चौधरी, मानदेव चौधरी, मालू चौधरी, बदन चौधरी, काशीनाथ चौधरी, बिट्टू चौबे, सुदर्शन विश्वकर्मा, हीरामन चौधरी मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक आयोजित

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार की शाम दुर्गा पूजा मनाने को लेकर जय मां भवानी क्लब की बैठक की गई। बैठक सुरेश रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष गुड्डू यादव, उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, सचिव सोनू सिंह, कोषाध्यक्षअनिल रावत, संरक्षक कंचन राउत, संचालन पुटुन राउत, सदस्य सुरेश रावत, सोनू रावत, सोना बच्चा, लल्लू राउत, उदित पासवान, सोनू राउत विवेक कुमार, अखिलेश, रावत अनिल रावत, अंकित रावत, अजीत कुमार, किशन गुप्ता, रवि यादव बनाया गया।

### पत्नी से विवाद पर युवक ने की आत्महत्या

**केतार।** थाना क्षेत्र के बलिगढ़ गांव निवासी नंदू चेरो (35 वर्ष) ने मंगलवार की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि पति- पत्नी के बीच आपस में विवाद हुआ था, जिसके बाद रात्रि में नंदू चेरो ने दूसरे रूम में जाकर फांसी लगा ली। जानकारी के बाद परिजनों ने बुधवार की सुबह फांसी के फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

### मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर नगर द्वारा संचालित जायन्ट्स सेवा सप्ताह के चौथे दिन बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग 6 से वर्ग 8 की 21 छात्राएं शामिल हुई। मेहंदी प्रतियोगिता में पंखुड़ी कुमारी ने प्रथम, शीतल कुमारी ने द्वितीय तथा वैष्णवी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया मेहंदी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को जायन्ट्स ग्रुप द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, विनोद कुमार,राहुल कुमार जायसवाल, अश्विनी कुमार, बिरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, हीरालाल, विद्यालय के शिक्षक खुशदिल सिंह, आफताब आलम, अनूप कुमार ठाकुर, अनिता कुमारी, सुधा कुमारी सहित सभी प्रतिभागी छात्राएं उपस्थित थे।

### इंपिरियल स्पाइसेस रेस्टोरेंट का उद्घाटन

**गढ़वा।** चिनिया रोड में थे इंपिरियल स्पाइसेस रेस्टोरेंट का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। मौके पर रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर सत्य हसन, पूर्व सांसद घूरन राम, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिंहा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, पूरन तिवारी, डॉ संतोष मिश्रा, आनंद सिंह आदि मौजूद थे।

### नगर में धूमधाम से मनाई जा रही गणेश चतुर्थी

**श्री बंशीधर नगर।** शहर में सिद्धि विनायक भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। चेचरिया में दो स्थानों पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। चेचरिया स्थित सीसीएल कंप्यूटर सेंटर के समीप गली में और प्रतिष्ठित व्यवसाई वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी के घर के समीप गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की किया गया। गणेश महोत्सव को लेकर लोगों के बीच विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मौके पर खुशी कुमारी, निशा कुमारी, नंदनी कुमारी, परी कुमारी, सलोनी कुमारी, किट्ठू कुमारी, आदित्य राज, अदिति कुमारी, विवेक कुमार, जिया कुमारी, जागृति कुमारी, नैना कुमारी आदि मौजूद रहे।

### दो गुटों में बंट कर फसलों को किया सफाचट, छलका किसानों का दर्द

# बिलैती खैर में हाथियों ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
थाना क्षेत्र के बिलैती खैर गांव में बीती रात हाथियों ने जमकर तांडव मचाया है। ग्रामीणों के अनुसार 20 से 22 की संख्या में हाथियों ने शाम 7:00 बजे ही गांव में दस्तक दे दी थी और पूरी रात हाथी दो गुटों में बंटकर तिल, मक्का व धान की फसलों को बर्बाद करते रहे। ग्रामीण डर के मारे रात भर रत जगा कर इधर-उधर दौड़कर जान बचाते रहे। सभी हाथी सुबह के 4:00 बजे जंगलों की तरफ रुख कर गए। वहीं फसलों को हुए भारी नुकसान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।



जिन किसानों की फसलों को हाथियों के द्वारा नुकसान किया गया है, उनमें उदय शाह के चार एकड़ खेत में लगी मक्के व धान की फसल, संतोष शाह की 3 एकड़ में धान, संजय शाह के 3 एकड़ में धान, यमुना शाह के 2 एकड़ में मकई, शिव साह के दो एकड़ में मकई, जितेंद्र भूइहर के दो एकड़ में मकई, परीखा भुइया की एक एकड़ में मकई, राजेश यादव के 2 एकड़ में धान, तिल, कामेश्वर यादव के दो एकड़ में धान-तिल, निर्मला देवी के खेत में 2 एकड़ में लगी धान व तील, भोला यादव के दो एकड़ में धान, प्रेम शाह के दो एकड़ में धान, अभिषेक यादव के दो एकड़ में मकई, रमेश यादव के दो एकड़ में मकई, विनय शाह का एक एकड़ में धान व तिल, पदार्थ यादव के एक एकड़ में मकई व धान, शिवधर यादव के 1 एकड़ में मकई, संतोष शाह के 3 एकड़ में मकई, विजय यादव के ढाई एकड़ में मकई, इंदल यादव के दो एकड़ में मकई, राजेश यादव के दो एकड़ में मकई, शिवनारायण यादव के दो एकड़ में तिल व मकई, सत्यनारायण यादव के दो एकड़ में मक, पचू यादव के दो एकड़ में मकइ, सूर्य नारायण यादव के दो एकड़ में मकई, राजन चौधरी की एक एकड़ में लगी मकई की फसल व मकान में लगे मलाई शामिल हैं। वहीं किसानों ने अपने दर्द को बयां करते हुए बताया कि हम लोगों के साथ प्रकृति ने दोहरी चाल चली। एक तो समय से बारिश नहीं हुई ऊपर से हम लोग किसी भी तरीके से कर्ज वगैरह लेकर डीजल पंप के सहारे थोड़ी बहुत खेती किए थे, जिसे भी जंगली हाथियों के द्वारा पूरी तरीके से सफाचट कर दिया गया है। अब हम लोगों के सामने एक बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। अब हम लोग ऐसे में करें तो क्या करें। हम सभी पीड़ित किसान वन विभाग से यह मांग करते हैं कि हम लोग अपनी रायटी भूमि व गैर मजरूआ भूमि पर भी फसल की पैदावार किए थे जिसे हाथियों के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। विभाग आकलन कर हम लोगों को उचित मुआवजा दे।

पूछे जाने पर चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथियों के द्वारा फसलों को बर्बाद करने की जानकारी मिली है। वन विभाग की टीम के द्वारा इसका आकलन किया जा रहा है। सरकारी प्रावधान के हिसाब से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा जरूर मिलेगा। फिलहाल जब तक हाथी क्षेत्र से भाग नहीं जाते हैं लोग पूरी तरीके से सतर्क रहें।

## स्वास्थ्य सहिया चयन में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**केतार।** पाचाडुमर पंचायत के सोनवर्षा गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास को लिखित आवेदन देकर गत 19 सितम्बर को सोनवर्षा गांव में स्वास्थ्य सहिया का हुआ चुनाव को रद्द कराते हुए नये सिरे से चुनाव कराने की मांग किया है।

आवेदन में उल्लेख किया है की 19 सितम्बर को सोनवर्षा गांव में स्वास्थ्य सहिया का चुनाव को लेकर आमसभा हुई थी इसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में बीटीटी अनुज कुमार उपस्थित थे। लेकिन उक्त चुनाव से पुर्व गांव में प्रचार प्रसार नहीं किया गया और ग्रामीणों को अनदेखी करते हुए नियमावली के विरुद्ध मुखिया के निजी सम्बंधी को स्वास्थ्य सहिया के लिए चयन कर दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांचोपरांत चुनाव रद्द कर फिर से चुनाव की तिथि निर्धारित की जायेगी। आवेदन देने वालों में शोभा देवी, बेबी देवी, सोनी देवी, सोनी देवी दीपक रजक मिठु बैठा, मुखराम बैठा, गीता देवी आदि शामिल हैं।

## फाइनेंस कंपनी के कर्मियों पर चाकू से जानलेवा हमला

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
थाना क्षेत्र के बुका तितही टोला में मंगलवार की देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति ने समस्ता माइक्रो फाइनेंस कंपनी के दो कर्मियों पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उक्त दोनों कर्मी समस्ता कम्पनी के ब्रांच मैनेजर है, जिसमें पलामू जिला के हैदरनगर निवासी अक्षय कुमार तथा गिरिडीह निवासी सदाम हुसैन का नाम शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, एसआई सहदेव साह, कुंदन यादव, सअनि मुनेश्वर राम विरोधी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचकर ईलाजरत कर्मी से चाकूबाजी की घटना की जानकारी ली। उसके निशानदेही पर पुलिस ने इस घटना में घायल होने से डरकर तितही टोला के एक घर में छुपे समस्ता फाइनेंस कम्पनी के एक अन्य कर्मी सदाम हुसैन को सकुशल बरामद कर उसे ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार समस्ता फाइनेंस कम्पनी के उक्त दोनों ब्रांच मैनेजर मंगलवार की शाम करीब 7 बजे पड़वा चट्टान स्थित तितही



टोला में पैसा कलेक्शन हेतु गए हुए थे। इसी बीच हाथ में चाकू लिए एक अज्ञात हमलावर आ धमका तथा उक्त कर्मियों के पीठ, हाथ, पैर में ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक हुई घटना से वहां अफरा तफरी मच गई। कर्मी अक्षय कुमार घायलावस्था में ही किसी तरह वहाँ से पैदल भागते हुए अस्पताल पहुंचा। वहीं इस घटना में एक अन्य कर्मी सदाम हुसैन हाथ में चाकू लगने से घायल हो गया। वह भागते हुए तितही टोला के एक घर में छुप कर अपनी जान बचाई। बाद में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उसे बरामद कर ईलाज के अस्पताल लाया। उधर स्थानीय पुलिस चाकूबाजी की घटना में शामिल अज्ञात व्यक्ति की गिरफ्तारी हेतु जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मानस मंडली ने किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ

**मेराल।** प्रसिद्ध व्यवसाई वीरेंद्र प्रसाद के आवास पर सुंदरकांड मानस मंडली द्वारा मंगलवार की रात्रि संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसमें गढ़वा के अलावे मेराल लगमा खजूरी अकलवानी बाना, गोंदा, लातदाग सहित कई गांवों से बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। इसमें मुख्य गायक अरुण दुबे, बृजेश पांडे, अमरेंद्र मिश्र, अशोक पटवा, आत्मा पांडे, द्वारिका नाथ पांडे, सतीश दुबे, राजनाथ दुबे, दिवाकांत पाठक, त्रिपुरारी पांडे, मृत्युंजय पांडे, रघुपत सिंह, अरविंद तिवारी, शेखर सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, मार्कंडेय तिवारी, चंद्रशेखर दुबे, सुबोध सोनी, बृजमोहन प्रसाद, राकेश रंजन चौबे, संजय भगत, डॉक्टर अनिल शाह, आनंद जायसवाल, प्रभु केसरी, अजय सिंह, देवेंद्र शर्मा, धनवंत प्रसाद, जय राम तिवारी, विनोद कुशवाहा, संजय सोनी, यशवंत पांडे, राजू विश्वकर्मा, एसके पांडे, मिथिलेश प्रसाद, डाक्टर लालमोहन, महेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, गोरखनाथ शाह, अखिलेश गुप्ता, रामनाथ ठाकुर, राजीव पांडेय, उमेश सिंह, मुखिया गौरी देवी शामिल थे।

# लाभुकों ने राशन में कटौती को लेकर प्रखंड कार्यालय को घेरा

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
प्रखंड क्षेत्र के करमडीह पंचायत के जोगिबीर गांव के राशन कार्ड धारियों ने नेहा महिला स्वयं सहायता समूह के जनवितरण प्रणाली के डीलर पर अगस्त एवं सितंबर का राशन नही देने का आरोप लगाया है। आक्रोशित सैकड़ों कार्ड धारियों ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नीतीश भास्कर को शिकायत पत्र देकर अगस्त एवं सितंबर का राशन दिलाने की मांग की। शिकायत पत्र में कहा गया है कि दो वर्ष से क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण अकाल पड़ा हुआ है और अधिकांश लाभुक छोटे किसान व मजदूर वर्ग से आते हैं। दो माह से राशन नहीं मिलने के कारण उनके परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति आ गई है। जोगिबीर गांव के राशन कार्डधारियों ने बीडीओ से मिलकर शिकायत पत्र देने के साथ साथ प्रखंड आपूर्ति कार्यालय सह बीडीओ के द्वारा नेहा महिला स्वयं सहायता समूह को भेजे गए आदेश पत्र को दिखाते हुए कहा कि 13 सितंबर तक अवशेष राशन 63.52 क्विंटल वितरण करने का निर्देश नेहा समूह को दिया गया था। लेकिन उसके द्वारा एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी राशन नहीं वितरण कर आदेश की अवहेलना की गई है। बीडीओ सह एमओ नीतीश भास्कर को दिये गए शिकायत पत्र में सजदा वीवी, मंसूर आलम, समीम अंसारी, मुमताज अंसारी, इरफान अंसारी, कलीम अंसारी, करार अंसारी, हसन अंसारी, एजाज अंसारी, निजामुदीन अंसारी, सरवरी वीवी, नजमा खातून, खतबुन वीवी, कुरैशा वीवी,मिली देवी,रेणु देवी, सदाकत अंसारी, महफूज आलम, मुमताज अंसारी, आरिफ अंसारी, रेयाजू दीन अंसारी, मैमून वीवी, रूबी खातून, सबीना वीवी सहित 88 लाभुकों के हस्ताक्षर हैं।




**खेलकूद**

### झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, मंत्री मिथिलेश भी रहे मौजूद

# जमशेदपुर ने गोड्डा को 5-0 से मात देकर जीती ट्रॉफी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा जिला फुटबाल संघ के द्वारा 10 सितंबर से आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को रंका के प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इसकी शुरुआत इंडियन आइडियल के सुरंजन एंव गायत्री मंडल के द्वारा देश भक्ति गीत तू मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखंड के सरायकेला खरसावां के शिव शंभू छ्यु नृत्य ग्रुप के द्वारा नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही जबलपुर से पहुंची इंडियन ताशा बैंड के द्वारा मैदान में बैंड बजाकर खिलाड़ियों और अतिथियों का स्वागत किया गया। इंडियन आइडल के गायक सुरंजन एवं गायत्री मंडल की युगल जोड़ी के द्वारा लगातार देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया गया। एक एक बाद युगल जोड़ी के द्वारा कई गीत प्रस्तुत किए गए। दर्शकों के मनोरंजन के लिए यहां चीयर्स लीडर्स की भी व्यवस्था की गई थी। मैदान दर्शकों की भीड़ से खचाखच भरी हुई थी। खेल को देखने के लिए दर्शक मैदान के अलावा आसपास के विभिन्न छतों पर चढ़कर आनंद ले रहे थे। संस्कृति कार्यक्रम के उपरांत गोड्डा एवं जमशेदपुर के बीच मैच की शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मिथलेश कुमार ठाकुर एवं झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव गुलाम रब्बानी ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।



इस मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम रंग, अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, जिला की सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने किया। फाइनल में जमशेदपुर की टीम में ने गोड्डा की टीम को 5-0 से पराजित कर शील्ड कब्जा कर लिया।

## लघु व कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक गायब

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार प्रखंड कार्यालय में योगदान के बाद से ही गायब है। लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक का कार्य है प्रखंड के शिक्षित, बेरोजगारों एवं व्यवसायियों को सरकार के द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार पुर्वक बताना एवं इसका लाभ योग्य व्यक्तियों को दिलवाना है, परंतु प्रखंड समन्वयक के लगातार प्रखंड कार्यालय से नदारद रहने की वजह से सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। प्रखंड कार्यालय में दर्जनों युवा प्रति-दिन सरकार की विभिन्न योजनाओं का जानकारी और लाभ लेने के लिए प्रखंड कार्यालय आते हैं लेकिन समन्वयक के गायब रहने से निराश होकर बैरंग लौट जा रहें हैं। इसके कारण केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मधु मक्खी पालन सहित कई योजनाओं के लाभ से सैकड़ों युवा वंचित हैं। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि प्रखंड समन्वयक कभी भी प्रखंड कार्यालय नहीं आते हैं। उन्होंने प्रखंड समन्वयक के विरुद्ध जिला में लिखित शिकायत करने की बात कही। जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने कहा कि समन्वयक के गायब रहने से युवाओं को लघु एवं कुटीर विभाग के लाभों की जानकारी नहीं मिल पा रहा है।

**अहंकार और संस्कार में बहुत फर्क है मेरे दोस्त अहंकार दूसरों को झुकाकर खुश होता है, संस्कार स्वयं झुककर खुश रहता है !!**

**– अज्ञात**

# बदलते जमाने में सिनेमा

***झारखंड*** के साथ -साथ कई जगहों पर बड़े पर्दे यानि सिनेमाघर अब बंद हो रहे हैं। कभी किसी जमाने में यह शान हुआ करते थे। एक समय था जब किसी शहर में छोटे पर्दे सहित बड़े पर्दे के कई सिनेमा घर हुआ करते थे। लेकिन आज इनके सारे कर्मचारी बेरोजगार हो गये हैं। ये सब देखकर एहसास होता है कि कैसे नगरीकरण की वजह से शहर अपना इतिहास खोते जा रहे हैं। कुछ को इमारतों के लिए जगह बनाने के लिए ढहा दिया गया। बाकी सिंगल-स्क्रीन सिनेमाघर ग्राहक खोने की वजह से खंडहर में तब्दील हो गये। ये थिएटर और सिनेमा घर किसी जमाने में वहां की संस्कृति व विकास के गवाह भी थे। पहले तो कोरोना वायरस के कारण बड़े पर्दे पर ताला लटके। अब कई कारणों से यह बंद हो गये हैं। सिनेमा हॉल की जगह अब बड़े-बड़े मॉल ने ले ली है। सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई तरह से यह हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। आने वाले दिनों में सिनेमा के और स्वरूप बदलेगें। पलामू की बात की जाये तो यहां संगीत और कला की दृष्टि से एक बड़ा प्लेटफार्म आज भी है। यहां हीरों व कलाकारों की कमी नहीं है। आप पलामू के किसी भी घर में जायें, तो लोग देर रात तक टीवी पर फिल्में और धारावाहिक देखते हुए मिल जायेंगे। किसी भी बड़े शहर या महानगर में जो सुविधाएं होती हैं, वे पलामू में भी होनी चाहिए। इसलिए आने वाले दिनों में सिनेमाघरों का खुलना अच्छी पहल होगी। पलामू को इन मामलों में पिछड़ा बनाये रखने की हिमाकत नहीं की जा सकती है। सिनेमाघर खुलेंगे, तो साथ में दुकानें, खाने-पीने की जगहें भी बढ़ेंगी, जिनका अच्छा आर्थिक प्रभाव होगा और कुछ रोजगार के अवसर भी बनेंगे। सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। कई तरह से हमें बनाने में सिनेमा का योगदान होता है। सिनेमा संस्कृति बढ़ेगी, तो यहां के युवाओं में भी सिनेमा उद्योग से जुड़ने के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। सौंदर्य के जो प्रतिमान माने जाते हैं, उनमें तो आज का युवा अव्वल दिखते हैं। सिनेमा उनमें एक सपना जगायेगा कि हम भी हीरो बन सकते हैं, कुछ कलात्मक कार्य कर सकते हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि जिजीविषा के फूल के बीच आज थियेटर और सिनेमा जो गुम हो गये हैं, उन्हें खोलने की दिशा में सरकार की ओर से भी पहल होनी चाहिए। ऐसा होने से ही युवाओं में कला के प्रति रूझान आयेगा। बहरहाल बदलते जमाने के अनुसार आधुनिक होना भी जरूरी है। ऐसे में कल के सिनेमा हॉल आधुनिक हो रहे हैं, या होने की दिशा में अग्रसर हैं। यह अच्छी बात है। ऐसे में समय के साथ युवा पीढ़ी उसे आत्मसात करेगी। कारण यह समय की मांग है। बहरहाल समाज को वैचारिक रूप से मजबूती प्रदान करने वाला सिनेमा आज उतना मजबूत नहीं है, जितना पहले हुआ करता था। सबसे लोक प्रिय कला माध्यम के रूप में हम सिनेमा को देखते हैं। फिल्में समाज और समय का जीवंत दस्तावेज होते हैं। जिस प्रकार साहित्य को समाज का आईना कहा जाता है, ठीक उसी तरह फिल्मों का किसी भी व्यक्ति के जीवन में गहरा प्रभाव छोड़ता है। बदलते समय के अनुसार आज कई आयाम बदले हैं। बावजूद सिनेमा को खारिज नहीं किया जा सकता है।

**सिनेमा हमारे जीवन का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई तरह से यह हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। आने वाले दिनों में सिनेमा के और स्वरूप बदलेगें। पलामू की बात की जाये तो यहां संगीत और कला की दृष्टि से एक बड़ा प्लेटफार्म आज भी है। यहां हीरों व कलाकारों की कमी नहीं है।**

# नारी का राजनीतिक जीवन भी अमृतमय बने





ललित गर्ग

***भारतीय*** संसद के नए भवन के पहले सत्र का श्रीगणेश अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, यादगार एवं अविस्मरणीय रहा। मंगलवार के शुभदिन अनेक नये अध्याय एवं अमिट आलेख रचे गये, जिनमें सरकार और विपक्ष के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध की दुर्लभ तस्वीर सामने आयी, वहीं 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के रूप में नारी शक्ति के अभ्युदय का नया इतिहास रचा गया। यह सुनकर एवं देखकर अच्छा लगा कि सभी नेताओं ने पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर बाबा साहेब अंबडेकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबू राजेंद्र प्रसाद, अटलविहारी वाजपेयी जैसे सभी महान नेताओं को याद किया, जिन्होंने नया एवं सशक्त भारत बनाने में योगदान दिया। हर राजनीतिक दल महिला उत्थान, उन्नयन एवं विधायी संस्थानों में संतुलित महिला प्रतिनिधित्व के लंबे-चौड़े दावे करते रहे हैं और वादे भी, लेकिन जब समय आता है तो महिलाओं को उनका हक देने में अनेक किन्तु-परन्तु एवं कौताही होती रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में कुल 82 महिला सांसद चुनकर आई थी। जिस देश में आधी आबादी महिलाओं की हो, वहां सिर्फ 15 फीसदी महिलाएं ही लोकसभा पहुंचे तो आश्चर्य ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण ही है। आश्चर्य की बात यह कि 2019 से पहले हुए चुनावों में जीतने वाली महिला सांसदों की संख्या 82 से भी कम रहती आई है। विधानसभाओं के हाल भी कमोबेश लोकसभा जैसे ही हैं। ऐसे हालात में भाजपा एवं मोदी सरकार ने साहस का परिचय देते हुए महिला आरक्षण विधेयक को पेश कर सराहनीय उपक्रम किया है, इससे लोकतंत्र मजबूत होगा। इससे शासन चलाने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी तो उनके खिलाफ होने वाले अत्याचार के मामले भी कम होंगे। सवाल सिर्फ सांसद-विधायक का ही नहीं है, प्रयास होने चाहिए कि मंत्री पद पर भी महिलाओं की भागीदारी बढ़े।

महिला आरक्षण को लेकर कई बहसें और विवाद होते रहे हैं। संसद में कई प्रयास किये गये। 1996 में इससे जुड़ा पहला बिल पेश किया गया था। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में कई बार महिला आरक्षण विधेयक लाया गया लेकिन इसके लिए संख्या नहीं जुटाई जा सकी और सपना अधूरा रह गया। महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने, उनकी शक्ति का उपयोग करने और ऐसे अनेक महान कार्यों के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो पहल की है, इसके लिये वे अभिनन्दनीय है। भले ही विधेयक पारित होने के बावजूद इसका लाभ लेने के लिए महिलाओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। यानी 1996 में पहली बार पेश आरक्षण विधेयक के व्यावहारिक रूप में लागू होने में अभी तीन चार साल और लगने के आसार हैं। लेकिन, यहां एक सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर महिला आरक्षण विधेयक संसद में लाने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या बिना आरक्षण के राजनीतिक दल महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पर्याप्त टिकट नहीं दे सकते? मुद्दे की जड़ यह है कि राजनीतिक दल चाहे वह भाजपा हो या कांग्रेस या कोई अन्य दल, लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अधिक संख्या में महिला उम्मीदवारों को टिकट देने की शुरूआत आने वाले चुनावों में ही करें, इसके लिए उन्हें किसी कानून की जरूरत नहीं होनी चाहिए। राजनीतिक दल 'आधी आबादी' को उनका पूरा हक दें, ताकि सामाजिक समरसता का ताना-बाना और मजबूत हो सके।

**पिछले लोकसभा चुनाव में कुल 82 महिला सांसद चुनकर आई थी। जिस देश में आधी आबादी महिलाओं की हो, वहां सिर्फ 15 फीसदी महिलाएं ही लोकसभा पहुंचे तो आश्चर्य ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण ही है।**

**इन दिनों**

महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है। राजनीतिक मंचों पर तो महिलाओं के साथ भेदभाव समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा था। इन विसंगतियों में संगति बिठाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक एक सार्थक प्रयास है, अब महिलाओं को एक निश्चित लक्ष्य की दिशा में प्रस्थान करना होगा। राजनीतिक सत्ता एक जरिया बना रहा है, जिसके बल पर सत्ता भी मर्दों के हाथ में केंद्रित करके महिलाओं पर दबदबा कायम रखा जाता रहा है। एक पूर्वाग्रह भी रहा है कि महिलाओं के हाथों में राजनीति सौंप दी गई, तो पुरुषों की सत्ता पलट जाएगी। अभी तक जो महिलाएं संसद पहुंचती रही हैं, उनमें से ज्यादातर अभिजात वर्ग से आती हैं, पर महिला आरक्षण लागू होने से अब दबी-कुचली महिलाएं ज्यादा बड़ी संख्या में ऊपर आएंगी।

महिलाओं को उचित एवं सम्मानजनक स्थान देने में आरक्षण एकमात्र इलाज नहीं हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी मुल्कों में वर्षों से विधायी संस्थाओं में स्त्रियों की सीटें आरक्षित रही हैं, पर वहां उनके हालात कैसे हैं, यह बताने की जरूरत नहीं। खुद हमारे देश में ही पंचायती राज संस्थाओं में कई सूबों में 50 प्रतिशत तक महिला आरक्षण लागू है। मगर मुखिया-पति और पार्षद-पति भी हमारे ही समाज की हकीकत है। इसलिए चुनौती राजनीतिक दलों के आगे है कि वे जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व गढ़ने की कोशिश करें। नारी शक्ति वंदन विधेयक ने तमाम राजनीतिक पार्टियों को एक अवसर दिया है कि वे महिलाओं की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील रूख अपनाएं। इस कानून का सियासी लाभ अब चाहे कोई उठाए, क्योंकि पिछड़े वर्गों में इसे लेकर जैसी प्रतिक्रिया देखने को मिली है, वह आने वाले दिनों में देश की चुनावी राजनीति में व्यापक बदलाव करेंगी। मगर फिलहाल आजादी के इस अमृतकाल में भारतीय महिलाओं के लिए संभावनाओं के शीर्ष पर सदन का जो बड़ा पट खुला है, उसका स्वागत करते हुए महिलाओं को नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनाना चाहिए। एक बड़ी आशंका है कि इस विधेयक के लागू हो जाने के बाद भी महिलाओं के लिये संसद एवं विधानसभाओं के दरवाजे जरूर खुल जायेंगे, आरक्षण से माताएं, बेटियां और बहुएं चुनाव लड़कर सदनों में आएंगी लेकिन उनका सारा कामकाज एवं राजनीतिक दावपेंच पुरुष ही करेंगे। इसलिए शासन पुरुषों का रहेगा। पंचायत चुनाव में हम ऐसा होते हुए देख रहे हैं। इस बड़ी विसंगति एवं विडम्बना को दूर किये बिना महिला आरक्षण का वास्तविक लक्ष्य हासिल नहीं हो पायेगा। औरतों ने बार-बार खुद को साबित किया है। फिर भी पुरुष प्रधान मानसिकता में माना गया कि महिलाओं में न इतनी अक्ल होती है, न इतना अनुभव होता है और न ही उन्हें प्रकृति ने इस काबिल बनाया है कि वे राजनीतिक कार्यों से जुड़ी कठिनाइयां झेल सकें। एक कहावत है कि औरत जन्मती नहीं, बना दी जाती है और कई कट्टूर मान्यता वाले औरत को मर्द की खेती समझते हैं। कानून एवं राजनीति का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। प्राचीन काल में भारतीय नारी को विशिष्ट सम्मान दिया जाता था। सीता, सती-सावित्री आदि अगणित भारतीय नारियों ने अपना विशिष्ट स्थान सिद्ध किया है।

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***यम*** के दूत आत्मा से कहते हैं कि आपने शुभ कर्म और दान नहीं किया है इसलिए आपको कुछ भी नहीं दिया जाएगा। यम के दूत आत्मा को बुरी तरह पीटते है और कहते हैं कि हम तुम्हें धर्मराज (यम) के दरबार में ले जाएंगे और तुम्हारा वहां हिसाब करेंगे। काल ब्रह्म को हर दिन एक लाख मनुष्यों की आत्माओं का मैल खाने और सवा लाख मनुष्य पैदा करने का श्राप लगा हुआ है। धर्मराज के दरबार में जाते हुए आत्मा पाता है कि ब्रह्म काल के लोक की सभी क्रियाएं स्वतः संचालित होती रहती है। आत्मा स्वतः ही यमदूत के हाथ को छोड़कर ऊपर उड़ जाता है और एक गुप्त स्थान पर चली जाता है। यह गुप्त स्थान तपटशिला है जो एक बहुत गर्म जलता हुआ पत्थर है। तपटशिला पर काल आत्माओं को मक्के की खील की तरह भूनता है और आत्माओं से जमी हुई मैल निकालता है और उन्हें खाता है। ये दृश्य बहुत दर्दनाक होता है। आत्मा जोर-जोर से चीखता चिल्लाता है और बेहोश तक हो जाता है। धर्मराज (यम) और यमदूत भी इस गुप्त स्थान से अपरिचित हैं क्योंकि ब्रह्म काल अव्यक्त रहता है और छिपकर सभी बुरे काम करता है। आत्मा तप्तशिला में भुनने के बाद, धर्मराज (यम) के दरबार में वापस आ जाता है। धर्मराज (यम) के दरबार में जब आत्मा से प्रश्न किया जाता है कि उसने सतभक्ति क्यों नहीं की? जिस कार्य के लिए उसे मानव जन्म दिया गया था वह कार्य क्यों नहीं पूरा किया? वह आत्मा बहाने बनाने लगता है कि किसी ने उसे भगवान के बारे में नहीं बताया। नोटः पूर्ण परमात्मा का यह विधान है कि वह निश्चित रूप से मानव जन्म प्राप्त अपनी आत्मा को स्वयं या किसी न किसी स्रोत के माध्यम से अपने बारे में तथा सतभक्ति करने के लिए ज्ञान देते हैं लेकिन सभी *(क्रमशः)*

# बिखरी जीवनशैली कर रही है स्मरण शक्ति पर प्रहार?


डॉ. रमेश ठाकुर

***अल्जाइमर*** को हल्के में लेने की भूल कतई नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इसी के चलते न्यूरोजेनरेटिव यानी भूलने की बीमारी का आरंभ होता है। चिकित्सीय रिपोर्टस की माने तो मौजूदा समय में प्रत्येक दसवां इंसान अल्जाइमर से किसी न किसी रूप में ग्रस्त है जिसका मुख्यः कारण, इंसानों की अस्त-व्यस्त जीवनशैली, भागदौड़ व चुनौतियों से जूझती लाइफ, साथ ही खुद के लिए वक्त न निकालना और खानपान की बुरी आदतें आदि के चलते ही इंसानों की स्मरण शक्तियां और दिमागी क्षमता उम्र से पहले जवाब देने लगी है। गुजरे दो दशकों के भीतर अल्जाइमर ने भारत में अन्य बीमारियों के मुकाबले तेजी से पांव पसारे हैं। यह बीमारी कितनी खतरनाक है, इसलिए ही अल्जाइमर की रोकथाम और निदान के संबंध में आम जनों को जागरुकता करने के मकसद से सालाना सितंबर की 21 तारीख को 'विश्व अल्जाइमर दिवस' मनाते हैं। अल्जाइमर मनोभ्रंश दुश्मन है। स्मृति हानि और अन्य संज्ञानात्मक क्षमताओं के लिए एक सामान्य शब्द जो दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करने के लिए गंभीर होता है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम आज का खास दिन करता है।

ऐसा नहीं है कि अल्जाइमर रोग से भारतीय ही पीड़ित हैं, बिल्कुल नहीं? बल्कि इससे समूचा संसार ग्रस्त है। वैसे, भूलने की बीमारी के कारण और भी बहुतेरे हैं। जैसे, महंगाई, कर्ज या अन्य घरेलू समस्याओं में जब इंसान फंसता है तो चिंता के समंदर में गोते लगाने लगता है। उस स्थिति में इंसान की मस्तिष्क कोशिकाएं कमजोर पड़ने लगती हैं। चिकित्सकों की माने तो प्रत्येक इंसान के दिमाग के भीतर एक हिस्सा ऐसा होता है जो सोचने, समझने व याद करने की प्रक्रिया को दुरुस्त करता है, अल्जाइमर इसी भाग पर सबसे पहले प्रहार करता है। समय रहते अगर इंसान रोकथाम या चिकित्सीय सलाह नहीं लेता, तो उसे अल्जाइमर अपने जाल में फंसा लेता है। ऐसी गलती कतई न करें, उसी की सीख देने के लिए आज का दिन मुकर्रर हुआ है। विश्व अल्जाइमर दिवस को गंभीरता लेने की जरूरत है, क्योंकि मामला सेहत से जुड़ा है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट बताती है कि भारत में 55-60 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों में डिमेंशिया का प्रसार 7.4 फीसदी तक है, जिसका मतलब है कि तकरीबन 8.8 मिलियन भारतीय वर्तमान में डिमेंशिया के साथ जी रहे हैं। जबकि, डिमेंशिया 2020 रिपोर्ट के 5.3 मिलियन के अनुमान से भी कहीं अधिक बताई गई है। इस रोग के सात चरण होते हैं। सातवां स्टेज अल्जाइमर का अंतिम चरण बताया गया है, क्योंकि ये एक लाइलाज बीमारी है। सातवें चरण में रोगी की मृत्यु होना निश्चित होता है। अंतिम चरण तक पहुंचते-पहुंचते रोगी संवाद करने की क्षमता पूरी तरह खो चुका होता है। अल्जाइमर से बचने के लिए डब्ल्यूएचओ, भारतीय शोधकर्ताओं व नामी चिकित्सकों ने कुछ बचाव और सुझाव दिए हैं, उन्हें अपना कर भी इस जानलेवा बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है।

आवश्यक बातें कुछ इस तरह हैं कि धूम्रपान व अल्कोहल के सेवन से सभी को बचना चाहिए। समय का उचित प्रबंधन करें, कार्यक्षमता अधिक बढ़ने पर तनाव मुक्ति वाले योगासन करें, दिमाग दुरुस्त करने वाले खेल खेलें, जैसे चेस व सुडोकू। खुशनुमा माहौल बनाएं अपने आसपास, दोस्तों संग मस्ती वाले क्षण उत्पन्न करें, पसंद की मूवी देखें, मनपसंद जगहों पर सैर-सपाटा जरूर करते रहें और यार-दोस्तों संग मासिक संगोष्ठियों को करना बिल्कुल भी न भूलें। दरअसल, ये ऐसे इंसानी जीवन के क्रियाकलाप हैं जो न सिर्फ अल्जाइमर से बचाते हैं, बल्कि डिप्रेशन, शुगर व मौसमी बीमारियों से भी दूर रखते हैं।

चिकित्सीय इतिहास में इस रोग की अभी तक कोई मुकम्मल दवा ईजाद नहीं हुई। हालांकि, अमेरिकी खाद्य व औषधि प्रशासन ने एक दवा को मंजूरी दी है जिसका नाम 'अबूहेंम' है। दशकों में ऐसा पहली मर्तबा हुआ है, जब अल्जाइमर की दवा को मंजूरी मिली है। हालांकि ये दवा अब भी आसानी से उपलब्ध नहीं होती। इसलिए जीवनशैली को अपने तय प्रबंधन से खर्च करें, भागदौड़ से जितना हो सके बचें?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**अल्जाइमर मनोभ्रंश दुश्मन है। स्मृति हानि और अन्य संज्ञानात्मक क्षमताओं के लिए एक सामान्य शब्द जो दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करने के लिए गंभीर होता है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम आज का खास दिन करता है।**

**स्वास्थ्य**

## फोटो की दुनिया


फेसबुक वॉल से




# यशोभूमि का सामाजिक संदेश


मृत्युंजय दीक्षित

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी दिल्ली में एशिया के सबसे बड़े प्रदर्शनी व कॉन्फ्रेंस सेंटर यशोभूमि को राष्ट्र को समर्पित किया। इसी नवीन प्रांगण से 18 प्रकार के पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों की लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से सुथर, बढ़ई, नाव निमार्ता, अस्त्रकार, लोहे का काम करने वाले, टोकरी, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना निमार्ता, पारंपरिक सुनार, कुम्हार, जूते बनाने वाले, हथौड़ा और टूल किट निमार्ता, ताला बनाने वाले, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले राजमिस्त्री, बाल काटने वाले, मालाकार, कपड़े धोने वाले, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले आदि कार्य कार्य करने वाले हुनरमंद भाई बहनों को तीन लाख रुपये तक बिना गारंटी ऋण देने की घोषणा की गई। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्किल अपग्रेडेशन के लिए ट्रेनिंग और 500 रुपये का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा और यह हुनरमंद अपने हाथों से जो उत्पाद तैयार करेंगे उन तैयार उत्पादों के लिए क्वालिटी सर्टिफिकेशन, ब्रांडिंग और उनकी मार्केटिंग में भी सरकार की ओर से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रारम्भिक चरण में विश्वकर्मा योजना में 13000 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। यह योजना तीन लाख कामगारों के लिए विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर एक अनुपम उपहार है। यह माना जा रहा है कि इस योजना से 30 लाख परिवारों की वित्तीय स्थिति में बड़ा परिवर्तन आएगा। इस योजना से छोटे व्यवसायों और श्रमिकों को अपना व्यापार बढ़ाने और आर्थिक स्थिति सुधारने में भी मदद मिलेगी। समाज के लाखों पारंपरिक कौशल वाले भाई-बहनों के लिए विश्वकर्मा योजना आशा की नई किरण बनकर आई है। इस योजना के माध्यम से भारत के स्थानीय सामान को वैश्विक बनाने में भी बहुत सहयोग मिलेगा। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने उपस्थित विश्वकर्माओं को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बैंक आपको गारंटी नहीं मानता है तो मोदी आपको गारंटी देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई विश्वकर्मा योजना के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसचित जनजाति व समाज के वंचित वर्ग के लोगों का मन जीतने की भी एक बड़ी पहल की है। यह पारंपरिक कार्य करने वाले अधिकतर कारीगर व शिल्पकार समाज के लोग इन्हीं वर्गों से आते हैं। भारतीय जनता पार्टी समाज के इन वर्गों को सशक्त करने के लिए संकल्पवान है क्योंकि जब से प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का युग प्रारम्भ हुआ है और उसके पूर्व से भी समाज का यह वर्ग भाजपा के साथ जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने यशोभूमि के लोकार्पण और विश्वकर्मा योजना के शुभारम्भ के उपलक्ष्य पर गहरे सामाजिक और राजनीतिक निहितार्थ वाला वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री मोदी की यह विशिष्ट कार्यशैली रही है कि अब तक उन्होंने जितने भी लोकार्पण किये हैं उन सभी अवसरों पर सर्वप्रथम वह श्रमिकों का सम्मान करते हैं व उनका मनोबल बढ़ाते हैं। यशोभूमि में भी उन्होंने सर्वप्रथम वहां काम करने वाले सभी प्रकार के विश्वकर्मा भाई-बहनों से बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया।

प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल में भारत मंडप और यशोभूमि जैसे सेंटर दिये हैं जो विकसित भारत का स्वप्न तो पूरा करेंगे ही साथ ही आगामी समय में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के वाहक बनेंगे। दोनों ही केन्द्रों पर विश्व भर के लोग अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, बैठकों और प्रदर्शनियों के लिए आएंगे इससे लाखों युवाओं को रोजगार और पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों को भी काम मिलेगा। आगामी दिनों में भारत मंडप और यशोभूमि कॉन्फ्रेंस पर्यटन के केंद्र बिंदु बनकर भी उभरने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आगामी पर्वों को देखते हुए देशवासियों से लोकल उत्पाद खरीदने का एक बार फिर आग्रह करते हुए कहा कि जिसमें हमारे विश्वकर्मा साथियों की छाप और भारत की मिट्टी की महक हो वही उत्पाद उपयोग करें। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से सनातन संस्कृति का भी सन्देश दिया है क्योंकि हिंदू धर्म के आगामी दिनों में जितने भी पर्व व तिथियां आने वाली हैं उसमें जितनी भी छोटी से छोटी सामग्री व उत्पाद प्रयोग में लाए जाते हैं वह सभी वंचित समाज के इन्हीं पारंपरिक कारीगरों व शिल्पकारों की मदद से ही बनाये जाते हैं।

**समाज के लाखों पारंपरिक कौशल वाले भाई-बहनों के लिए विश्वकर्मा योजना आशा की नई किरण बनकर आई है। इस योजना के माध्यम से भारत के स्थानीय सामान को वैश्विक बनाने में भी बहुत सहयोग मिलेगा।**

**राजनीति**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

## मोतिहारी में चरस-हथियार समेत चार अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के एक गांव में पुलिस और एसटीएफ की टीम की संयुक्त कार्रवाई में अपराध की योजना बनाते चार बदमाशों को बीती देर रात गिरफ्तार किया गया है।जिसके पास से 510 ग्राम चरस,2 देशी कट्टा, 4 कारतूस,2 मोबाइल फोन एवं 2 बाइक जब्त किया है।

उक्त अपराधी में तीन अपराधी पहाड़पुर थाने के लौकाहा व कोटवा के बताये गए हैं। जिसमे रवि कुमार,गुलशन तिवारी,यशवंत गिरी के अलावे पश्चिम चम्पारण मझौलिया का बलिराम कुमार बताया गया है। एसपी कान्तेश कुमार मिश्र ने बुधवार को बताया कि सूचना के बाद स्थानीय पुलिस के साथ एसटीएफ की टीम ने संयुक्त कारवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। उक्त सभी एक वित्तीय निजी संस्थान को लूटने के फिराक में थे।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधी मादक पदार्थ व आर्म्स तस्करी के सिंडीकेट के लिए काम करने वाले है। यशवंत के खिलाफ पहाड़पुर थाने में 2019 , 20 व 22 में लूट व सरकारी काम में बाधा का मामला दर्ज है। वही गुलशन तिवारी के खिलाफ पहाड़पुर व गोपालगंज में चोरी का मामला है। उसके अलावे रवि के विरुद्ध पहाड़पुर में एक लूट का मामला है। पुलिस टीम में डीएसपी अरेराज रंजन कुमार , एसएचओ हरसिद्धि महेंद्र कुमार , पहाड़पुर अम्बेश कुमार , अरेराज ओपी प्रभारी अमित कुमार,पुअनि रविरंजन,सीमा कुमारी हरसिद्धि थाना व जिला आसूचना इकाई के अभिनव दूबे,अखिलेश कुमार मिश्रा के साथ एसटीएफ टीम के लोग शामिल थे।

## बेकाबू डम्पर ने बस को मारी टक्कर, एक की मौत, छह घायल

**जबलपुर।** शहर के तिलवारा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक तेज रफ्तार डम्पर ने यात्री बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में बस में सवार एक यात्री की मौत हो गई, जबकि छह अन्य यात्री घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। तिलवाड़ा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हादसा बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे लम्हेटाघाट चौक के पास हुआ। बस भेड़ाघाट से जबलपुर की ओर आ रही थी, तभी लम्हेटा बाईपास के पास विपरीत दिशा से आ रहे डम्पर चालक ने वाहन को तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बस को टक्कर मार दी। हादसे में चौकीताल निवासी 62 वर्षीय नेतराम पटेल पुत्र सियालाल पटेल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि छह यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया है और फिलहाल आगे की कार्रवाई जारी है।

## एक्सिस बैंक रॉबरी में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** मंगलवार को रायगढ़ के एक्सिस बैंक में हुए करोड़ों की डकैती के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जहां पुलिस ने इस वारदात में शामिल चार आरोपितों को हिरासत में ले लिया है और उनसे लूट की रकम भी बरामद कर ली गई। बलरामपुर पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड छत्तीसगढ़ की सीमा रामानुजगंज में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ट्रक से आरोपित झारखंड भागने की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपितों से लगभग चार करोड़ रुपये सहित सोने चांदी के जेवरात भी बरामद किए गए हैं। इस दौरान बलरामपुर पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक भी मौके पर मौजूद रहे। वहीं रायगढ से एसएसपी समेत दो डीएसपी, चार टीआई समेत साइबर टीम भी पहुंची।

# तत्काल शुरू होगी मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना : शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को किसानों को स्थाई कृषि पंप कनेक्शन देने के लिए मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना में हितग्राहियों से फार्म भरवाने के कार्य का शुभारंभ किया। राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम में उन्होंने हरदा जिले के ग्राम जिनवानिया की नमिता रनवे और भैंरूदा सीहोर के प्रेमनारायण पंवार के आवेदन भरवाकर योजना में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन तत्काल आरंभ किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में तीन एचपी या अधिक क्षमता के स्थाई पंप कनेक्शन के लिए 200 मीटर तक की दूरी की 11के.वी. लाइन के विस्तार, वितरण ट्रांसफार्मर की स्थापना और निम्न दाब लाइन केबल विस्तार कार्य शामिल हैं। योजना में समस्त सामग्री सहित विस्तार कार्य और इसका संधारण विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किया जाएगा। इस कार्य का 50 प्रतिशत व्यय शासन द्वारा और 50 प्रतिशत कृषक या कृषक समूह द्वारा वहन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कृषि मंत्री कमल पटेल तथा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित थे। प्रदेश के सभी जिले कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। अतिथिगणों को तुलसी का पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता के साथ-साथ हमारे प्राणदाता भी हैं। वे यदि खेतों में ना खपें तो हमारा जीवन दो-चार दिन भी नहीं चल पायेगा। किसानों की मेहनत, त्याग और तपस्या ने ही मध्य प्रदेश को कृषि क्षेत्र में देश में अव्वल बनाया है। हमारे शरबती गेहूं, चिन्नोर चावल को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। प्रदेश में 2002-03 में खाद्यान्न उत्पादन 159 लाख मैट्रिक टन था, जो अब बढ़कर 619 लाख मैट्रिक टन हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए शून्य फीसदी ब्याज पर ऋण के साथ-साथ पर्याप्त बिजली और सिंचाई की व्यवस्था की है। हर किसान को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना हमारा संकल्प है। केन बेतवा लिंक परियोजना को स्वीकृति प्राप्त हो गई है, इससे प्रदेश में सिंचाई का रकबा और बढ़ेगा। हमारी सरकार किसान कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वर्षा से यदि कहीं नुकसान हुआ है तो किसान चिंता ना करें, उन्हें सर्वे करा कर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे किसानों को नई सौगातों के संबंध में जल्दी मिलेंगे। किसान के सुख-दुःख की चिंता करना हमारा धर्म है। मैं शीघ्र ही पुनः किसानों से मिलने वाला हूँ, उनके खातों में मुख्यमंत्री किसान निधि से दो-दो हजार रुपये जारी करना हैं, बीमा की राशि जारी करनी है, इसके साथ ही किसानों और भी सौगातें देना है।

## मिडडे मील का दूध पीने से 25 स्कूली बच्चे बीमार, मचा हड़कंप

**गाजियाबाद।** लोनी के प्रेमनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को मिड डे मील का दूध पीने से 25 बच्चों की हालत बिगड़ गयी। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चों को सिर में दर्द, पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। सूचना मिलने पर प्रशासन अमले में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर एसडीएम लोनी अरुण दीक्षित व सीएमओ शंखधर अस्पताल में पहुंचे और बच्चों से मिले। सीएमओ के मुताबिक सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर हैं। उनका इलाज चल रहा है। सूचना प्रकार खाद्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और सैंपल भरे। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय प्रेम नगर लोनी में 513 बच्चे पढ़ते हैं। प्रेम नगर समेत आसपास कॉलोनी के बच्चे यहां पढ़ते हैं। अभिभावकों ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे मिड डे मील का दूध आया था। स्कूल स्टाफ ने बच्चों को दूध पीने के लिए बोला था। बच्चों का कहना है कि पीने में दूध कड़वा था। बच्चों ने मना किया लेकिन फिर भी उन्हें दूध पिलाया गया।

फ्लैट भ्रष्टाचार मामला

# ईडी ने नुसरत जहां से मांगे और दस्तावेज

**एजेंसी। कोलकाता**



शिक्षा में भ्रष्टाचार के मामले में तृणमूल के कई दिग्गज नेता और लीप्स एंड बाउंड्स के पूर्व सीओओ पहले से ही जेल में हैं। गौ तस्करी के मामले में दिल्ली के तिहाड़ में कैद अनुब्रत मंडल और उनकी बेटी भी जेल में हैं। इसी बीच राजारहाट फ्लैट भ्रष्टाचार मामले में बशीरहाट से तृणमूल सांसद अभिनेत्री नुसरत जहां से प्रवर्तन निदेशालय ने दो मौकों पर लगभग छह घंटे तक पूछताछ की। नुसरत ने कहा कि मुझसे जो भी सवाल पूछे गए, मैंने उनका जवाब दे दिया है। मैंने हर तरह से सहयोग किया है। लेकिन सूत्रों के अनुसार ईडी ने राजरहाट फ्लैट घोटाला मामले में तृणमूल सांसद नुसरत जहां से और दस्तावेज मांगे थे नुसरत ने वो सारे दस्तावेज जमा नहीं किए। राजारहाट में जमीन खरीदने और फ्लैट बनाने के लिए "सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड" नामक कंपनी पर 429 लोगों में प्रत्येक से पांच लाख 55 हजार रूपए करके कुल 23 करोड़ आठ लाख 95 हजार रूपए लेने का आरोप लगे हैं। आरोप है कि नौ साल में भी किसी भी निवेशक को फ्लैट नहीं मिला। इस आरोपित संस्था की संचालक बशीरहाट से तृणमूल सांसद नुसरत जहां थीं। इसी सिलसिले में 31 जुलाई को भाजपा नेता शंकुदेव पांडा ने निवेशकों को लेकर ईडी से संपर्क किया था। ईडी ने उस घटना में वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाने के लिए जांच शुरू की है। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसी ने फ्लैट घोटाला मामले में आरोपित कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के एक अन्य निदेशक राकेश सिंह को भी दूसरी बार तलब किया है। राकेश सिंह को अगले हफ्ते फिर से पेश होने का आदेश दिया गया है।

# भागलपुर-बांका ट्रेजरी से अवैध निकासी के मामले में लालू यादव की कोर्ट में पेशी

**एजेंसी। पटना**



राजद सुप्रीमो लालू यादव की बुधवार को पटना सिविल कोर्ट स्थित सीबीआई कोर्ट में हुई पेशी हुई। कोर्ट में हाजिरी देने के बाद वे वहां से निकल गए। लालू पटना में भी चारा घोटाले से संबंधित एक मामले की सुनवाई के लिए सीबीआई कोर्ट में पेश हुए। यह भागलपुर बांका ट्रेजरी से अवैध निकासी से जुड़ा मामला है।

लालू प्रसाद यादव के करीबी भोला प्रसाद यादव ने बताया कि ये एक रूटीन प्रक्रिया थी। सीबीआई कोर्ट में भागलपुर-बांका ट्रेजरी केस मामले में सुनवाई हुई। इसी के तहत इनकी पेशी होनी थी। पेशी के अलावा किसी प्रकार के कोई सवाल-जवाब नहीं किए गए। लालू प्रसाद यादव के कोर्ट पहुंचने की सूचना पर कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। चारा घोटाले के आरसी 63 ए, 1996 के इस मामले में लालू प्रसाद, पूर्व सांसद जगदीश शर्मा, पूर्व सांसद आरके राणा, नौकरशाह बेक जुलियस, फूलचंद सिंह सहित 22 आरोपित हैं। सीबीआई ने अब तक 76 गवाह पेश कर गवाही कराई है। चारा घोटाले के इस मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद समेत कुल 44 आरोपितों पर चार्जशीट दायर की थी। इसमें 22 लोगों की मृत्यु होने के वजह से ट्रायल बंद कर दिया गया। लालू यादव पर बिहार का मुख्यमंत्री रहने के दौरान चारा घोटाला करने का आरोप है। इसी में भागलपुर-बांका ट्रेजरी से अवैध निकासी मामले में उनके खिलाफ सुनवाई चल रही है। लालू यादव को सीबीआई कोर्ट में पेश होने कहा गया था, जिसके तहत उनकी पेशी हुई।

# किसानों को दिग्भ्रमित करना भाजपा के मूल स्वभाव का हिस्सा : मंत्री अमरजीत भगत

**एजेंसी। रायपुर**



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के बयान पर राज्य के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने बुधवार को पलटवार करते हुए छत्तीसगढ़ में धान खरीद का पूरा ब्यौरा भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि मंत्री गोयल ने गलत जानकारी देकर छग के किसानों को दिग्भ्रमित करने का काम किया, जो भाजपा नेताओं का मूल स्वभाव है। मंत्री भगत ने कहा कि पिछले खरीफ सीजन 2022-23 में छत्तीसगढ़ के 23 लाख 42 हजार किसानों ने 107.53 मीट्रिक टन धान बेचा। पिछली खरीद में प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान लेने का निर्देश था, उसके अनुसार ही राज्य सरकार ने किसानों से धान खरीदा। इस पर यह आरोप लगाना कि यहां घोटाला चल रहा है, ये पूरी तरह से बेबुनियाद है। इतने गंभीर मुद्दों पर बोलने से पहले भाजपा नेताओं को होमवर्क करना चाहिए, ताकि उन्हें फैक्ट को छोड़कर झूठ बोलना न पड़े। मंत्री भगत ने कहा कि आने वाले खरीफ सीजन 2034-24 में भूपेश सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान लेने की घोषणा की है। सरकार अपने हर वादे को पूरा करने में सफलतापूर्वक प्रयासरत है। इस साल प्रदेश में किसानों से अनुमानित 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीद होगी। इस पर राज्य सरकार पर 28 हजार 800 करोड़ रुपये का ऋण भार आना तय है। जबकि केंद्र सरकार राज्य को किसी भी तरह की राशि का भुगतान नहीं करती और केंद्रीय के नेता यहां आकर अनर्गल बयान देते है। मंत्री भगत ने कहा कि एफसीआई को चावल देने काम किया जा रहा है। आकड़ों की बात की जाए तो 15 सितंबर की स्थिति में प्रदेश के राइस मिलरों ने 38.97 लाख मीट्रिक टन और खाद्य नागरिक पूर्ति निगम ने एफसीआई को 26.3 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कर दिया है, इस तरह 65 लाख मीट्रिक टन चावल जमा किया जा चुका है। इसमें से 54..09 लाख मीट्रिक टन केंद्रीय पूल और 10.91 लाख मीट्रिक टन राज्य पूल में जमा किया जाएगा। अभी 4.26 लाख क्विंटल चावल जमा करना शेष है। इन्हीं आकड़ों के अनुसार केंद्रीय पूल में 58.35 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जाएगा।

# छात्र-छात्राएं स्वाध्याय, निरंतर अभ्यास और रिवीजन पर ध्यान दें : आनंदीबेन पटेल

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को चौक के लाजपतनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय आगमन पर छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल का अभिनंदन किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने सभी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनसे गणित के सवाल हल करवाये। कविता पाठ भी सुना। बच्चों को स्वाध्याय एवं पाठ का निरंतर अभ्यास तथा समय से रिवीजन के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने कक्षा अध्यापक से बच्चों की उपस्थिति भी जानी और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि एक शिक्षक को इस बात की जानकारी अवश्य होनी चाहिए कि कौन-सा छात्र या छात्रा पढ़ने में कमजोर है। कौन-सा पढ़ने में ठीक है। यह शिक्षक का दायित्व है कि विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति अभिरूचि पैदा करें। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को महापुरुषों की जीवनी, पंचतंत्र व प्रेरणादायी शिक्षाप्रद कहानियों की पुस्तकें तथा फल वितरित किये और बच्चों को इन पुस्तकों से सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ने को कहा। राज्यपाल ने मध्याह्न भोजन का निरीक्षण किया व उसे चखकर उसका स्वाद भी लिया। उन्होंने इस दौरान विद्यालय में साफ-सफाई, नामांकन की स्थिति आदि की भी जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल विद्यालय में हाल ही में अपनी बहादुरी से कुड़िया घाट के पास गोमती नदी में एक नवजात को डूबने से बचाने वाले चार बहादुर बच्चों तौसीफ, हसीब, जीशान और गुफरान से भी मिली। उनका हालचाल व पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान राज्यपाल जी ने बच्चों के अभिभावकों से भी मुलाकात कर उनसे वार्ता की, उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अध्यापकगण व छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# बंगाल में नौ लाख छात्रों के पास नहीं है आधार कार्ड, कैंप लगाएगी सरकार

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल सरकार ने बताया है कि राज्य में करीब नौ लाख छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं है। उन्हें आधार दिलवाने के लिए राज्य सरकार की ओर से कैंप लगाया जाएगा। आज बुधवार से ही इसकी शुरूआत होगी। शिक्षा विभाग प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम दो स्थानों पर छात्रों को आधार कार्ड जारी करने के लिए शिविर लगाएगा। शिविर के आयोजन में अनुमंडल शासकों व प्रखंड बीडीओ को सहयोग करने को कहा गया है। बताया गया है कि जो शिविर बुधवार से नहीं लग सकेंगे, वहां जल्द से जल्द शिविर आयोजित कर आधार कार्ड बनाने का काम शुरू कर दिया जाये। सरकारी स्कूलों के अलावा निजी स्कूल के छात्र भी इन शिविरों में आधार कार्ड बनवा सकते हैं।

इन शिविरों के आयोजन में विधि-व्यवस्था की स्थिति संभालने के लिए विभिन्न थाने के पुलिस पदाधिकारियों को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। साथ ही शिविर के आयोजन के प्रभारी पदाधिकारियों को मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को देने का भी निर्देश दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीपुरद्वार जिले में आठ, बांकुड़ा जिले में 12, बैरकपुर उपखंड में दो, बीरभूम में आठ, कूचबिहार में सात, दक्षिण दिनाजपुर में 16, दार्जिलिंग में दो, हुगली में छह, हावड़ा में 20, जलपाईगुड़ी में दो, झारग्राम में 10, चार कलिम्पोंग , मालदा में 14, मुर्शिदाबाद में 21, नदिया में 11, उत्तर 24 परगना में 23, पश्चिम बर्दवान में एक, पश्चिम मेदिनीपुर में 25, पूर्वी बर्दवान में 16, पूर्वी मेदिनीपुर में 35, पुरुलिया में 17, सिलीगुड़ी में एक, दक्षिण 24 परगना में 12 और उत्तरी दिनाजपुर में चार कैंप लगेंगे।

प्रशासनिक हलकों से पता चला है कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लिए राशि सीधे छात्रों के बैंक खाते में दी जाती है।

राजनीति | नारी शक्ति वंदन बिल से सपा और बसपा की राजनीति को लग सकता है झटका

# भाजपा को मिल सकता है सियासी फायदा

**बसपा और सपा व्यक्ति विशेष पर आधारित हैं। इसलिए इनमें चर्चित महिला चेहरों का अभाव है।**

**क्षेत्रीय पार्टियों पर भी महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाना मजबूरी हो जाएगा।**

**एजेंसी। लखनऊ**



लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण के लिए लोकसभा में पेश किये गये नारी शक्ति वंदन बिल से सबसे ज्यादा नुकसान क्षेत्रीय पार्टियों का होगा, जबकि कांग्रेस और भाजपा इससे फायदे में रहेगी। यही कारण रहा है कि हर वक्त समाजवादी पार्टी इसका विरोध करती रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी व्यक्ति विशेष पर आधारित हैं। इस कारण इनमें महिला चर्चित चेहरों का अभाव है। ऐसे में इनको उपयुक्त उम्मीदवार मिलना भी मुश्किल हो जाएगा।

हालांकि कोई पार्टी इसके खिलाफ खुलकर बोलना नहीं चाहती। सिर्फ उसको किसी न किसी बहाने पास होने देना नहीं चाहते। यही कारण है कि यह बिल 25 सालों से अधर में लटका हुआ है। 20 दिसम्बर 1999 को मुलायम सिंह ने महिला आरक्षण बिल पर कहा था, यह पूरा का पूरा मुसलमानों, दलितों के खिलाफ षडयंत्र है। जहां तक बीजेपी और कांग्रेस का सवाल है हमने पहले ही कहा था कि दोनों एक हैं। महिला आरक्षण लागू करके दलित, पिछड़े और मुस्लिम समाज से आने वाले लोगों को वंचित किए जाने षडयंत्र किया जा रहा है। मुलायम सिंह यादव ने कहा कि बहुसंख्यक समाज की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं कर सकते। आम सहमति हो तभी बिल पेश किया जाए। इस संबंध में वरिष्ठ पत्रकार हर्ष वर्धन त्रिपाठी का कहना है कि इस बिल को पेश कर भाजपा ने ट्रंप कार्ड खेल दिया है। इससे निश्चय ही आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा होगा। चूंकि लोकसभा में समाजवादी पार्टी और बसपा जैसी पार्टियों की संख्या बहुत कम है। इस कारण अब बिल फाड़ने जैसा काम नहीं हो सकता और पूरी उम्मीद है कि यह पास हो जाएगा। इससे क्षेत्रीय पार्टियों पर भी महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाना मजबूरी हो जाएगा।

राजनीतिक विश्लेषक राजीव रंजन का कहना है कि इस बिल से उप्र में समाजवादी पार्टी और बसपा की राजनीति पर असर अवश्य पड़ेगा, क्योंकि ये व्यक्ति विशेष की पार्टियां हैं। इनमें दूसरी चर्चित महिलाओं का अभाव है। यहां चूंकि कांग्रेस न के बराबर है। इस कारण यहां तो सर्वाधिक फायदा भाजपा को ही होने जा रहा है।

## कसबा में बंदूक लहराने वाला सौमित गिरफ्तार

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता के कसबा थाना अंतर्गत बैकुंठपुर इलाके में बंदूक लहराने वाले आरोपित सौमित मंडल को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, इधर-उधर कूड़ा कचरा फेंकने पर जब स्थानीय लोगों ने मना किया था तो उसने हमला कर दिया था। हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। कोलकाता पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कथित तौर पर सौमित हर जगह गंदगी फैलाता था। स्थानीय लोगों ने बार-बार विरोध किया लेकिन नहीं मानता था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सौमित आईटी सेक्टर में काम करता था। लेकिन इसके बावजूद वह "प्रेस" और "पुलिस" स्टिकर लगी कारों में घूमता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सौमित के पिता एक पुलिस अधिकारी थे, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या प्रेस और पुलिस स्टिकर का अवैध उपयोग सिर्फ शक्ति का प्रदर्शन था।

## NEWS इन ब्रीफ

### तेज गेंदबाज टिम साउदी के चोटिल अंगूठे की होगी सर्जरी



क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने बुधवार को कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी का अंगूठा इस इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और अंतिम वनडे में चोटिल हो गया था और फ्रैक्चर हो गया था, जिसकी अब सर्जरी की जाएगी। पिछले शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे के दौरान कैच लेने का प्रयास करते समय इस अनुभवी तेज गेंदबाज का दाहिना अंगूठा टूट गया और उसकी हड्डी खिसक गई। भारत में आगामी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए वरिष्ठ तेज गेंदबाज की उपलब्धता पर निर्णय सर्जरी के नतीजे आने के बाद अगले सप्ताह की शुरूआत में किया जाएगा। मुख्य कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि साउदी समय पर ठीक होकर टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध हो सकेंगे।

### तितस साधु भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ खेलने के लिए तैयार



नई दिल्ली। तितस साधु का एशियाई खेलों के लिए सीनियर भारतीय महिला टीम में पहली बार शामिल होना उनके अनुसार 'अचानक' था। 18 वर्षीय खिलाड़ी को उस दिन एशियाई खेलों की टीम की घोषणा होने का पहले से कोई अंदाजा नहीं था। 14 जुलाई को वह बिस्तर पर जाने के लिए तैयार होने ही वाली थी कि अचानक उसके एक दोस्त का मैसेज आया।

### भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया



हांगझाऊ (चीन)। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने मंगलवार को हांगझाऊ में सीएक्ससी जिम्नेजियम में पूल सी में कंबोडिया पर 3-0 से जीत के साथ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरूआत की। मिली जानकारी के मुताबिक, भारत ने यह मैच 3-0 (25-14, 25-13, 25-19) से जीता। बुधवार को भारत का मुकाबला दुनिया के 27वें नंबर की टीम दक्षिण कोरिया से होगा। हांगझाऊ खेलों में पुरुष वॉलीबॉल में कुल 19 टीमें भाग ले रही हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई खेलों में अब तक कुल तीन वॉलीबॉल पदक जीते हैं। 1962 में वे उपविजेता रहे। भारत के अन्य दो पदक 1958 और 1986 में जीते गए कांस्य थे।

# एकदिवसीय क्रिकेट के बादशाह बने मोहम्मद सिराज

### गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कोलंबो में एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 21 रन देकर छह विकेट लेने की सनसनीखेज उपलब्धि के बाद गेंदबाजों की आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

सिराज, जिन्होंने पहली बार इस साल जनवरी में शीर्ष स्थान हासिल किया था और मार्च में जोश हेजलवुड ने उन्हें अपदस्थ कर दिया था, ने श्रीलंका के खिलाफ अपने यादगार प्रदर्शन के बाद आठ स्थानों की बढ़त हासिल की है। उनके बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंकाई टीम केवल 50 रनों पर सिमट गई और भारत ने आसानी से 10 विकेट से जीत हासिल कर एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया।

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज नवीनतम साप्ताहिक अपडेट में बढ़त हासिल करने वाले एक और बड़े गेंदबाज हैं। महाराज ने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से जीतवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महाराज ने अंतिम मैच में 33 रन देकर चार विकेट लिए, उन्होंने श्रृंखला में आठ विकेट लिये और 15वें स्थान पर पहुंच गए। रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अन्य गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब-उर रहमान (दो स्थान ऊपर चौथे स्थान पर) और राशिद खान (तीन स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर) शामिल हैं। इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स 11वें स्थान पर हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी 21वें स्थान पर हैं।

दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और इंग्लैंड के डेविड मालन बल्लेबाजी चार्ट में बड़े मूवर्स हैं। सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लासेन की 174 रन की पारी ने उन्हें पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचा दिया है, जबकि मालन श्रृंखला में खेले गए तीन मैचों में 277 रन बनाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर हैं। द ओवल में इंग्लैंड का अब तक का सर्वोच्च स्कोर 182 रन बनाने के बाद बेन स्टोक्स को 13 स्थान का फायदा हुआ और वह 36वें स्थान पर आ गए। दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर (चार पायदान ऊपर 17वें), श्रीलंका के चैरिथ असलांका (दो पायदान ऊपर 28वें), बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (पांच पायदान ऊपर संयुक्त 29वें) और ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर एलेक्स कैरी (तीन पायदान ऊपर संयुक्त 29वें स्थान पर) ) बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अन्य खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# वाराणसी में स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में सचिन व गावस्कर आमंत्रित





**एजेंसी। वाराणसी (यूपी)**

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और अनुभवी क्रिकेटर सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री के 23 सितंबर को यहां गंजारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में भाग लेने की संभावना है। स्टेडियम की संरचना काशी की विरासत को प्रतिबिंबित करेगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर और हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय को समारोह में आमंत्रित किया गया है। शिलान्यास समारोह के बाद खिलाड़ी काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। समारोह में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी शामिल होंगे। वाराणसी के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी आर.पी. सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम वाराणसी के गंजारी क्षेत्र में 12.809 हेक्टेयर भूमि पर बनाया जाएगा। जमीन का अधिग्रहण 121.8 करोड़ रुपये में किया जा चुका है। स्टेडियम में 30,000 लोगों के बैठने की क्षमता होगी, इसे पूरा होने में ढाई साल से ज्यादा का समय लगेगा। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में एलएंडटी निर्माण एजेंसी ने मिट्टी परीक्षण जैसी निर्माण-पूर्व गतिविधियां पहले ही शुरू कर दी हैं। पहले चरण में स्टेडियम के साथ-साथ पार्किंग और प्रैक्टिस पिच बनाई जाएगी।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशियाई खेलों में करेगी पदार्पण

# क्वार्टर फाइनल में करेगी अभियान की शुरूआत

**एजेंसी। हांगझू**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम पहली बार चीन के हांगझू में एशियाई खेलों में हिस्सा लेगी और महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर रही है। शुरूआत में हरमनप्रीत को टीम इंडिया का नेतृत्व करना था। हालाँकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय मैच के दौरान उनके गुस्से के कारण उन्हें निलंबित करने के बाद वह दो मैचों से अनुपस्थित रहेंगी। हरमनप्रीत की अनुपस्थिति में स्मृति मंधाना टीम की कमान संभालेंगी।

भारत गुरुवार को हांग्जो में झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा।



पिछले दस वर्षों में महिला क्रिकेट में रुचि बढ़ी है और टी20 प्रारूप ने इसे और बढ़ावा दिया है। महिला टी20 को एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बहु-खेल आयोजनों में शामिल किया गया है। हांग्जो, चीन में एशियाई खेल 2022, जो उस वर्ष कोविड के कारण नहीं खेले जा सके थे, 2023 में आयोजित किए जा रहे हैं, में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए टी20 प्रतियोगिताएं होंगी। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में केवल टी-20 प्रारूप में महिलाओं की प्रतियोगिता हुई।

इस सूची में शामिल होने वाले अन्य उल्लेखनीय नामों में जेमिमाह रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष शामिल हैं।

एशियाई खेल 2023 में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता, जो टी20 प्रारूप में खेली जाएगी, 19 से 28 सितंबर तक होगी। सभी मैच झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में खेले जाएंगे।

भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश शीर्ष वरीयता प्राप्त हैं और सीधे क्वार्टर फाइनल चरण से अपना अभियान शुरू करेंगी।

भारत पहली बार एशियाई खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमें भेज रहा है। यह दूसरी बार है जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम किसी मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में खेलेगी। पिछले साल बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में, भारत की महिलाओं ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद रजत पदक जीता था।

# चीन के खिलाफ हार के बाद करो या मरो के मुकाबले में बांग्लादेश से भिड़ेगा भारत

**एजेंसी। हांगझोउ**

मेजबान चीन के खिलाफ पहले मैच में करारी हार के बाद भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के करो या मरो के ग्रुप मैच में बाग्लादेश के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। भारतीय टीम सोमवार देर शाम यहां पहुंची थी और उचित आराम और नींद के बिना उसने मंगलवार को चीन के खिलाफ अपना पहला मैच खेला जिसमें टीम को 1-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। नॉकआउट की दौड़ में बने रहने के लिए इगोर स्टिमक की टीम को ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को हर हाल में हराना होगा। बांग्लादेश के खिलाफ हार से भारत टूर्नामेंट से बाहर नहीं होगा क्योंकि छह ग्रुप से तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीम भी प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी लेकिन ऐसी स्थिति में अंतिम मैच से पहले काफी अनिश्चितता रहेगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक के रूप में



क्वालीफाई करने से भारत को प्री क्वार्टर फाइनल में मजबूत टीम का सामना करना पड़ सकता है। बांग्लादेश की टीम किसी भी स्तर पर भारत के लिए आसान टीम नहीं रही है और वे भी पहले मैच में म्यांमार के खिलाफ 0-1 की हार के बाद वापसी करने की कोशिश करेंगे।

डिफेंडर कोनसैम चिंगलेनसाना सिंह वीजा में विलंब के कारण टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाए। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने उनके लिए 'एक्सप्रेस वीजा' का इंतजाम किया और वह यहां अलग से पहुंचे। एक्सप्रेस वीजा दो से तीन दिन में मिल जाता है।

सुनील छेत्री की अगुआई वाली टीम के लिए बांग्लादेश को हराकर प्रतियोगिता की पहली जीत दर्ज करना आसान नहीं होगा क्योंकि इंडियन सुपर लीग क्लबों के खिलाड़ियों को छोड़ने से इनकार करने के बाद अंतिम समय में टीम तैयार की गई और इसमें अधिकतर अंजान चेहरे हैं। भारत ने हालांकि चीन को पहले हाफ में कड़ी टक्कर दी थी लेकिन दूसरे हाफ में खिलाड़ियों पर थकान हावी दिखी।

## ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता है : इगा स्वीयाटेक

**एजेंसी। पेरिस (फ्रांस)**

विश्व नंबर 2 इगा स्वीयाटेक ने 2024 ओलंपिक खेलों में खेलने के लिए अपनी 'प्राथमिकता' साझा की, और रौलां गैरो 2024 से ठीक पहले पेरिस ओलम्पिक शेड्यूल करने के लिए विश्व टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) पर निराशा भी व्यक्त की। रौलां गैरो(फ्रेंच ओपन), जो 28 मई से 9 जून 2024 तक पेरिस के स्टेट रौलां गैरो में निर्धारित है, 26 जुलाई से 11 अगस्त तक निर्धारित ओलंपिक खेलों से ठीक पहले खेला जाएगा। स्वीयाटेक ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मुझे अपने शरीर की बात सुनने की जरूरत है और सीजन बहुत व्यस्त है - हमारी नंबर एक प्राथमिकता इसे अच्छे स्वास्थ्य के साथ अंत तक खेलना और समझदारी से योजना बनाना है ताकि हमें चोट लगने का खतरा न हो। ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता हैं, लेकिन



विशेष रूप से इन प्रतियोगिताओं के लिए अच्छी स्थिति में रहना मुश्किल होगा। अगर मैं ऐसा करना चाहता, तो तैयारी का दौर रौलां -गैरो के दौरान शुरू करना होगा...कैलेंडर बहुत व्यस्त है और मेरे सामने कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। रास्ते में हमारे पास ऑस्ट्रेलियन ओपन, संयुक्त राज्य अमेरिका में महत्वपूर्ण कार्यक्रम और रौलां गैरो हैं। ऐसा नहीं है कि मैं ऐसे अनुशासन का अभ्यास करती हूं जिसमें सबसे महत्वपूर्ण चीज विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक खेल हैं।

## अल्पकालिक सौदे पर जर्मनी के मुख्य कोच नियुक्त हुए जूलियन नगेल्समैन



बर्लिन। बायर्न म्यूनिख के पूर्व कोच जूलियन नगेल्समैन को जर्मनी की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का अस्थायी मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 2004 में 39 वर्षीय जर्गेन क्लिंसमैन की नियुक्ति के बाद से 36 वर्षीय नगेल्समैन सबसे कम उम्र के कोच बन गए हैं। वह अगले जुलाई में यूईएफए यूरो 2024 टूर्नामेंट तक कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। दस दिन पहले, हंसी फ्लिक ने कतर में 2022 फीफा विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने और कई मैत्री मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। नगेल्समैन जर्मनी के साथ एक निश्चित अवधि के समझौते पर सहमत हो गए हैं। वह अगली गर्मियों में एक क्लब के साथ अपना करियर जारी रखने की योजना बना रहे हैं। नगेल्समैन का बायर्न के साथ 2026 तक चलने वाला अनुबंध खत्म हो गया है।

# अंडर-17 एशिया कप : भारतीय महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड के खिलाफ नई शुरूआत करने को तैयार

**एजेंसी। बुरिराम (थाईलैंड)**

एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप क्वालीफायर के अपने पहले मुकाबले में कोरिया से 0-8 से हारने के बाद भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम अगले दो मैचों में कुछ अच्छे प्रदर्शन के लिए तैयार है। भारतीय अंडर-17 टीम आने वाली चुनौतियों से पूरी तरह अवगत है। उनका मुकाबला मेजबान थाईलैंड से है, जिसे 'मुस्कान की भूमि' के नाम से जाना जाता है। उपनाम न केवल उनकी हंसमुख संस्कृति का प्रतिबिंब है, बल्कि यह खेल के प्रति उनके दृष्टिकोण की भी विशेषता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, ये टीम हार नहीं मानती। भारतीय टीम को गुरुवार को बुरिराम सिटी स्टेडियम में थाईलैंड से भिड़ना है। यह मैच दो प्रतिबद्ध अंडर-17 टीमों के बीच एक रोमांचक संघर्ष होने का वादा करता है, जो प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ने का प्रयास कर रही हैं। हाल में थाईलैंड शानदार फॉर्म में रहा है, उसने



एएफसी अंडर17 महिला एशिया कप क्वालीफायर के राउंड 1 में अपने ग्रुप ए मैचों में उत्तरी मारियाना द्वीप (11-0) और मलेशिया (11-0) पर शानदार जीत हासिल की है। मंगलवार को अपने पहले राउंड 2 मुकाबले में उन्होंने ईरान को 6-0 से हराया। भारतीय कोच विरोधियों की ताकत और कमजोरियों से अवगत हैं और उन्होंने कहा, थाईलैंड एक प्रतिभाशाली टीम है, वापसी की रक्षा और जवाबी हमले की रणनीति में उत्कृष्ट है जबकि हमारी शैली आक्रामक फुटबॉल पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, "हमारे पिछले मैच में हमें कई गलत पासों से जूझना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप गेंद पर कब्जा करने में कमी आई। हम अपनी ताकत और कमजोरियों के बारे में जानते हैं और हम उस पर काम करेंगे। भारत का ध्यान अब बचे हुए मैचों में पूरे अंक हासिल करने और प्रतियोगिता में आगे बढ़ने पर होगा।

### टी20 विश्व कप आईसीसी ने की स्थल के रूप में न्यूयॉर्क, डेलास-फ्लोरिडा की पुष्टि

# ट्रॉफी के लिए 20 टीमों के बीच होगा मुकाबला

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के अमेरिका चरण के तीन स्थलों के रूप में बुधवार को न्यूयॉर्क, डेलास और फ्लोरिडा के नाम की पुष्टि की। अमेरिका में ब्रोवार्ड काउंटी (फ्लोरिडा), ग्रैंड प्रेरी (डेलास) और आइसेनहावर पार्क (न्यूयार्क) टी20 विश्व कप मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। यह पहली बार है जब टूर्नामेंट का आयोजन अमेरिका में हो रहा है और वह वेस्टइंडीज के साथ सह मेजबान है।

आईसीसी ने 2021 में अमेरिका को प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी थी। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्यौफ अलार्डिस ने कहा कि विस्तृत आकलन प्रक्रिया के बाद इन स्थलों को चुना गया है। अलार्डिस ने आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा, ट्रॉफी के लिए 20 टीम के





बीच भिड़ंत वाले अब तक के सबसे बड़े आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के एक हिस्से की मेजबानी के लिए तीन अमेरिकी स्थलों की घोषणा करने की हमें खुशी है।

उन्होंने कहा, हमने देश में कई संभावित स्थलों पर विचार किया और संबंधित मेजबानों के बीच रोमांच को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं। अलार्डिस ने कहा कि फ्लोरिडा और डेलास में मौजूदा स्थलों में विस्तार किया जाएगा जिससे कि अधिक दर्शकों और मीडिया को जगह दी जा सके। साथ ही 'प्रीमियम हॉस्पिटेलिटी एरिया' भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क की नसाउ काउंटी में भी बाकी दोनों स्टेडियम की तरह 34 हजार दर्शकों की क्षमता वाले मॉड्युलर स्टेडियम के निर्माण के लिए समान तकनीक का इस्तेमाल होगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इसके लिए स्थानीय अधिकारियों से जरूरी मंजूरी अगले महीने तक मिल जाएगी। प्रतियोगिता से पूर्व मुकाबलों और ट्रेनिंग के लिए अमेरिका में कुछ और स्थलों की पहचान की गई है जिसमें एमएलसी टीम वाशिंगटन फ्रीडम का घरेलू मैदान जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी भी शामिल है। आईसीसी की इस घोषणा से अमेरिका के टी20 विश्व कप 2024 की मेजबानी को लेकर अनिश्चितता के बादल भी छंट गए हैं। स्टेडियमों की तैयारियों को लेकर संदेह जताया गया था।

### जेसन रॉय को विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वाकई कठिन था : जोस बटलर

लंदन। इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज और अपने अच्छे दोस्त जेसन रॉय को आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वास्तव में कठिन फैसला था। 32 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 पुरुष वनडे विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। रॉय के स्थान पर आए बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान ने 54, 96 और 127 रन बनाकर विश्व कप चयन के लिए अपना मामला मजबूत कर लिया और खुद की टीम में जगह पक्की करने के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया। मलान द्वारा अपनी जगह पक्की करने के बाद, रॉय को टीम से बाहर कर दिया गया और फॉर्म में चल रहे युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टीम में शामिल कर लिया गया।



# फिक्स्ड डिपॉजिट पर कौन बैंक सबसे ज्यादा ब्याज दे रहा है?

**-आरएनएम**

नई दिल्ली। टैक्स-सेविंग फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम के साथ कोई भी टैक्सपेयर आसानी से हर साल टैक्स बचा सकता है। इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत हर साल 1.5 लाख रुपये तक टैक्स डिडक्ट का दावा किया जा सकता है। टैक्स सेवर एफडी का लॉक-इन पीरियड 5 साल है। हालांकि, 5 साल की टैक्स सेवर एफडी पर सभी बैंक अलग-अलग ब्याज दर पेश कर रहे हैं।बैंक बाजार वेबसाइट पर दिए गए आंकड़ों के अनुसार देश के 8 बैंक सितंबर में 5 साल की टैक्स-सेविंग फिक्स्ड डिपॉजिट पर एसबीआई से ज्यादा ब्याज दर दे रहे हैं। ये बैंक आम लोगों के साथ-साथ सीनियर सिटीजन के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से ज्यादा ब्याज दर दे रहे हैं।एसबीआई टैक्स सेविंग एफडी पर आम नागरिकों को 6.5 प्रतिशत ब्याज दर जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7 प्रतिशत ब्याज दर ऑफर कर रहा है। वहीं एचडीएफसी बैंक , इंडसलैंड बैंक , आरबीएल बैंक, केनरा बैंक, एक्सिस बैंक एफडी पर ज्यादा ब्याज दे रहे हैं। 5 साल की फिक्स्ड डिपॉजिट पर एसबीआई से ज्यादा निम्न बैंक ब्याज दे रहे हैं- इंडसइंड बैंक टैक्स सेवर स्कीम - इंडस बैंक 5 साल की फिक्स्ड डिपॉजिट पर आम नागरिकों को 7.25 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 8 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। आरबीएल बैंक टैक्स सेविंग एफडी - आरबीएल बैंक आम नागरिकों को 7.1 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7.6 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। एचडीएफसी बैंक टैक्स सेविंग एफडी -एचडीएफसी बैंक आम नागरिकों को 7 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 7.75 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। केनरा बैंक टैक्स सेविंग एफडी - केनरा बैंक आम नागरिकों को 5 साल की एफडी पर 6.70 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 7.20 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। एक्सिस बैंक टैक्स सेविंग एफडी -आम नागरिकों को एक्सिस बैंक 7 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7.75 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टैक्स सेविंग एफडी- आईडीएफसी बैंक आम नागरिकों को 7 प्रतिशत जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7.5 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया टैक्स सेविंग एफडी - 5 साल की एफडी पर आम नागरिकों को यूनियन बैंक में एफडी कराने पर 6.70 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 7.20 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। आईसीआईसीआई बैंक टैक्स सेवर एफडी- आईसीआईसीआई बैंक आम नागरिकों को 7 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7.50 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। पीएनबी टैक्स सेविंग एफडी - पंजाब नेशनल बैंक आम नागरिकों को 6.50 प्रतिशत जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7.30 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा टैक्स सेविंग एफडी - बैंक ऑफ बड़ौदा आम नागरिकों को 6.50 प्रतिशत जबकि सीनियर सिटीजन को 7.15 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। एसबीआई टैक्स सेविंग एफडी - एसबीआई आम नागरिकों को 6.50 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक टैक्स सेविंग एफडी - पंजाब एंड सिंध बैंक आम नागरिकों को 6.25 प्रतिशत और वरिष्ठ नागरिकों को 6.75 प्रतिशत ब्याज दर दे रहा है। आईडीबीआई बैंक टैक्स सेविंग एफडी - आईडीबीआई बैंक आम नागरिकों को 6.50 प्रतिशत और सीनियर सिटीजन को 7 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### अगस्त में जापान का व्यापार घाटा 6.3 अरब डॉलर

**टोक्यो।** निर्यात और आयात में गिरावट के बीच, जापान ने अगस्त में 6.3 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने बताया कि रिकॉर्डिंग पीरियड में देश का व्यापार घाटा 930.5 अरब येन (6.3 अरब अमेरिकी डॉलर) था, क्योंकि निर्यात में गिरावट जारी रही, जो 0.8 प्रतिशत घटकर 7.99 लाख करोड़ येन रह गया। इस बीच, मंत्रालय के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि आयात लगातार पांचवें महीने घटकर 8.92 लाख करोड़ येन रह गया, जो साल-दर-साल 17.8 प्रतिशत कम है।

### प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूटा

**नई दिल्ली।** निकट भविष्य में बाजार के लिए चुनौतियों के मद्देनजर बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 600 अंक से ज्यादा टूट गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि ब्रेंट क्रूड 94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है, डॉलर इंडेक्स 105 से ऊपर है, दो साल के अमेरिकी बॉन्ड पर ब्याज 5.09 फीसदी पर पहुंच गया है और डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। उन्होंने कहा कि इन विपरीत परिस्थितियों के साथ ही अब एचडीएफसी बैंक के एनआईएम के संभावित संपीड़न की निराशाजनक खबर से बैंक निफ्टी में धारणा अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकती है। भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव का बाजार पर कोई स्थायी प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। मिड- और स्मॉल-कैप में व्यस्त गतिविधि ने इन क्षेत्रों में मूल्यांकन को उच्च स्तर पर पहुंचा दिया है। इनमें से कई शेयरों में तेज वृद्धि उम्मीद पर आधारित है। देखना यह है कि यह उम्मीद हकीकत में तब्दील होगी या नहीं।

# भारत-कनाडा रार से बिगड़ेगा कारोबार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और कनाडा के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ने का बुरा असर दोनों देशों के आर्थिक संबंधों पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही कोई तात्कालिक असर न हो लेकिन विवाद लंबा खिंचने पर कारोबार पर विपरीत असर पड़ेगा। राजनीतिक वजहों से दोनों देशों के बीच शुरूआती व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत रद्द हो चुकी है, जो अंतिम अवस्था में थी। दोनों देशों को उम्मीद थी कि इस साल के अंत तक समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत के राजदूत रह चुके जयंत दासगुप्ता ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पटरी से उतरने का दोनों देशों पर विपरीत असर पड़ेगा।

दासगुप्ता ने कहा, अगर दोनों देशों के बीच एफटीए (जिस पर बात हो रही थी) होता तो इससे कुछ क्षेत्रों को बाजार तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल सकती थी। अब इस अवसर का लाभ उठाने में देरी होगी। इस हिसाब से देखें तो नुकसान है। अगर तनाव जारी रहता है और आगे और प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई की जाती तो कारोबार पर असर पड़ सकता है। कनाडा के साथ भारत का कारोबार कुल कारोबार के 1 प्रतिशत से कम है और वह वित्त वर्ष 23 में भारत का 35वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था, जिसके साथ कुल व्यापार 8.16 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 23 के दौरान कनाडा को भारत का निर्यात 4.11 अरब डॉलर था, जो वित्त वर्ष 22 के 3.76 अरब डॉलर से अधिक है। इसका मतलब यह है कि अन्य देशों की तुलना में कनाडा को होने वाले निर्यात की हिस्सेदारी 1 प्रतिशत से भी कम है। भारत से कनाडा भेजे जाने वाले प्रमुख निर्यातों में दवाएं, परिधान, हीरे, रसायन, रत्न एवं आभूषण, समुद्री खाद्य, इंजीनियरिंग के सामान, चावल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व अन्य सामान शामिल हैं। बहरहाल निर्यातकों का कहना है कि लोहा और स्टील उत्पादों और मशीनरी जैसे इंजीनियरिंग के सामान पर असर पड़ सकता है। फेडरेशन आफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के महानिदेशकऔर मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) अजय सहाय ने कहा, ह्यकारोबार पर संभवतः तत्काल कोई उल्लेखनीय असर नहीं पड़ेगा। यदि कोई असर पड़ता भी है तो देश के लिए राष्ट्रीय महत्त्व के मसलों को देखते हुए व्यापार को गौड़ रखना होगा। वित्त वर्ष 2021-22 में कनाडा से आयात 4.05 अरब डॉलर रहा है, जो 29.3 प्रतिशत बढ़ा है। कनाडा से भारत की आयात पर पर निर्भरता शेष विश्व की तुलना में महज 0.56 प्रतिशत है। कनाडा से मुख्य रूप से भारत में दलहन, कच्चे तेल, उर्वरक, एयरक्राफ्ट और विमान उपकरण, हीरों, बिटुमिनस कोयला व अन्य वस्तुओं का आयात होता है। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के मुताबिक दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध बढ़ेंगे और इस पर रोजमर्रा की घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ेगा। जीटीआरआई ने एक नोट में कहा कि भारत बड़ा बाजार है और यहां निवेश किए गए धन पर मुनाफा ज्यादा है, जिसे देखते हुए कनाडा के पेंशन फंड भारत में निवेश जारी रखेंगे। कनाडा के पेंशन फंडों ने भारत में 45 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। 2022 के अंत तक एफडीआई निवेश के मामले में कनाडा विश्व का चौथा बड़ा निवेशक बन गया है। कनाडा के पेंशन फंड प्रमुख रूप से भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र, अक्षय ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और वित्तीय सेवा में निवेश कर रहे हैं। कनाडा के पेंशन फंडों का भारत में सबसे बड़ा निवेश 2022 में हुआ, जब कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपीआईबी) ने भारत में 1.1 अरब डॉलर निवेश किया। पेशन बोर्ड ने भारत की बिजली पारेषण कंपनी इंडिया ग्रिड ट्रस्ट में यह निवेश किया था।

### कोटक महिंद्रा से पेटीएम तक इन शेयरों में है कनाडा का निवेश

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के रिश्तों में आजकल तनातनी चल रही है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक खालिस्तानी आतंकवादी की कनाडा में हुई हत्या में भारत का हाथ होने का आरोप लगाया है। कनाडा ने भारत के एक राजनयिक को निकाल दिया। भारत ने भी इस पर जवाबी कार्रवाई की है। इससे दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास आई है। इससे दोनों देशों के बीच ट्रेड और इन्वेस्टमेंट के भी प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। कनाडा के बड़े पेंशन फंड्स ने भारत में भारी निवेश किया है। अगस्त तक यह निवेश 1.77 लाख करोड़ रुपये था। इसमें से 1.5 लाख करोड़ रुपये इक्विटी मार्केट्स में है। कनाडा के सबसे बड़े पेंशन फंड सीपीपीआईबी ने भारत की कई लिस्टेड और अनलिस्टेड कंपनियों में निवेश किया है। हालिया फाइलिंग के मुताबिक भारत में उसके निवेश की कीमत एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा क्यूबेक वर्कर्स और ओंटारियो स्कूल टीचर्स पेंशन फंड ने भी भारत में निवेश किया है। सीपीपीआईबी ने लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म डेल्हीवरी, कोटक महिंद्रा बैंक, ब्लिंकिट, जोमैटो, पेटीएम, नायका, इंडस टावर, विप्रो, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक में हिस्सेदारी है।

### चीन को झटका देगा भारत, विदेशी टेलीकॉम कंपोनेंट पर टैक्स लगाएगी सरकार



**नई दिल्ली।** देश की केंद्र सरकार ने टेलीकॉम इंडस्ट्री को मजबूत बनाने और ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने के लिए नया प्लान बना लिया है। जानकारी के अनुसार भारत से इंपोर्ट को कम करने और डॉमेस्टिक सप्लाई चेन बनाने के लिए टेलीकॉम कंपोनेंट पर फेजवाइज कस्टम ड्यूटी लगाने की योजना बना रहा है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट पैकेजिंग आइटम्स, एंटीना, वाईफाई स्विच, प्लास्टिक/मेटल हाउसिंग आइटम्स, वायर्स/केबल्स पर जनवरी से 10 फीसदी कस्टम ड्यूटी लगाने और अगले साल अक्टूबर तक इसे 15 फीसदी तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर काम कर रहा है। इस कदम से चीन और उन देशों को झटका लगेगा जो भारत को टेलीकॉम कंपोनेंट काफी ज्यादा एक्सपोर्ट करते हैं। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार टेलीकॉम कंपोनेंट में यूएसबी पोर्ट/कनेक्टर, पावर एडॉप्टर और अन्य इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल आइटम भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि लोकल प्रोडक्शन को बढ़ावा देने और वैल्यू एडिशन को बढ़ाने के लिए सरकार के फेज्ड मैन्यूफैक्चरिंग प्रोग्राम (पीएमपी) के तहत इन पार्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी और उसे लागू करने की टाइमलाइन पर विचार किया जा रहा है।

### क्रूड ऑयल के उबाल से परेशान भारतीय रुपया 83.26 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** क्रूड ऑयल की इंटरनेशनल मार्केट में कीमत में लगातार तेज रुझान भारतीय रुपए (आईएनआर) को परेशान कर रहा है। क्रूड ऑयल की बढ़ी कीमत ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए को 83.26 के अब तक के रिकॉर्ड लो लेवल पर ले आया है। बताया जा रहा है कि रुपए में कमजोरी की संभावना अभी बनी हुई है। एक खबर के मुताबिक, क्रूड ऑयल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास है। आगे रुपए की चाल पूरी तरह तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा। खबर के मुताबिक, भारतीय मुद्रा को सपोर्ट करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक बाजार में डॉलर जारी कर रहा है लेकिन यह बहुत मदद नहीं करेगा क्योंक भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत तेल आयात करता है, जिसके लिए डॉलर में तत्काल पेमेंट करना होता है। एक प्राइवेट बैंक के फॉरेक्स एक्सपर्ट ने बताया कि आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा भंडार के पर्याप्त भंडार के साथ रुपए की रक्षा के लिए मौजूद रहेगा लेकिन यह एक पॉइंट से आगे नहीं जा सकता है। एक अन्य एक्सपर्ट ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश ने भी रुपये की अस्थिरता को कंट्रोल करने में मदद की है लेकिन यह हॉट मनी है जो अचानक बाहर निकल सकती है।

## विदेश

# दक्षिण सूडान में सेना और नागरिकों के बीच झड़प में 10 लोगों की मौत



**एजेंसी। जुबा**

पूर्वी दक्षिण सूडान में ग्रेटर पिबोर प्रशासनिक क्षेत्र (जीपीएए) के पोचल्ला शहर में दो दिन की झड़प के दौरान कम से कम 10 नागरिक और सुरक्षा अधिकारी मारे गए हैं। दक्षिण सूडानी सेना के प्रवक्ता लुल रुई कोआंग ने मंगलवार को समाचार एजेंसी शि-?हुआ को बताया कि रविवार को हुई झड़पें तब शुरू हुईं जब सेना ने हिरासत से भागे एक अधिकारी का पीछा किया। उन्होंने कहा कि भागने वाला व्यक्ति अपने पूर्व कमांडर ओकोनी ओकवोम ओथोव के घर में छिप गया था, जो दूसरे स्टेशन पर तैनाती के आदेश से इनकार करने के बाद मई में ड्यूटी से भाग गया था। कोआंग ने मंगलवार को दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा में एक साक्षात्कार में कहा. जब भी कोई सैनिक कोई अपराध करता है या वैध आदेशों की अवज्ञा करता है, तो वह जाकर ओकवॉम को रिपोर्ट करता है। रविवार को एक सैनिक, जिसने गोला-बारूद और बंदूकें बेचीं और उसे गिरफ्तार कर लिया गया, सैनिक जेल से भाग गया और अपने (ओक्वोम) क्षेत्र में रिपोर्ट किया। उन्होंने खुलासा किया कि जब सैनिकों को हिरासत से भागे अपने सहयोगी को दोबारा गिरफ्तार करने के लिए भेजा गया तो रविवार शाम से लेकर झड़पें हुईं। कोआंग ने कहा, उस पर पूर्व कमांडर का समर्थन करने वाले सशस्त्र अन्युआक युवाओं ने हमला किया था, जो बाद में मारा गया था। इससे नाराज होकर हथियारबंद युवा सोमवार को बड़ी संख्या में आए और हम पर हमला किया, लेकिन उन्हें खदेड़ दिया गया।

# नए सर्वे में भारतवंशी निक्की हेली से पिछड़ रहे बाइडेन



**एजेंसी। वाशिंगटन**

एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय-अमेरिकी और पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजदूत निक्की हेली 2024 के चुनाव की दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडेन से आगे हैं, हालांकि वह भारतीय मूल के ही विवेक रामास्वामी से आगे हैं। इस सप्ताह जारी हार्वर्ड कैप्स-हैरिस पोल सर्वेक्षण में पाया गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में डोनाल्ड ट्रम्प, हेली और टिम स्कॉट से पीछे चल रहे हैं, लेकिन भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस से आगे हैं। जब 2024 में हेली और बाइडेन के बीच एक काल्पनिक मुकाबले के बारे में पूछा गया, तो 41 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे हेली का समर्थन करेंगे, जबकि 37 प्रतिशत ने कहा कि वे वर्तमान मौजूदा राष्ट्रपति का समर्थन करेंगे। इक्कीस प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे नहीं जानते या अनिश्चित हैं कि वे किसका समर्थन करेंगे, बाइडेन का या हेली। हार्वर्ड सीएपीएस/हैरिस पोल के सह-निदेशक मार्क पेन ने द हिल को बताया, "इसमें कोई संदेह नहीं है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन राष्ट्रीय सर्वेक्षण संख्या में पिछड़ रहे हैं और अब कई उम्मीदवार उनसे आगे हैं। यह एक नया विकास है क्योंकि हेली जैसे (गैर-ट्रम्प) संभावित विरोधियों को एक्सपोजर मिलता है।

# तुर्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर उठाया कश्मीर का मुद्दा

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने एक बार फिर कश्मीर मुद्दा उठाते हुए कहा है कि भारत और पाकिस्तान द्वारा बातचीत के जरिए इसे सुलझाने से क्षेत्र में स्थिरता आएगी। उन्होंने विगत मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत एवं सहयोग के माध्यम से कश्मीर में न्यायसंगत और स्थायी शांति की स्थापना से ही दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा, तुर्की इस दिशा में उठाए जाने वाले कदमों का समर्थन करना जारी रखेगा। उनकी नवीनतम टिप्पणी पिछले दो वर्षों की तरह ही हल्की थी और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों या सीधे मध्यस्थता की पेशकश के संदर्भ से बचते हुए, यह भारत की स्थिति के करीब थी कि कश्मीर विवाद एक द्विपक्षीय मामला है। एर्दोगन ने 2020 में कश्मीर की स्थिति को ज्वलंत मुद्दा बताते हुये कश्मीर के लिए विशेष दर्जा समाप्त करने की आलोचना की थी। पिछले साल, उन्होंने जोर देकर कहा था कि (संयुक्त राष्ट्र) संकल्पों द्वारा अपनाए जाने के बावजूद, कश्मीर पर अभी भी कब्जा है और 80 लाख लोग वहां फंसे हुए हैं।

## इजरायल ने सऊदी अरब के साथ बढ़ाया दोस्ती का हाथ

# अमेरिका ने प्रिंस सलमान को दिया जापान वाला ऑफर



**नवीन मेल संवाददाता। रियाद**

इजरायल और सऊदी अरब में रिश्ते सुधारने के लिए अमेरिका ने बड़ा ऑफर दिया है। अमेरिका ने सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से कहा है कि अगर सऊदी अरब इजरायल के साथ रिश्ते सामान्य करता है तो रियाद के साथ जापान और दक्षिण कोरिया जैसा सैन्य समझौता किया जाएगा। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और सऊदी अरब के अधिकारी इस आपसी रक्षा समझौते की शर्तों पर बातचीत कर रहे हैं। इस समझौते में कहा गया है कि अगर सऊदी अरब या अमेरिका पर इस इलाके या सऊदी क्षेत्र पर हमला होता है तो दोनों देश एक-दूसरे को सै-?य सहायता मुहैया कराएंगे। यही नहीं सऊदी प्रिंस बाइडन प्रशासन से यह भी मांग कर रहे हैं कि उन्हें देश में नागरिक परमाणु कार्यक्रम विकसित करने में मदद दी जाए। वहीं अमेरिकी अधिकारियों को डर है कि इस परमाणु कार्यक्रम के नाम पर सऊदी अरब ईरान का मुकाबला करने के लिए परमाणु हथियार बना सकता है। अमेरिका का बाइडन प्रशासन अगर जापान वाला सैन्य समझौता सऊदी अरब से करते हैं तो उन्हें अमेरिकी कांग्रेस में कड़े विरोध का सामना करना पड़ सकता है। इसमें कई तो खुद उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के हैं। इन शीर्ष अमेरिकी सांसदों का मानना है कि सऊदी अरब की सरकार पर एक पार्टनर के रूप में भरोसा नहीं किया जा सकता है जो अमेरिकी हितों या मानवाधिकारों के बारे में बहुत कम ध्यान देती है। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने यह ऑफर इसलिए दिया है ताकि सऊदी अरब और इजरायल के बीच रिश्तों को सामान्य किया जा सके। सऊदी अरब ने अभी तक इजरायल के अस्तित्व को मान्यता नहीं दी है। इस समझौते से यह भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या अमेरिका खाड़ी देशों में अपनी सैन्य ताकत को बरकरार रखेगा या फिर ऐसी जगहों पर ले जाएगा जो चीन के पास हैं। अमेरिका और सऊदी अरब के बीच बातचीत मोहम्मद बिन सलमान की मांगों पर केंद्रित हैं। बुधवार को बाइडन और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान मुलाकात होनी है। माना जा रहा है कि यह पूरा मामला इसमें उठ सकता है। महासभा में मंगलवार को दिए अपने भाषण में बाइडन ने इजरायल के साथ रिश्ते सामान्य करने के फायदे बताए थे। बता दें कि अमेरिकी सेना के जापान और दक्षिण कोरिया में सैन्य अड्डे हैं और हजारों की तादाद में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। वहीं अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि नए रक्षा समझौते के तहत सऊदी अरब में बड़ी तादाद में अमेरिकी सैनिक तैनात करने की कोई योजना नहीं है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड में कुड़मी समाज...

पुलिस से उलझ गए। इसके बाद हो हंगामे करते हुए कुड़मी समाज जबरन घाघरा स्टेशन के अंदर चले गए। धनबाद के गोमो स्टेशन में भी यही हाल हुआ। सैकड़ों महिला-पुरुष छोटे-बड़े वाहनों में सवार होकर घाघरा स्टेशन पहुंचे। हालांकि, स्टेशन के भीतर भी सुरक्षा बल तैनात हैं।

उल्लेखनीय है कि कुड़मी समाज के लोगों का यह तीसरा आंदोलन है। केंद्र से उनकी मांग है कि उन्हें आदिवासी का दर्जा दिया जाए। फिलहाल ये लोग ओबीसी वर्ग के दायरे में आते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, झारखंड में कुड़मी समाज के लोगों की आबादी 22 प्रतिशत है।

### लोस में महिला ...

बचाओ का नारा देशभर में दिया। उन्होंने कहा कि गुजरात में उन्होंने जागरूकता पैदा की। इससे लिंगानुपात में सुधार हुआ था। अमित शाह ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाई का फायदा ये हुआ कि एक ओर लिंगानुपात में सुधार हुआ, दूसरा गुजरात में प्राइमरी एजुकेशन में 37 फीसदी ड्रॉपआउट रेशो था, लेकिन जब मोदीजी प्रधानमंत्री बने तो ये ड्रॉपआउट रेशो घटकर 0.7 फीसदी रह गया।

शाह ने कहा, ये हमारे लिए राजनीति नहीं, मान्यता और संस्कृति का मुद्दा है। महिला सशक्तीकरण संविधान संसोधन से जुड़ा नहीं है, बल्कि ये महिलाओं के लिए सुरक्षा, सम्मान और सहभागिता का मामला है। मोदीजी ने जिस दिन पीएम पद की शपथ ली, ये संकल्प लिया। ये सरकार का संकल्प है, जिसे पूरा किया गया। गृहमंत्री ने इसके साथ बिल को पास कराने के लिए सहयोग मांगा।

### कांके गोलीबारी मामला ...

उसकी पत्नी और बेटा भी शामिल थे। यही वजह है कि इस मामले में उनदोनो को भी गिरफ्तार किया गया है। साजिश के तहत 14 सितंबर को अवधेश यादव पर फायरिंग करवाई गई जिसमें अवधेश पूरी तरह से जख्मी हुए। अवधेश ने अपने बयान में चितरंजन का नाम लिया था इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोलीबारी की साजिश करने में शामिल 12 लोगों को गिरफ्तार किया। जिंदा लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें पंकज कुमार गुप्ता, नवाज अख्तर, मिनहाज अली ,सरफराज आलम ,ताहिर अंसारी, हर्ष कुमार ,जगदेव प्रसाद वर्मा ,अमन कुमार ,सोनू कुमार सिंह, अंकित कुमार, बसंत अब्राहम और अभिलाषा देवी शामिल है। कार्रवाई में पुलिस ने चितरंजन के तीन महंगे वाहनों को भी जप्त किया है।

**पटना जेल में बंद है मुख्य आरोपी :** रांची के कांके ब्लॉक ऑफिस के समीप हुई गोलीबारी मामले में मुख्य आरोपी जिस भू माफिया चितरंजन पटना के बेउर जेल में पिछले 20 दिनों से बंद है। पुलिस को पता चला है कि आरोपी चितरंजन ने पूरी प्लानिंग के साथ ही गोलीबारी की घटना को अंजाम दिलवाया था। इसके लिए आरोपी ने पहले खुद को पुलिस से पकड़वाया। फिर जेल से जमीन कारोबारी अवधेश यादव को मारने की पूरी साजिश रची। आरोपी चितरंजन को पटना गांधी मैदान थाने की पुलिस ने 31 अगस्त को ही कारगिल चौक के पास से शराब की बोतल के साथ गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने उसे एक सितंबर को बेउर जेल भेज दिया था।जेल जाने के बाद आरोपी ने अवधेश यादव को मरवाने की पूरी प्लानिंग की, चितरंजन ने जेल से ही हत्या की साजिश रची इसके लिए उसने अपने करीबी पंकज का इस्तेमाल किया। पकंज के मोबाइल के जरीए शूटरों से बातचीत की, इसी बीच में आरोपी ने अवधेश को यह मैसेज भेजवाया कि वह विवाद खत्म करना चाहता है, मीटिंग करने के लिए आरोपी ने ही अवधेश को 14 सितंबर को ब्लॉक ऑफिस के पास बुलाया था,जिसके बाद घटना शुटरों के माध्यम से गोलीबारी घटना को अंजाम दिलवाया गया।

### छह पुलिसकर्मी ...

मंगलवार को सुंदरी का पति कबीरुल चेंगाडांगा गांव पहुंचा और पत्नी के गले पर स्क्रू ड्राइवर से वार कर हत्या कर दिया। आसपास के लोगों को जब घटना की जानकारी मिली तबतक आरोपित फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मालपहाड़ी ओपी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल से एक स्क्रू ड्राइवर जब्त किया। मालपहाड़ी ओपी पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी पति कबीरुल शेख को गिरफ्तार कर लिया लेकिन कबीरुल देर रात पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों को चकमा देकर हाजत से फरार हो गया।




## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम 25 को जाएंगे भोपाल, कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को भोपाल आएंगे। उनकी भोपाल यात्रा के लिए जारी तैयारियों के संबंध में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी प्राप्त की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी जम्बूरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करने भोपाल पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने राजकीय विमानतल पर हुई बैठक में कहा कि वर्षा की संभावना को देखते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए तथा यातायात और पार्किंग व्यवस्था योजनाबद्ध रूप से की जाए। बैठक में पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, जन-प्रतिनिधि भगवान दास सबनानी, सुमित पचौरी, भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह, पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### दगड़ूशेठ गणपति पंडाल में 31,000 महिलाओं ने अथर्वशीर्ष का किया जाप

**पुणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के पुणे में प्रसिद्ध दगड़ूशेठ गणपति पंडाल में 31,000 से अधिक महिलाओं ने अथर्वशीर्ष का पाठ किया। अथर्वशीर्ष, संस्कृत में रचित एक लघु उपनिषद है, जो ज्ञान और बुद्धि के देवता भगवान श्री गणेश को समर्पित है। श्रीमंत दगड़ूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति ट्रस्ट के अनुसार, यह उनके गणेश उत्सव समारोह में अथर्वशीर्ष के वार्षिक पाठ का 36वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कपड़े पहने 31,000 महिलाएं दगड़ूशेठ गणपति पंडाल के सामने एकत्र हुईं और अथर्वशीर्ष का जाप किया। इस साल पंडाल की थीम अयोध्या के निमार्णाधीन राम मंदिर की प्रतिकृति है।

# मानवाधिकार सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय का नैतिक दायित्व : राष्ट्रपति मुर्मू



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि संहिताबद्ध कानून से भी अधिक, हर मायने में मानवाधिकार सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय का नैतिक दायित्व है। राष्ट्रपति बुधवार को यहां मानवाधिकार पर एशिया प्रशांत फोरम की वार्षिक आम बैठक और द्विवार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी से आग्रह किया कि वे मानवाधिकारों के मुद्दे को अलग-थलग न करें और प्रकृति की देखभाल पर भी उतना ही ध्यान दें, जो मानव के अविवेक से बुरी तरह आहत है। उन्होंने कहा कि भारत में हम मानते हैं कि ब्रह्मांड का प्रत्येक कण दिव्यता की अभिव्यक्ति है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, हमें प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपने प्रेम को फिर से जगाना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि मनुष्य जितना अच्छा निर्माता है उतना ही अच्छा विध्वंसक भी है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार यह ग्रह छठे विलुप्त होने के चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां मानव निर्मित विनाश, अगर नहीं रोका गया, तो न केवल मानव जाति बल्कि पृथ्वी पर अन्य जीवन भी नष्ट हो जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हुई कि सम्मेलन में एक सत्र विशेष रूप से पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के विषय पर समर्पित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन एक व्यापक घोषणापत्र लेकर आएगा जो मानवता और ग्रह की बेहतरी का मार्ग प्रशस्त करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संविधान ने गणतंत्र की स्थापना के बाद से सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया और हमें लैंगिक न्याय और जीवन एवं सम्मान की सुरक्षा के क्षेत्र में कई मूक क्रांतियों को शुरू करने में सक्षम बनाया। हमने स्थानीय निकायों के चुनाव में महिलाओं के लिए न्यूनतम 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है और एक सुखद संयोग में राज्य विधानसभाओं और संसद में महिलाओं के लिए समान आरक्षण प्रदान करने का प्रस्ताव अब आकार ले रहा है। उन्होंने साझा किया कि यह हमारे समय में लैंगिक न्याय के लिए सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत मानवाधिकारों में सुधार के लिए दुनिया के अन्य हिस्सों में सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने के लिए तैयार है जो एक चालू परियोजना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनियाभर के मानवाधिकार संस्थानों और हितधारकों के साथ विचार-विमर्श और परामर्श के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहमति विकसित करने में एशिया प्रशांत क्षेत्र फोरम की बड़ी भूमिका है।

# सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की भी उम्र तय हो : कर्नाटक हाईकोर्ट

### बच्चे इसके इतने आदी हो गए हैं कि इसमें एक आयु सीमा होनी चाहिए

**आरएनएम। नई दिल्ली**

कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस नरेंद्र ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए उम्र को लेकर कहा कि केंद्र सरकार को देश में सोशल मीडिया के उपयोग के लिए आयु सीमा तय करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं। ऐसे में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने की उम्र तय होना वरदान साबित होगा। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस नरेंद्र ने मौखिक रूप से कहा, सरकार को सोशल मीडिया के इस्तेमाल के लिए एक आयु सीमा लाने पर विचार करना चाहिए। जब कोई यूजर रजिस्ट्रेशन करेगा तो उसे कुछ जानकारी देनी होगी, ठीक उसी तरह जैसे ऑनलाइन गेमिंग में होता है, जहां एक उचित आयु सीमा से कम व्यक्ति शामिल नहीं हो सकता है। आप इसे यहां भी क्यों नहीं बढ़ाते ? यह एक वरदान होगा।

यह मामला तब सामने आया जब केंद्र सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि कानून में अब कुछ ऑनलाइन गेम तक पहुंचने से पहले उपयोगकर्ता के पास आधार और अन्य दस्तावेज होना आवश्यक है। अदालत ने तब पूछा कि ऐसी चीजों को सोशल मीडिया तक भी क्यों नहीं बढ़ाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह सही होगा कि शराब पीने की कानूनी उम्र की तरह सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की भी उम्र तय कर दी जानी चाहिए। जस्टिस जी नरेंद्र ने कहा, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाएं। मैं आपको बताऊंगा कि बहुत कुछ अच्छा होगा। आज के स्कूल जाने वाले बच्चे इसके आदी हो गए हैं। मुझे लगता है कि आबकारी नियमों की तरह इसकी भी एक उम्र सीमा तय होनी चाहिए। जस्टिस नरेंद्र ने आगे कहा, आज स्कूल जाने वाले बच्चे इसके इतने आदी हो गए हैं। मुझे लगता है कि इसमें एक आयु सीमा होनी चाहिए, जैसे कि कस्टम नियमों में है। बच्चे 17 या 18 साल के हो सकते हैं, लेकिन क्या उनमें यह निर्णय लेने की परिपक्वता है कि देश के हित में क्या है और क्या नहीं? केवल सोशल मीडिया पर ही नहीं, इंटरनेट पर भी ऐसी चीजें हटा देनी चाहिए, जो दिमाग को भ्रष्ट करती हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट में दो न्यायाधीशों की बेंच कुछ सोशल मीडिया अकाउंट और ट्वीट्स को ब्लॉक करने के केंद्र के आदेश को दी गई चुनौती को खारिज करने के खिलाफ (ट्विटर) की अपील पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस जी नरेंद्र और जस्टिस विजय कुमार ए पाटिल की बेंच ने ये बातें, दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहीं। अदालत ने पहले केंद्र सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया कंपनी की याचिका खारिज कर दी थी और आदेशों का पालन नहीं करने पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

### राजस्थान में चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

# पीएम, खड़गे व राहुल की होंगी जनसभाएं

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के सक्रिय होने से चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी है और अगले चार-पांच दिन में राजधानी जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जनसभाएं होने वाली हैं वहीं जेजेपी की सीकर में बड़ी रैली होगी जबकि आम आदमी पार्टी एवं अन्य दल भी अभियान एवं यात्रा के माध्यम से जनता का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास करेंगे।

राजस्थान में विस चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रदेश में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाल रही है और गत दो से पांच सितंबर तक लगातार चारों दिशाओं में अलग अलग स्थानों से चार परिवर्तन यात्राओं को रवाना किया गया और अब इनका समापन 19 से 22 सितंबर के बीच हो रहा है। इन चारों यात्राओं के समापन पर मुख्य कार्यक्रम 25 सितंबर को जयपुर में रखा गया जिसमें मोदी शरीक होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी के अनुसार इस अवसर पर मोदी की जयपुर के सूरजपुरा (वाटिका) में जनसभा होगी जहां भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों से लेकर बूथ अध्यक्ष तक के कार्यकर्ता भाग लेंगे और एक विशाल जनसभा होगी जिसमें पार्टी के सभी नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि चुनाव के मद्देनजर मोदी का ध्यान राजस्थान पर पिछले कई महीनों से है और वे पिछले करीब एक साल में गत वर्ष सितंबर से अब तक प्रदेश के आठ दौरे कर चुके हैं। उन्होंने इस दौरान सिरोही जिले के आबू रोड, बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, भीलवाड़ा, दौसा, नाथद्वारा और आबू रोड, अजमेर, बीकानेर एवं सीकर में जनसभाएं की हैं। इसी तरह कांग्रेस के कई शीर्ष नेता भी कई बार राजस्थान का दौरा कर चुके हैं और 23 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस के नवीन भवन के शिलान्यास के अवसर पर खड़गे और राहुल गांधी का दौरा फिर से हैं और वे इस दौरान नए भवन का शिलान्यास करेंगे।

### लोकसभा के साथ विधानसभा सभा में आरक्षण का मामला

# एससी/एसटी आरक्षण पर सुनवाई 21 नवंबर को

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति (एससी) व अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों को मिले आरक्षण को संविधान में दी गई 10 साल की मियाद से आगे बढ़ाने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 21 नवंबर को सुनवाई की तारीख दे दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की संविधान बेंच ने कहा कि वह 104वें संविधान संशोधन अधिनियम की वैधता पर सुनवाई करेगी। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एससी व एसटी समुदायों के लिए आरक्षण अगले 10 के लिए बढ़ाया गया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह पिछले संशोधनों के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को विस्तार दिए जाने की वैधता पर विचार नहीं करेगी। डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संवैधानिक बेंच में जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

बेंच ने कहा कि एंग्लो इंडियन का आरक्षण संविधान के लागू होने के 70 वर्ष पूरे होने के बाद समाप्त हो चुका है, इसलिए 104वें संशोधन की वैधता एससी और एसटी समुदायों पर लागू होने तक ही सीमित होनी चाहिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सीए सुंदरम ने कहा कि मुद्दा ये है कि क्या आरक्षण की अवधि बढ़ाने वाले संवैधानिक संशोधनों से संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन हुआ है। संविधान के अनुच्छेद 334 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों के आरक्षण और मनोनयन के जरिये एंग्लो इंडियन समुदाय के विशेष प्रतिनिधित्व का विशेष प्रावधान एक निश्चित अवधि के बाद समाप्त हो जाएगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने संसद व राज्य विधानसभाओं में एससी/एसटी समुदायों को आरक्षण प्रदान करने वाले 79वें संविधान संशोधन अधिनियम 1999 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दो सितंबर 2003 को मामले को पांच न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था।

# भारतीय स्वच्छता लीग 2.0 में 4000 से अधिक शहरों की टीमें शामिल हुईं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय स्वच्छता लीग (आईएसएल) के दूसरे संस्करण में 4000 से अधिक शहरों की भागीदारी के साथ स्वच्छ भारत मिशन-शहरी को नई गति मिली है। आईएसएल स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए शहरों के बीच युवाओं के नेतृत्व वाली एक अनूठी पहल है। आईएसएल के भाग के रूप में, अलग-अलग शहर की टीमें स्वच्छता चैंपियन के रूप में समुद्रतटों, पर्यटन स्थलों और पहाड़ियों की उत्साहपूर्वक सफाई कर रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) के तहत 2022 में आईएसएल का उद्घाटन संस्करण आज एक बड़ी सफलता साबित हुआ। शहरों को कचरा मुक्त बनाने के लिए इस अभियान में पचास हजार स्वयंसेवक शामिल हुए हैं। स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा 2023 का आयोजन 15 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच किया जा रहा है। 2 अक्टूबर का यह दिन महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी) के रूप में मनाया जाता है। आईएसएल, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और स्वच्छता दिवस इस स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई के अलग-अलग अभियान हैं। आईएसएल 2.0 के लिए शहरों ने सिटी टीम के दिलचस्प नाम चुने हैं। इसके लिए टीम के कप्तानों और राजदूतों के जो नाम चुने गए उनमें शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, प्लॉगमैन रिपुदमन बेवली, पेडलर स्वस्तिका घोष, रामवीर तंवर, डिफेंडिंग चैंपियन चंडीगढ़ चैलेंजर्स, हुनसूर हीरोज, विक्टमसिंगापुरम, डांडेली स्वच्छता वॉरियर्स, कुश्तगी चैंपियंस और अर्सिकेरे आर्मी शामिल हैं। ये पंजीकरण कराने वाली पहली टीमों में से थी। स्वच्छता के लिए जन आंदोलन और आईएसएल 2.0 की थीम पर शहरों में प्रभावी स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं और सुंदर भित्ति चित्र स्थापित किए गए। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की मानव श्रृंखलाएं भी बनाई गईं।

### असम-नागालैंड सीमा पर सड़क दुर्घटना में दस लोगों की मौत

**गुवाहाटी।** असम-नागालैंड सीमा क्षेत्र के मारियानी इलाके में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम के जोरहाट जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक वाहन कोहिमा से मरियानी आ रहा था जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों वाहन गहरी खाई में गिर गए। ट्रक के ड्राइवर और उसके सहायक की हालत गंभीर है। अधिकारी ने कहा, दुर्घटना नागालैंड की ओर हुई। भारी बारिश हो रही थी और शायद कम दृश्यता के कारण दोनों वाहन 200 मीटर गहरी खाई में गिर गए। इस बीच, पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और बचाव अभियान जारी है।

# एस. जयशंकर ने कनाडा मुद्दे पर प्रधानमंत्री को दी जानकारी : सूत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच राजनयिक गतिरोध के मद्देनजर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पीएम मोदी को घटनाक्रम से अवगत कराया है। सूत्रों के मुताबिक, जयशंकर ने संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री से मुलाकात की और समझा जाता है कि उन्होंने उन्हें कनाडा से जुड़े घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध तब सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए जब 18 सितंबर को कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने अपनी संसद में आरोप लगाया था कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां? भारत सरकार के एजेंटों और जून में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तान टाइगर फोर्स प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों की जाचं सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने उसी दिन कहा था कि एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया गया है। भारत ने मंगलवार को कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित करते हुए टूडो के आरोपों को 'बेतुका और प्रेरित' बताया था। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त (कैमरून मैके) को मंगलवार (19 सितंबर) को समन कर भारत सरकार ने वर्तमान में देश में तैनात एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के अपने फैसले से अवगत कराया।

**पहल** वायु सेना की हथियार प्रणाली शाखा को पहली बार सरकार से मिली मंजूरी

# 133 महिला अग्निवीर ले रहीं ट्रेनिंग

### अतिरिक्त रक्षा अताशे के रूप में तैनात होंगे वायु सेना अधिकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि देश की आजादी के बाद पहली बार भारतीय वायुसेना की हथियार प्रणाली शाखा (वेपन सिस्टम ब्रांच) को सरकार से मंजूरी मिल गई है। अब भारतीय वायु सेना आर्मेनिया, स्पेन और आइवरी कोस्ट में अतिरिक्त रक्षा अताशे के रूप में अपने अधिकारियों को तैनात करेगी। इसी तरह अमेरिकी प्रशांत वायु कमान में भी संपर्क अधिकारी के रूप में वायु सेना का एक प्रतिनिधि तैनात किया जाएगा।



वायु सेना प्रमुख चौधरी बुधवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि सरकार से पहली बार वायु सेना को अपनी हथियार प्रणाली शाखा की स्थापना करने के लिए मंजूरी मिली है। इस शाखा में शामिल होने को लेकर उम्मीदवारों के चयन के लिए कुछ सप्ताह पहले एएफसीएटी परीक्षा आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि लगभग 33 अधिकारियों का पहला बैच अगले साल की शुरूआत में अकादमी में शामिल होगा और अगले साल के अंत में हथियार प्रणाली के रूप में कमीशन प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि इस समय 155 महिला अग्निवीर बेलगाम (कर्नाटक) के भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रही हैं।

### क्या है वेपन सिस्टम ब्रांच?

**वायुसेना** में अभी तक तीन ब्रांच का परिचालन होता है, जिनमें फ्लाइंग ब्रांच, टेक्निकल ब्रांच और ग्राउंड ड्यूटीज ब्रांच हैं। आजादी के बाद पहली बार वायुसेना में चौथी एवं एक नई परिचालन हथियार प्रणाली शाखा का गठन किया जा रहा है। यह ब्रांच विमानों में हथियार प्रणाली का संचालन करेगी। इस ब्रांच की चार सब स्ट्रीम बनाई गई हैं, जो फ्लाइंग, रिमोट, इंटेलिजेंस व सरफेस हैं। वेपन सिस्टम ब्रांच की फ्लाइंग स्ट्रीम ट्विन-सीट या मल्टी-क्रू एयरक्राफ्ट में सिस्टम ऑपरेटर शामिल होंगे। रिमोट स्ट्रीम पायलट रहित विमानों व ड्रोन के लिए होगा। इंटेलिजेंस सब-स्ट्रीम में इमेज खुफिया जानकारियों का विश्लेषण, इंफॉर्मेशन वारफेयर स्पेशलिस्ट और रिमोट-पायलट एयरक्राफ्ट और स्पेस-बेस्ड सिस्टम के लिए सिग्नल इंटेलिजेंस ऑपरेटर शामिल होंगे। इसी तरह सरफेस स्ट्रीम सतह से हवा में लक्षित हथियारों और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के लिए कमांडरों और ऑपरेटरों को नियुक्त करेंगी।

## FILMY हलचल

### अभिनेता गोविंदा ने किया खुलासा, पिछले साल छोड़ा था 100 करोड़ का प्रोजेक्ट



**गोविंदा** 90 के दशक के लोकप्रिय अभिनेता के रूप में जाने जाते हैं। एक समय सुपरहिट फिल्में देने वाले इस अभिनेता ने पिछले कई सालों से बॉलीवुड से दूरी बना ली है। गोविंदा ने हाल ही में गणेश चतुर्थी के मौके पर पैपराजी से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि पिछले साल उनका करीब 100 करोड़ का प्रोजेक्ट रिजेक्ट हो गया था। गोविंदा अपने परिवार के साथ गणेश चतुर्थी मना रहे हैं। उन्होंने पैपराजी से बातचीत में कहा, मैं हर काम बहुत सोच समझकर चुनता हूं। मैं किसी भी ऑफर को हल्के में नहीं लेता। मेरे इस स्वभाव के कारण कई लोग सोचते हैं कि मुझे काम नहीं मिल पाएगा, लेकिन यह बिल्कुल गलत है। मुझे सचमुच बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त है। मैंने पिछले साल 100 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट छोड़ दिया था, क्योंकि जो काम मुझे सही लगता है, मैं उसे स्वीकार कर लेता हूं। गोविंदा ने फिर मजाक में कहा कि मैं शीशे के सामने खड़े होकर खुद को थप्पड़ मार रहा था। वे मुझे पहले ही बहुत सारा भुगतान करने को तैयार थे। मैं ऐसी भूमिकाएं निभाना चाहता हूं जो मेरे दिल के अनुकूल हों और एक निश्चित स्तर की हों।

### 'खालिस्तान' के समर्थन की खबर के बाद रैपर शुभ का 'स्टिल रोलिन इंडिया टूर' रद्द



**कनाडाई** रैपर शुभ (शुभनीत सिंह) खालिस्तान के कथित समर्थन के बाद मुसीबत में फंस गए हैं, जिसके कारण भारत में उनका 'स्टिल रोलिन' दौरा रद्द हो गया है। टिकट बुकिंग एप्लिकेशन बुक माय शो ने एक्स पर घोषणा की कि पंजाब में जन्मे 26 वर्षीय कनाडाई रैपर का मल्टी-सिटी 'स्टिल रोलिन इंडिया टूर' रद्द कर दिया गया है। बुक माय शो ने 7-10 दिनों के भीतर टिकटों का पूरा रिफंड देने का भी वादा किया। पोस्ट में लिखा, "भारत में होने वाला स्टिल रोलिन टूर रद्द कर दिया गया है। इसके लिए, बुक माय शो ने उन सभी कंज्यूमर्स के लिए टिकट अमाउंट रिफंड करना शुरू कर दिया है, जिन्होंने शो के लिए टिकट खरीदे थे।" रिफंड कस्टमर के ऑरिजनल ट्रांजैक्शन के सोर्स अकाउंट में 7-10 वर्किंग डे के भीतर दिखाई देगा।